सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
02.01.2026
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 13 । अंक : 170 | 12



नये साल पर मस्ती से पहले भक्ति

## न्यूज डायरी

### स्विट्जरलैंड में न्यू ईयर पार्टी में ब्लास्ट, दर्जनों मौत

**बर्न।** स्विट्जरलैंड के क्रांस मोंटाना शहर के 'अल्पाइन स्की रिसॉर्ट' में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान विस्फोट में 40 लोगों के मारे जाने की सूचना है। विस्फोट में 100 से ज्यादा घायल भी हुए हैं जिसमें कई देशों के नागरिक भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार विस्फोट रिसॉर्ट के कॉन्स्टेलेशन बार में हुआ।

### 15 अगस्त 2027 से दौड़ेगी पहली बुलेट ट्रेन

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड परियोजना के पहले चरण में पहली बुलेट ट्रेन सबसे पहले 15 अगस्त 2027 को गुजरात के नवसारी जिले में बिलिमोरा से सूरत के बीच चलेगी। इसके बाद वापी से सूरत, वापी से अहमदाबाद, ठाणे से अहमदाबाद एवं आखिर में मुंबई से अहमदाबाद के बीच शुरू होगा।

### जेल से कैदी फरार मामले में दो कर्मी सस्पेंड

**हजारीबाग।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा से तीन कैदियों के फरार होने की घटना के 24 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। इस मामले में जेल प्रशासन ने प्रारंभिक जांच के बाद जेल के दो हेड वार्डन हरेंद्र महतो और उमेश सिंह को गुरुवार को देर शाम सस्पेंड कर दिया।

### खेलगांव में कल जुटेंगे देशभर के न्यायाधीश

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय की ओर से तीन जनवरी से खेलगांव के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय सेकेंड ऑल इंडिया जज बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न 9 उच्च न्यायालयों के 30 से ज्यादा न्यायाधीश भाग लेंगे। प्रतियोगिता चार श्रेणियों में होगी। मेन सिंगल, मेन डबल्स, वूमेन सिंगल्स और मिक्स्ड डबल्स में न्यायाधीश खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

## कार्टून कोना




### खरसावां गोलीकांड के 78वें शहादत दिवस पर सीएम ने दी श्रद्धांजलि, कहा

# शहीदों के वंशज को सम्मानित करने के लिए गठित होगा विशेष आयोग

▶▶ खरसावां गोलीकांड का 78वां शहादत दिवस

■ हम लड़े हैं, तभी बचे हैं, हमारे वीर सपूतों ने कभी हार नहीं मानी, आदिवासियों की अस्मिता के रक्षक दिशोम गुरु बाबा शिबू सोरेन को विनम्र नमन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि खरसावां के वीर शहीदों के वंशजों की पहचान कर उन्हें सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एक विशेष आयोग का गठन किया जायेगा। इसमें रिटायर्ड जज, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को शामिल किया जायेगा। श्री सोरेन गुरुवार को खरसावां गोलीकांड के 78वें शहादत दिवस पर खरसावां स्थित शहीद पार्क में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की मिट्टी शहादत की गाथाओं से भरी है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहीद स्मारक तथा वीर शहीद केरसे मुंडा चौक स्थित शहीद स्मृति-चिह्न पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अनगिनत लोगों ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा आदिवासी अस्मिता के लिए अपनी जानें न्योछावर कीं। हम लड़े हैं, तभी बचे हैं। हमारे वीर सपूतों ने कभी हार नहीं मानी। श्री सोरेन ने राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि आयोग सभी दस्तावेजों, ऐतिहासिक अभिलेखों और स्थानीय परंपराओं के आधार पर शहीद परिवारों की पहचान करेगा। इसका उद्देश्य उन परिवारों को उचित सम्मान, मान्यता और आर्थिक सहायता सुनिश्चित करना है। जिन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर किया।

### इतिहास संरक्षण अभियान से संघर्ष की मिलेगी जानकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी शहीद परिवारों की पहचान कर समारोह पूर्वक सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल श्रद्धांजलि मात्र नहीं, बल्कि एक इतिहास संरक्षण अभियान है। इस अभियान से युवा पीढ़ी को अपने पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान की जानकारी मिलेगी। खरसावां के वीरों के प्रति यह संवेदनशील पहल झारखंड की पहचान को और सशक्त करेगा।

मौके पर मंत्री दीपक बिरुवा, सांसद जोबा मांझी, विधायक दशरथ गगराई, सुखराम उरांव, सविता महतो, जगत मांझी तथा पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पेसा कानून से सशक्त होगा ग्राम स्वराज

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पेसा नियमावली को लागू कर दिया है। इससे अब ग्रामसभा और ग्राम पंचायतों के माध्यम से ग्रामीणों को उनके अधिकार प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि यह कानून हमारे जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा का आधार है। इसके माध्यम से ग्रामीण अपने संसाधनों पर स्वयं निर्णय ले सकेंगे और स्वशासन की भावना सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य को बने 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत छात्र 15 लाख रुपये तक का ऋण 4 प्रतिशत ब्याज दर पर लेकर पढ़ाई कर सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को महिला सशक्तिकरण की मिसाल बताते हुए कहा कि इससे राज्य की बेटियां शिक्षित, आत्मनिर्भर और समाज में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं से शहीदों के आदर्शों पर चलकर झारखंड के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

**हमारे पथ प्रदर्शक बाबा शिबू सोरेन को विनम्र नमन** : मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बीच झारखंड आंदोलन के दिशा-निर्देशक, पथ प्रदर्शक गुरुजी शिबू सोरेन नहीं हैं। हमने एक ऐसा वृक्ष खो दिया जिसकी छांव में राज्य के आदिवासियों और मूलवासी समाज ने अपना मार्ग पाया। उन्होंने कहा कि झारखंड के हर आंदोलनकारी, हर आदिवासी, हर ग्रामीण के दिल में गुरुजी का स्थान अमिट है। उन्होंने झारखंड की राजनीति में मानवीयता, सरलता और संघर्षशीलता की मिसाल कायम की।

## पूजा-पाठ से हुआ नववर्ष का स्वागत



### झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प है नव वर्ष : कल्पना सोरेन

■ समानता, सामाजिक न्याय और आत्मनिर्भरता वाला झारखंड बनाने का किया आवाह्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने नववर्ष 2026 के अवसर पर झारखंडवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि नया वर्ष केवल समय का बदलाव नहीं, बल्कि झारखंड को और अधिक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का एक नया संकल्प है। कल्पना सोरेन ने कहा कि वीर पुरखों के संघर्ष और सपनों से बने झारखंड को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। राज्य का समग्र विकास तभी संभव है, जब समाज के हर वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचे और अंतिम व्यक्ति भी प्रगति की इस यात्रा में सहभागी बने। उन्होंने राज्यवासियों से आवाह्न किया कि सभी मिलकर ऐसा झारखंड बनायें, जहां समानता, सामाजिक न्याय और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी जाए, ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जनकल्याण के क्षेत्रों में मजबूत पहल से ही आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य दिया जा सकता है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि नए वर्ष में सकारात्मक सोच, आपसी सहयोग और सामूहिक प्रयासों से राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा।

### एयर मार्शल नागेश कपूर बने देश के 50वें वायु सेना उप प्रमुख



**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी एयर बेस पर बमबारी करने वाले एयर मार्शल नागेश कपूर को वायु सेना का नया उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। दक्षिण पश्चिमी वायु कमान का नेतृत्व करने वाले इस अधिकारी ने गुरुवार को एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी की जगह पदभार संभाल लिया।

देश के 50वें वायु सेना उप प्रमुख बने एयर मार्शल को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी भूमिका के लिए स्वतंत्रता दिवस 2025 पर सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल, गणतंत्र दिवस 2025 पर परम विशिष्ट सेवा मेडल, 2022 में अति विशिष्ट सेवा मेडल और 2008 में उनकी सेवा के लिए वायु सेना मेडल से सम्मानित किया गया है।

# वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का इसी माह गुवाहाटी-हावड़ा रूट पर शुभारंभ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उद्घाटन इसी माह होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को घोषणा की कि इस माह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुवाहाटी और हावड़ा के बीच इस ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। इस 16 कोच वाली ट्रेन में एसी-3 के 11 कोच, एसी-2 के 4 कोच और एसी-1 के एक कोच होंगे। ट्रेन में कुल 823 यात्रियों की क्षमता होगी। एक एसी-3 कोच में 56, एक एसी-2 में 47 और एसी-1 में 24 यात्री सवार हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि गुवाहाटी से चलने वाली गाड़ी में असमिया भोजन और कोलकाता (हावड़ा) से चलने वाली गाड़ी में बंगाली खाना परोसा जायेगा। खाने के लिए नये स्थानीय वेंडरों को अनुबंधित किया जाएगा। इस ट्रेन में कंबल, चादर तकिये आदि की धुलाई एवं सफाई की तकनीक आधारित विशिष्ट व्यवस्था की गई है।

### एसी-3 में प्रति किमी 2.40 रुपये किराया तय




रेल मंत्री ने कहा कि कोलकाता और गुवाहाटी के बीच एसी-3 का किराया करीब 2300 रुपये (भोजन सहित), एसी-2 का किराया लगभग 3000 रुपये और एसी-1 का किराया 3600 रुपये होगा। उन्होंने कहा कि वंदे भारत स्लीपर का किराया स्थिर रहेगा। इसमें किराया तय करने का नया फामूर्ला तय किया गया है। एसी-3 में प्रति किलोमीटर 2.40 रुपये, एसी2 में 3.10 रुपये और एसी-1 में 3.80 रुपये का किराया होगा।

# झारखंड के लिए सिर्फ बदलाव का नहीं क्रांतिकारी परिवर्तन का वर्ष होगा 2026

सत्येन्द्र

**रांची।** नये साल का आगाज होते ही झारखंड सरकार ने विकसित झारखंड के सपना को पूरा करने के लिए कमर कस ली है। वर्ष 2026 झारखंड के लिए सिर्फ बदलाव का नहीं बल्कि मूल सुविधाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन का वर्ष साबित होगा। नये साल में सरकार ने राज्य के विकास को लेकर जो रोड मैप तैयार किया है, वह देश के अन्य राज्यों के लिए मिसाल होगी। सरकार की मानें तो इस नये साल में परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रमुख क्षेत्रों में प्रस्तावित योजनाएं अब झारखंड की सरजमीं पर उतरती दिखाई देंगी। राजधानी रांची की नयी तस्वीर न केवल स्थानीय लोगों के जीवन आसान बनाएगी, बल्कि अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन को भी नयी गति देगी।

**रेल यात्रियों को तीन नयी ट्रेनों की सौगात** : इस वर्ष रांची को तीन नई ट्रेनों की सौगात मिलने की उम्मीद है। रांची-लखनऊ, रांची-जयपुर और रांची-अहमदाबाद रेल सेवा के प्रस्ताव को केंद्र से सकारात्मक संकेत मिले हैं।

**स्वास्थ्य के क्षेत्र के लिए उपलब्धियों से भरा होगा** : स्वास्थ्य के क्षेत्र में झारखंड 2026 में आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहा है। रांची के कांके में 110 एकड़ भूमि पर रिम्स-टू का निर्माण सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। इस 700 बेड वाले अस्पताल में न्यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी जैसे विशेष विभाग होंगे, जहां जटिल सर्जरी होगी। सदर अस्पताल में पहली बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट, ब्लड कैंसर और थैलेसीमिया के मरीजों के लिए वरदान साबित होगी। ब्राम्बे में पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी चिकित्सा संस्थानों की निगरानी और शोध का मंच होगी।

### आउटर रिंग रोड और फ्लाईओवर का प्रारूप तैयार



रांची में ट्रैफिक जाम की समास्या के समाधान के लिए सरकार अब फ्लाईओवर और आउटर रिंग रोड का प्रारूप तैयार कर चुकी है। सरकार ने आउटर रिंग रोड परियोजना को पूरा करने के लिए करीब 6000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस योजना के पूरा होते ही भारी वाहनों को शहर के बाहर से ही डायवर्ट कर दिया जाएगा। वहीं शहर में करमटोली, अरगोड़ा और हरमू जैसे प्रमुख चौराहों पर फ्लाईओवरों का जाल बिछ रहा है।

**मेट्रो प्रोजेक्ट को केंद्र सरकार ने दी है सैद्धांतिक सहमति** : मेट्रो प्रोजेक्ट को केंद्र सरकार से मिली सैद्धांतिक सहमति ने इसे धरातल पर उतारने की राह साफ कर दी है। प्रस्तावित रूट को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह शहर के सबसे व्यस्त इलाकों जैसे मेन रोड, डोरंडा और हटिया को जोड़ते हुए स्मार्ट सिटी और रिंग रोड तक पहुंचेगा। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में रांची एक बड़े केंद्र के रूप में उभर रहा है। राजधानी में आईआईटी की स्थापना के लिए राज्य सरकार ने केंद्र से वार्ता तेज कर दी है। नेतरहाट आवासीय विद्यालय में छात्राओं के नामांकन का फैसला महिला सशक्तिकरण में मील का पत्थर है।



# सीएम ने सांसद एवं अफसरों को दी नव वर्ष की बधाई

## सांसद महुआ माजी, अपर मुख्य सचिव वंदना डाडेल समेत अन्य अधिकारी सीएम से मिले






**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में राज्य सभा सांसद महुआ माजी, अपर मुख्य सचिव गृहए कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, अपर मुख्य सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मस्त राम मीणा, राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, सदस्य राजस्व पर्षद राजीव रंजन, अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छवि रंजन, प्रबंध निदेशक जियाडा वरुण रंजन, निदेशक नगरीय प्रशासक नैंसी सहाय, विशेष सचिव राजीव रंजन, आईजी एसटीएफ अनूप बिरथरे, डीसी मंजुनाथ भजंत्री एवं एसएसपी राकेश रंजन ने मुलाकात की।

**● मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुये उनके मंगलमय जीवन की कामना की**

मुख्यमंत्री को सभी ने नववर्ष 2026 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुये उनके मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समस्त झारखण्ड वासियों को नूतन वर्ष 2026 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी तथा ईश्वर से राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि, प्रगति एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि सभी की सहभागिता से ही झारखंड अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शुमार होगा। राज्य के सर्वांगीण विकास में सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता एवं प्रभावी कार्य संस्कृति के साथ हमारी सरकार विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है।

# आईपीएस अफसरों के बड़े स्तर पर प्रमोशन और तबादले

## आईपीएस कौशल किशोर पलामू और अंजनी कुमार बने हजारीबाग डीआईजी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नये साल के मौके पर झारखंड सरकार ने आईपीएस अफसरों के बड़े स्तर पर प्रमोशन और तबादले किये हैं। जिसमें कई वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। तबादले को लेकर गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है।

मनोज कौशिक (आईपीएस, 2001) को पुलिस महानिरीक्षक, रांची से प्रमोट कर अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। उन्हें अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड, रांची पदस्थापित किया गया है। साथ ही वे आईजी, रांची का प्रभार भी संभालते रहेंगे।

अजय लिंडा (आईपीएस, 2008) को डीआईजी, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा से प्रमोट कर पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। उन्हें आईजी, अपराध अनुसंधान विभाग, रांची की जिम्मेदारी दी गई है।

कौशल किशोर (आईपीएस, 2012) को पलामू डीआईजी पलामू बनाया गया है। अंजनी



कुमार झा (आईपीएस, 2012), डीआईजी हजारीबाग बनाया गया है। मो. अर्शी (आईपीएस, 2012) डीआईजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा, रांची बनाया गया है। आनंद प्रकाश (आईपीएस, 2012) को पुलिस उप-महानिरीक्षक को डीआईजी बोकारो के रूप में पदस्थापित किया गया है। नौशाद आलम अंसारी (आईपीएस, 2010), जो पदस्थापन की प्रतीक्षा में थे, उन्हें डीआईजी, विशेष शाखा, झारखंड, रांची बनाया गया है।

श्रीकांत सुरेश राव खोत्रे (आईपीएस, 2015) को राज्यपाल के परिसहाय (पुलिस) लोक भवन से हटाकर सिमडेगा जिले का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। कैलाश करमाली (आईपीएस, 2017) को एसपी



रेल, धनबाद से स्थानांतरित कर समादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी, रांची पदस्थापित किया गया है।

आईपीएस निखिल राय (आईपीएस, 2023) और श्रुति (आईपीएस, 2023) को प्रशिक्षणोपरांत सहायक पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, झारखंड, रांची के पद पर तैनात किया गया है। नवनियुक्त आईपीएस अविनाश कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक, झा.स.पु.-02 टाटीसिलवे, रांची से हटाकर समादेष्टा, झा.स.पु.-07, हजारीबाग बनाया गया है। आईपीएस दीपक कुमार को प्रभारी समादेष्टा झा.स.पु.-05, देवघर से नियमित रूप से समादेष्टा, झा.स.पु.-05, देवघर के पद पर पदस्थापित किया गया है। मजरूल होदा को पुलिस उपाधीक्षक, झा.स.पु.-08 लेस्लीगंज से हटाकर उप-निदेशक, झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग बनाया गया है। राजेश कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक, झारखंड जगुआर (एसटीएफ), रांची से समादेष्टा, झा.स.पु.-06, जमशेदपुर पदस्थापित किया गया है।

रोशन गुड़िया को अपर पुलिस अधीक्षक, झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग से पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड, रांची की जिम्मेदारी दी गई है। श्रीराम शमद को अपर पुलिस अधीक्षक, उउफ, रांची से पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रांची बनाया गया है।

**क्या है अधिसूचना में**

प्रोन्नत अधिकारियों की पदोन्नति 1 जनवरी 2026 से या प्रोन्नत पद पर योगदान की तिथि, जो बाद में हो, से प्रभावी मानी जायेगी। जिन अधिकारियों के स्थान पर दूसरे अधिकारियों की पोस्टिंग हो गई है और उनका नया पदस्थापन अधिसूचना में नहीं है, उन्हें पुलिस मुख्यालय, झारखंड, रांची में योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

# नये साल की शुरूआत में महंगाई की मार, कमर्शियल गैस सिलेंडर महंगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** साल 2026 की शुरूआत के साथ ही महंगाई ने लोगों को झटका दिया है। एक जनवरी 2026 से सरकार ने एलपी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की है। हालांकि राहत की बात यह है कि यह बढ़ोतरी केवल 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर में की गई है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (14.2 किलो) के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। तेल कंपनियों ने बताया कि अन्य बड़े शहरों में भी कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में इसी तरह की बढ़ोतरी की गई है। वहीं घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 8 अप्रैल 2025 के बाद से स्थिर बने हुए हैं।

तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में करीब 111 रुपये की बढ़ोतरी की है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के अनुसार, दिल्ली में अब 19 किलो का कमर्शियल सिलेंडर 1,691।50 रुपये में मिलेगा। दिसंबर 2025 में इसकी कीमत 1,580।50 रुपये थी। इससे पहले नवंबर और दिसंबर में कमर्शियल सिलेंडर के दामों में मामूली कटौती की गई थी। कमर्शियल सिलेंडर का इस्तेमाल होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में होता है, ऐसे में दाम बढ़ने से खाने-पीने के कारोबार पर असर पड़ सकता है।

# राज्यपाल से नव वर्ष पर मिले कई अधिकारी

**● डीसी-एसएसपी ने भी मिलकर दी नववर्ष की शुभकामनाएं**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को नये साल के मौके पर में झारखंड राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने भेंट की तथा नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, झारखंड लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ जमाल अहमद, रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी राकेश रंजन ने भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने भी राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी, अपने प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी, जेपीएससी मेंबर डॉ जमाल अहमद, रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी राकेश रंजन को को भी नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की।

डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी राकेश रंजन ने राज्यपाल से मिलकर उन्हें नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने भी डीसी और एसएसपी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि नए साल में रांची में प्रशासनिक व्यवस्था और कानून-व्यवस्था और भी सुदृढ़ होगी, जिससे जिले के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और सुरक्षित माहौल मिल सकेगा।

# अब, रोजाना पांच लाख लीटर दूध खरीदेगा जेएमएफ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड (जेएमएफ) अब रोजाना पांच लाख लीटर दूध खरीदेगा। दुग्द खरीद को लेकर जेएमएफ ने लक्ष्य तय कर लिया है। वर्तमान में राज्य के सभी 24 जिलों से प्रतिदिन 2.50 लाख लीटर दूध की खरीद की जा रही है। इससे राज्य में लगभग 70,000 ग्रामीण परिवारों को आजीविका का एक वैकल्पिक साधन भी उपलब्ध कराया गया है। बताते चलें कि 2016 में एनडीडीबी ने झारखंड मिल्क फेडरेशन के लिए रांची के होटवार में एक लाख लीटर क्षमता वाले अत्याधुनिक डेयरी संयंत्र बनाने में सहयोग किया था। फिलहाल झारखंड में 6 अत्याधुनिक डेयरी संयंत्र हैं।

**क्या है उद्देश्य :** इसका उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में डेयरी को आजीविका के स्रोत के रूप में बढ़ावा देना है। साथ ही झारखंड को दूध और दूध उत्पादों में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है। वहीं इस दूध की गुणवत्ता में सुधार के लिए मेधा डेयरी के पशु आहार संयंत्र के लिए कैल्साइट पाउडर, नमक और विटामिन ई की खरीद की जाएगी। इसके लिए आयोडाइज नमक 40 हजार किलोग्राम, कैलिशियम पाउडर 60 मिट्रिक टन और विटामिन ई-175 किलोग्राम की खरीद की जाएगी।

# वैश्य मोर्चा ने की झंडा लगाओ अभियान की शुरूआत

**● पीला झंडा वैश्य समाज की शान है : महेश्वर साहु**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने एक जनवरी से झंडा लगाओ अभियान की शुरूआत कर दी है। सुबह से ही वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारियों, सदस्यों और जिलाध्यक्षों ने अपने-अपने घरों के ऊपर झंडा लगाना शुरू किया। केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु (भुरकुंडा), कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु (कांके), केंद्रीय उपाध्यक्ष दिनेश्वर मंडल (चिदरी), प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार (गोला), उप-प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता (ओरमांझी), केंद्रीय सदस्य जे.पी. अग्रवाल (भुरकुंडा), हरिदास साव (पतरातू), मुकेशलाल सिंदूरिया (भुरकुंडा), कुणाल प्रसाद (लोहरदगा), बोकारो जिलाध्यक्ष बोधन साव, उपाध्यक्ष सहदेव मंडल (बरई, गोमिया), युवा मोर्चा के सचिव आदित्य पोद्दार (सुकुरहुप्तू), छात्र मोर्चा के सचिव मनोज चौरसिया (गुमला), सुबोध कुमार (टंडवा) आदि ने अपने-अपने घरों के ऊपर वैश्य मोर्चा का झंडा लगा कर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया।

इस अवसर पर वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि पीला झंडा वैश्य समाज की शान और पहचान है। इसी झंडे के नीचे वैश्य मोर्चा के पदाधिकारियों और सदस्यों को संगठित होकर समाज के मुद्दों पर संघर्ष और अभियान जारी रखना है, अपने हक-अधिकार और स्वाभिमान की रक्षा करना है।

# मिस्सा बलिदान व प्रभु भोज के साथ ईसाई समुदाय का नया साल शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ईसाई समुदाय ने नया साल का स्वागत मिस्सा बलिदान और प्रभु भोज से शुरू किया। इस दौरान विश्वासियों ने जीईएल चर्च, सीएनआई और रोमन कैथोलिक चर्चों में अलग-अलग समय पर प्रभु यीशु खीस्त का गुनगान किया।

पुरूलिया रोड स्थित संत मारिया महागिरजाघर में तीन बार मिस्सा बलिदान हुआ। जो सुबह 6 बजे से शुरू होकर दोपहर तक चला। इस दौरान पुरोहित आनंद डेविड खलखो, फादर नीलम तिडु, फादर जॉर्ज, फादर प्रफुल टोप्पो, फादर अजीत खेस, फादर रोशन टोप्पो शामिल थे। वहीं, बहुबाजार स्थित सीएनआई चर्च में पुरोहित जोलजस कुजूर और रेव्ह डेविड ने नव वर्ष का स्वागत मिस्सा से शुरू किया। इस दौरान जे भेंगरा, विकास कुजुर, यूजे सांगा समेत पुरोहित मौजूद थे।



इस दौरान रेव्ह विकास कुजुर ने कहा कि नया साल को उत्साह, उमंग और जोश के साथ के मनाए। 2026 यह वर्ष लोगों में नये उमंग लाकर आया है। इसे खुशहाली और शांति से मनाए। परमेश्वर यीशु खीस्त हमारे जीवन के साथ आशिष लेकर आया है। नये जीवन में परमेश्वर के संगत से इस संसार और देश को उन्नति मिले। यीशु खीस्त के सामने शांति और उन्नति के लिए प्रार्थना करें। ताकि सभ्य समाज उन्नति कर सके। लोग आनंद, कुशल और शांति से अपना जीवन यापन करे। 2026 में युवा अपने करियर के प्रति गंभीर रहे. हताश न हो इसके लिए कड़ी ईमानदारीपूर्वक मेहनत करे।

# तख्त हरमंदिर साहिब पटना के रागी जत्था ने शबद गायन कर साध संगत को निहाल किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** नववर्ष पर गुरु नानक सत्संग सभा की ओर से गुरुवार को कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब में सुबह 9:00 बजे से विशेष दीवान सजाया गया। समागम के लिए विशेष रूप से पधारे सिख पंथ के प्रसिद्ध रागी जत्था भाई हरजीत सिंह, तख्त श्री पटना साहिब वाले ने आगे सुख मेरे मीता पाछे आनंद प्रभ कीता... जैसे शबद गायन कर संगत को निहाल किया और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के संदेश मानस की जात सबै एक पहचानिबो' को ईमानदारी से अपने जीवन में उतारने को कहा। श्री अनंद साहिब जी के पाठ, गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह द्वारा अरदास एवं हुक्मनामा पढ़े जाने के साथ दीवान की समाप्ति हुई। सत्संग सभा के अध्यक्ष अर्जुन देव मिड्ढा एवं सचिव सुरेश मिढा ने भाई हरजीत सिंह एवं साथियों को गुरु घर का सरोपा ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंच संचालन मनीष मिड्ढा ने किया। समाप्ति पर साध संगत के बीच कढ़ाह प्रसाद का वितरण किया गया।

गुरुनानक सत्संग सभा के अध्यक्ष अर्जुन देव मिढ़ा ने समूह साध संगत को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए इसी तरह गुरु घर की सेवा करते रहने को कहा। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि हर वर्ष कृष्णा नगर कॉलोनी से पटना में शामिल होने गए श्रद्धालुओं के रांची लौटने के बाद श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर उपलक्ष्य में दो दिवसीय समागम आयोजित किया जाता है और गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा इस बार तीन और चार जनवरी को दो विशेष दीवान सजाए जाएंगे.। पहला दीवान शनिवार 3 जनवरी को रात 8 बजे से 11:30 बजे तक तथा दूसरा दीवान रविवार 4 जनवरी को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक सजाया जाएगा।

# मनरेगा बनाम जी राम जी को लेकर अब जनता जनार्दन के बीच जाएगी कांग्रेस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नव वर्ष 2026 के आगाज होते ही प्रदेश कांग्रेस अपने आलाकमान के निर्देश पर केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा की जगह विकसित भारत जी राम जी योजना नाम किये जाने को लेकर जनता के बीच जाने की खास रणनीति बनाई है। झारखंड कांग्रेस अपनी इस रणनीति की शुरुआत 05 जनवरी को रांची के बापू वाटिका में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास संकल्प लेकर करेगी। मनरेगा और जी राम जी योजना को लेकर कांग्रेस के नेताओं के तीखे तेवर से यह साफ हो गया है कि नए वर्ष की शुरूआती दिनों में प्रदेश कांग्रेस की ओर से झारखंड की राजनीति के केंद्र में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ही रहने वाला है।

**05 जनवरी को लोकभवन के समक्ष कांग्रेस का प्रदर्शन**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया है कि 05 जनवरी को झारखंड कांग्रेस के राज्यभर के नेता-कार्यकर्ता रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में राष्ट्रपिता की प्रतिमा के सामने मनरेगा को बचाने का संकल्प लेकर 'लोकभवन' मार्च करेंगे। उसके बाद लोकभवन के समक्ष प्रदर्शन करेंगे और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे।

केशव महतो कमलेश कहते हैं कि मनरेगा को बचाने की लड़ाई की शुरूआत इस दिन से होगी। इस दिन से मनरेगा में हुए बदलाव से होने वाले नुकसान को लेकर जनता



के बीच जाने के कार्यक्रम की शुरूआत होगी और सभी जिलों, प्रखंडों और पंचायतों में कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता जाएंगे। कांग्रेसी नेता मजदूरों के बीच जाकर बताएंगे कि कैसे मनरेगा की जगह नई योजना लाकर केंद्र की मोदी सरकार ने आपके 'रोजगार के अधिकार' को कमजोर किया है।

**नाम बदलकर जनता को दिग्भ्रमित कर रही है केंद्र सरकार**

झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि भाजपा की यह आदत रही है कि वह कांग्रेस के समय में जनता को दिए अधिकार को हटाने के लिए भावनात्मक मुद्दे उठाती है और फिर उसकी आड़ में अपने कॉरपोरेट मित्रों के फायदे वाला कानून लाद देती है। उनहोंने कहा कि कांग्रेस जनता को यह बताएगी कि कैसे राज्यों पर अनावश्यक बोझ जी राम जी के द्वारा डाला गया है। उन्होंने बताया कि अब रोजगार आपका अधिकार नहीं, बल्कि केंद्र की सरकार और पंचायत के अधिकारियों पर निर्भर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मजदूर जब कुदाल चलाता है तो मेहनत करते-करते उसके हाथों की रेखाएं घिस जाती हैं, फिर उसका बायोमेट्रिक काम नहीं करेगा और जो मजदूर काम करेंगे, उसे भुगतान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा का नाम बदल कर केंद्र की मोदी सरकार ने साफ कर दिया है कि भाजपा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विरोधी पार्टी है और राज्य की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

वहीं दूसरी ओर बीजेपी ने कांग्रेस के इस कार्यक्रम को यह कहकर नकार दिया है कि कांग्रेस पार्टी विकसित भारत का सपना पूरा होते नहीं देखना चाहती। बीजेपी ने कहा है कि जब-जब केंद्र की मोदी सरकार राष्ट्रहित में कोई बड़ा फैसला लेती है, तब-तब कांग्रेस के नेता बेवजह चिल्लाने लगते हैं। कांग्रेस का लक्ष्य ही है जनता को दिग्भ्रमित करना।

# 11 जिलों का अधिकतम तापमान 20-26 डिग्री व 10 जिलों का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री से नीचे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची का अब तक का अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, गुमला और कांके का सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 11 जिलों का अधिकतम तापमान अब 20 से 26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

वहीं, 10 जिलों का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस से कम रहा। इन जिलों में रांची, डालटनगंज, बोकारो, चाईबासा, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला, पाकुड़ और गुमला शामिल हैं। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि की संभावना जताई है। यह वृद्धि दो से चार डिग्री सेल्सियस तक हो सकती है।

**किस स्थान में कितना रहा अधिकतम और न्यूनतम तापमान**

| स्थान | अधिकतम (डिग्री) | न्यूनतम (डिग्री) |
|---|---|---|
| रांची | 26.1 | 7.9 |
| जमशेदपुर | 24.3 | 10.0 |
| डालटनगंज | 25.7 | 5.7 |
| बोकारो | 22.2 | 7.5.1 |
| चाईबासा | 26.0 | 8.6 |
| खूंटी | 26.0 | 6.3 |
| लोहरदगा | 25.6 | 6.0 |
| लातेहार | 21.0 | 8.3 |
| सरायकेला | 25.5 | 8.2 |
| पाकुड़ | 20.2 | 7.6 |
| गुमला | 24.9 | 4.4 |
| कांके | 21.6 | 4.4 |

**रांची के आस-पास के क्षेत्रों का पूर्वानुमान**

वहीं, रांची के आसपास के क्षेत्रों में दो जनवरी को अधिकतम तापमान 24 और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस, तीन जनवरी को अधिकतम 24 और न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस और चार जनवरी को अधिकतम 23 और न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस और पांच जनवरी को अधिकतम 23 और न्यूनतम तापमान 06 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है।

सुप्रभात
शुक्रवार 02.01.2026
धनबाद, वर्ष 02, अंक 287
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

### भाजपा नेता मणिभूषण सिंह को मातृशोक



सिंदरी। भाजपा नेता मणिभूषण सिंह की माताजी यशोदा देवी (81) का निधन उनके सिंदरी स्थित आरकेवन 72 में बुधवार को हो गया। यशोदा देवी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व बैंक मैनेजर स्व भगवान सिंह की पत्नी थीं। भाजपा नेता मणिभूषण सिंह ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व उनकी माता जी का पैर टूट गया था। उसके इलाज के लिए धनबाद के एशियन जालान अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार को वह घर लौट गई थीं और बुधवार की दोपहर लगभग तीन बजे उनका निधन हो गया। स्व यशोदा देवी अपने पीछे चार पुत्र व एक विवाहिता पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। भाजपा नेता ने बताया कि शुक्रवार को सिंदरी के दामोदर नदी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, बृजेश सिंह, कामेश्वर सिंह, सुनील सिंह, अशोक सिंह, सियाराम सिंह, दीपक कुमार दीपू, परिजन, रिश्तेदार एवं शुभचिंतक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### ग्रामीण एकता मंच ने कुष्ठरोगियों के साथ मनाया नया साल



पुटकी। नए साल के अवसर पर ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह अपने सदस्यों के साथ करकेन्द गांधीग्राम के दिव्यांग कॉलोनी में (कुष्ठरोगियों) के साथ केक काटकर एवं वहाँ वृक्षारोपण कर नववर्ष मनाया।यह मंच की उस सामाजिक सोच को दर्शाता है, जिसमें समाज के सबसे उपेक्षित वर्ग को भी वह अपने परिवार जैसा सम्मान देते हैं। कई वर्षों से संस्था यह कार्य करते आ रहा है। प्रकृति-प्रेमी रंजीत सिंह ने कहा कि सच्चा विकास वही है जिसमें इंसान के साथ-साथ पर्यावरण की भी रक्षा हो। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश भारती, अनिल शर्मा,प्रवीण कुमार, अजय पासवान,भोला शर्मा, अवध सिंह, विवेक सिंह, गोपाल गुप्ता, संजय गुप्ता, बलवीर यादव, मुक्ति रंजन दास, संजय प्रजापति, भोला रवानी, उत्पल झा,नागेश्वर चौधरी,नरेश भारती, नंदलाल चौधरी, क्षैतिज राज,भगत सिंह थे।

### नववर्ष के जश्न के बीच डोमगढ़वासियों का धरना जारी



सिंदरी। पूरे विश्व में अँग्रेजी कैलेंडर के नववर्ष पर जश्न का माहौल रहा। लोगों ने कहीं केक काटकर या पार्टी व पिकनिक कर जश्न मनाया तो किसी ने भगवान के मंदिरों में नववर्ष के मंगलमय की कामना की। इस अवसर पर डोमगढ़ बचाओ मोर्चा के संरक्षक दिलीप मिश्रा ने कहा कि यह अनिश्चितकालीन धरना से डोमगढ़वासी आवास की समस्या खत्म होने के बाद ही लोग जश्न मनाएँगे। हमारा अस्तित्व खतरे में है और उसे बचाने के लिए हम बीते 12 दिनों से सड़क पर हैं। परंतु एफसीआई प्रबंधन और सेल प्रबंधन के कान पर जूँ नहीं रेंग रहा है। धरना स्थल में राज रस जी, जगरनाथ, शशि शेखर पाण्डे, विदेशी सिंह, दिलीप मिश्रा, नग नारायण भारती, शंभू सिंह, गुड्डू खान, संतोष शाह, अनिल सिंह, अजय अग्रवाल, बीरबल दुबे सहित अन्य डोमगढ़वासी मौजूद थे।

# नव वर्ष के पहले दिन धनबाद को मिले तीन युवा आईएएस, संभाली कमान

## नगर आयुक्त आशीष गंगवार, एसडीएम लोकेश बारंगे और डीडीसी सन्नी राज ने ग्रहण किया पदभार

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। नए साल के पहले दिन गुरुवार को धनबाद जिला प्रशासन में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। झारखंड सरकार द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा में किए गए फेरबदल के बाद गुरुवार को तीन युवा और ऊर्जावान आईएएस अधिकारियों ने जिले के महत्वपूर्ण पदों पर विधिवत योगदान दिया। आशीष गंगवार ने नगर आयुक्त, लोकेश बारंगे ने अनुमंडल पदाधिकारी और सन्नी राज ने उप विकास आयुक्त के रूप में पदभार संभाला।

### नगर निगम में खत्म होगा बिचौलिया राज सिस्टम होगा सिटिजन सेंट्रिक : नगर आयुक्त



पदभार ग्रहण करने के बाद नए नगर आयुक्त आशीष गंगवार ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि नगर निगम की कार्यप्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाएगा। गंगवार ने जोर देते हुए कहा, नगर निगम की योजनाओं का लाभ सीधे और समय पर नागरिकों तक पहुँचे, यह सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता है। हम सिस्टम को 'सिटिजन सेंट्रिक' बनाएंगे ताकि आम जनता को छोटे-छोटे कार्यों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। बता दें कि इससे पहले वे छतरपुर में एसडीएम के पद पर तैनात थे, जहाँ उन्होंने कुशलतापूर्वक विधानसभा चुनाव संपन्न कराया था।

### समय पर बनेंगे सर्टिफिकेट : एसडीएम



नए एसडीएम लोकेश बारंगे ने पदभार संभालते ही एक्शन मोड में दिखे। उन्होंने कहा कि जिले में लॉ एंड ऑर्डर और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जनता को राहत देते हुए कहा कि जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्गत किया जाएगा। कार्यालय की कार्यक्षमता को बढ़ाकर शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। लोकेश बारंगे ने अपनी ट्रेनिंग हजारीबाग में पूरी की है और वहां एक महीने तक एसडीएम के प्रभार में भी रहे हैं।

### विकास कार्यों को गति देंगे नए डीडीसी




डीडीसी सन्नी राज ने उप विकास आयुक्त का पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि जिले में चल रही विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना और ग्रामीण विकास को गति देना उनका मुख्य लक्ष्य होगा। तीनों अधिकारियों के एक साथ पदभार ग्रहण करने से प्रशासनिक हल्के में नई ऊर्जा देखी जा रही है। निगम के कार्यों में आम जनता की सीधी भागीदारी और पारदर्शिता। सर्टिफिकेट और अन्य दस्तावेजों का समय सीमा में निष्पादन। जिले की शांति व्यवस्था को प्राथमिकता देना। सरकारी दफ्तरों को जनता के लिए सुलभ बनाना।

# निरसा के कालीमाटी में फायरिंग, 15 हजार के विवाद में चलीं गोलियां, दहशत में ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

निरसा। नए साल के पहले ही दिन निरसा थाना क्षेत्र के खुदिया कालीमाटी बस्ती में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब बकाया पैसों के लेनदेन को लेकर दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन पुलिस ने मौके से 6 खोखा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, कालीमाटी बस्ती निवासी निरंजन चौहान ने अवैध कोयला कारोबार से जुड़े धनिया नामक व्यक्ति को 15 हजार रुपये उधार दिए थे। लंबे समय से धनिया पैसे लौटाने में टालमटोल कर रहा था। 1 जनवरी को इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हुई और विवाद हाथापाई में बदल गया।





### फिल्मी अंदाज में आए बदमाश, की कई राउंड फायरिंग

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बहस के बाद धनिया ने अपने साथियों को फोन कर बुला लिया। कुछ ही देर में युवराज सिंह, कन्हाई, और सूरज अपने अन्य सहयोगियों के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर वहां पहुंचे। आरोपियों ने इलाके में दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग शुरू कर दी और गोलियां चलाते हुए खेत की ओर भाग निकले। गोलियों की तड़तड़ाहट सुनकर स्थानीय लोग जान बचाने के लिए घरों में दुबक गए।

### 6 खोखा हुआ बारामद

घटना की सूचना मिलते ही निरसा थाना पुलिस और एसडीपीओ रजत मणिक बाखला दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और वहां गिरे 6 खाली खोखे जब्त किए। पुलिस ने मुख्य आरोपी युवराज सिंह और धीरज के ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है।बताया कि पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद की बात सामने आई है। पुलिस ने घटनास्थल से 6 खोखे बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

एक नजर में

### नये साल पर कतरास और आसपास के पिकनिक स्थलों पर उमड़ी भीड़, श्रद्धा और उल्लास का संगम



कतरास। नये साल के स्वागत में कतरास और इसके पड़ोसी इलाकों के पिकनिक स्थलों पर लोगों ने जमकर मौज मस्ती की। परिवारों और मित्र समूहों ने लजीज व्यंजनों का आनंद उठाया, वहीं नदियों में स्नान कर श्रद्धा भाव से देवालयों में पूजा-अर्चना की और खुशहाली व समृद्धि की मंगल कामना की। मां लिलोरी के दरबार में सुबह से ही श्रद्धालुओं की बेशुमार भीड़ उमड़ी। छोटे-बड़े सभी ने पूजा कर माथा टेका। लिलोरी पार्क में भीड़ लगी रही और लोग पार्क की प्राकृतिक खूबसूरती का भरपूर आनंद उठाते दिखे। पुराने पार्कों और जंगलों के झुर्मुट में अलग-अलग जगहों पर लोग खाना पकाते और मिलकर आनंद मनाते नजर आए। कतरी नदी और जमुनिया नदी के तटीय स्थलों पर अलग-अलग खेमों में पिकनिक का आयोजन हुआ। ग्रामीण इलाकों में खेत-खलिहानों में परिवारों ने मिलकर भोजन किया और नए साल की खुशियां साझा कीं। चिटाही स्थित राम राज मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही, जहां भक्तों ने मंगलमय जीवन की कामनाएं कीं। माटीगढ़ डैम, दामोदर नदी के तेलमच्चो और अन्य घाटों पर भीड़ देखने लायक रही। वहीं तोपचांची झीलक पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसने पूरे इलाके को उत्सवमय बना दिया। नये साल के मौके पर कतरास और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा, उल्लास और सामूहिक आनंद का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### दो दुकानों में अगलगी, लाखों का नुकसान



धनबाद। धनसार थाना क्षेत्र के नई दिल्ली रोड पर बुधवार की देर रात भीषण अग्निकांड में दो दुकानें जलकर खाक हो गई। इस अगलगी में दुकानदारों को लाखों का नुकसान हुआ है। हालांकि गनीमत रही कि समय रहते अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पा लिया। वरना दुकान के बगल में स्थित टाटा मोटर्स का शोरूम भी इसकी चपेट में आ जाता। घटना की सूचना पाकर धनसार थाना प्रभारी मनोहर करमाली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और झरिया व धनबाद फायर स्टेशन को सूचना दी। सूचना पाकर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में सफल रही। फिलहाल आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। संभावना जताई जा रही है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। हालांकि पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है, ताकि आग लगने के सही कारणों का पता चल सके।

## नर्सिंग होम में इलाज के दौरान नवजात की मौत, परिजनों ने जमकर किया हंगामा




खबर मन्त्र संवाददाता

कुमारधुबी। चिरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुमारधुबी स्टेशन स्थित लोटस नर्सिंग होम में दो दिनों से भर्ती इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गयी। नवजात के मौत की खबर सुनते ही परिजन भड़क पड़े और लापरवाही का आरोप लगा जमकर हंगामा किया। हंगामा की सुचना पर चिरकुंडा पुलिस मौके पर पहुंच स्थिति को संभाला।

परिजनों ने आरोप लगाया कि 2 दिन पूर्व हमने अपने बच्चों को सही सलामत नर्सिंग होम में भर्ती कराया। उस वक्त बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ था। मां का दूध एवं रो भी रहा था. अचानक आज सुबह 5 बजे नर्सिंग होम से फोन आया कि आपका बच्चा मर गया है। खबर सुनते ही भागे भागे नर्सिंग होम पहुंचे, जहां देखा कि मेरा बच्चा मरा पड़ा है। इसमें पूरी तरह से डॉक्टर की लापरवाही है। उनकी लापरवाही के वजह से ही हमारे बच्चे की जान गई है। उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। ताकि भविष्य में दोबारा किसी पिता को डॉक्टर की लापरवाही के कारण बच्चों को खोना ना पड़े।

वही डॉक्टर केशरी ने कहा की 2 दिन पूर्व 30 दिसंबर को बच्चों के पिता गिरधारी धीवर गोपालगंज केसरिया नर्सिंग होम से लेकर आए थे। बच्चा गंदा पानी पी लेने के कारण गंभीर अवस्था में भर्ती कराया गया। लेकिन उसकी स्थिति में सुधार नहीं आई और उसकी मौत हो गई। परिजन बेवजह लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं।

## कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण

# अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा पर जोर

खबर मन्त्र संवाददाता



कतरास। धनबाद रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र ने आज कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण में स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज, स्वच्छता व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा यात्री सुविधाओं की स्थिति की गहन समीक्षा की गई।

मंडल रेल प्रबंधक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को चेताया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि कतरासगढ़ स्टेशन को आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक स्वरूप प्रदान किया जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लेटफॉर्म पर यात्री सुविधाओं की उपलब्धता, प्रकाश व्यवस्था की स्थिति और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। फुट ओवर ब्रिज की मजबूती और उपयोगिता की भी जांच की गई। श्री मिश्र ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर अनुभव देना है, और इसके लिए कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस मौके पर मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने स्टेशन विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी दी और आश्वासन दिया कि निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। कतरासगढ़ स्टेशन का यह निरीक्षण स्थानीय यात्रियों के लिए उम्मीद की नई किरण लेकर आया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन का कायाकल्प होने से क्षेत्रीय यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं से लैस एक सुरक्षित और आकर्षक स्टेशन मिलने की संभावना है।

### गौ सेवा संघ का गंगा गौशाला में पारिवारिक मिलन समारोह का भव्य आयोजन



कतरास। नव वर्ष के अवसर पर गौ सेवा संघ कतरास द्वारा गंगा गौशाला परिसर में वन भोज सह पारिवारिक मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें महिला, पुरुष और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जमकर आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन रांची से आई एंकर अंकिता सिंह ने किया, जिन्होंने अपनी रोचक एंकरिंग से उपस्थित लोगों को खूब हंसाया और माहौल को जीवंत बना दिया। गौ सेवा संघ के दीपक अग्रवाल ने बताया कि ऐसे आयोजन आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं और लोगों को गौ सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। समारोह में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे। इनमें उद्योगपति प्रदीप खेमका, डॉ विश्वनाथ चौधरी, अधिवक्ता डी.एन. चौधरी, गंगा गौशाला के महासचिव महेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, संतोष जलान, रतन अग्रवाल, मनोज गुप्ता, संजय केसरी, पिंटू गुप्ता, मनोज केसरी, सोनू अग्रवाल, प्रकाश सिंघानिया, सुमित खंडेलवाल, संजय लोयलका, भगवती सोनी, सतीश अग्रवाल, बंटी गुप्ता, पिंकी केसरी, नरेश अग्रवाल, दीपक भुवालका, कविता गुप्ता और मोहित शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल थे।

# हजारीबाग सेंट्रल जेल से फरार कैदियों की तलाश में जुटी पुलिस, लोयाबाद में कैदी देवा के घर की हुई तलाशी

▸▸ छापामारी के बाद कैदी के रिश्तेदार गांव छोड़कर फरार

खबर मन्त्र संवाददाता



लोयाबाद। हजारीबाग सेंट्रल जेल से फरार हुए कुख्यात कैदी देवा सहित दो अन्य बंदियों की तलाश में झारखंड पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। फरार कैदियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इसी क्रम में गुरुवार सुबह हजारीबाग पुलिस की एक विशेष टीम लोयाबाद थाना क्षेत्र के सेन्द्रा 10 नंबर पहुंची और देवा के घर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस को देवा तो हाथ नहीं लगा,लेकिन उसकी मां राजमुनि देवी और नानी सारो देवी को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि पुलिस देवा के साला और ससुर को पहले ही हजारीबाग से साथ लेकर आई थी। छापेमारी के दौरान पुलिस का रुख काफी सख्त था। पुलिस अधिकारियों ने देवा की मां से कड़े सवाल करते हुए कहा कि वह 29 तारीख को अपने बेटे से जेल में मिलकर आई थीं और ठीक अगले दिन 30 तारीख को देवा जेल से फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने देवा के पिता शम्भू भुईयां से कोई पूछताछ नहीं की। ग्रामीणों के मुताबिक, जब से देवा जेल गया है, उसके पिता कभी उससे मिलने नहीं गए।पुलिस की इस कार्रवाई से पूरे सेन्द्रा 10 नंबर इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों का आरोप है कि इस छापेमारी की सूचना स्थानीय लोयाबाद पुलिस को नहीं दी गई थी। लगभग आधे घंटे तक चली इस कार्रवाई के बाद पुलिस टीम परिजनों को साथ लेकर रवाना हो गई। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि देवा के कुछ रिश्तेदार छापेमारी के बाद गांव छोड़कर फरार हो गए हैं। गौरतलब है कि देवा इससे पहले भी धनबाद मंडल कारा से फरार हो चुका है और करीब तीन वर्षों तक पुलिस को चकमा देता रहा था। बाद में लोयाबाद के तत्कालीन थानेदार सत्यजीत कुमार ने उसे सेन्द्रा स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एक बार देवा लोयाबाद थाना से भी फरार हो चुका है। हजारीबाग जेल से हुई ताजा फरारी के बाद पुलिस देवा को शातिर अपराधी मानते हुए उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि जल्द ही फरार कैदियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ठंड से राहत: दुकानदारों ने की आग की व्यवस्था



बिरनी। बिरनी प्रखंड के भरकट्टा बाजार चौक पर कड़ाके की ठंड से राहत पाने के लिए स्थानीय दुकानदारों द्वारा आग की व्यवस्था की गई है। ठंड बढ़ने के कारण सुबह और शाम के समय बाजार में आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। ऐसे में दुकानदारों ने आपसी सहयोग से चौक के विभिन्न स्थानों पर आग जलाकर आम लोगों को ठंड से राहत देने का प्रयास किया है। आग की व्यवस्था से न सिर्फ दुकानदारों बल्कि बाजार में खरीदारी करने आने वाले ग्रामीणों, राहगीरों और मजदूरों को भी काफी सहूलियत मिल रही है। स्थानीय लोगों ने दुकानदारों की इस पहल की सराहना करते हुए इसे मानवीय और सराहनीय कदम बताया है।

स्पीड न्यूज

## कुंफु चैंपियनशिप में कुमारधुबी के खिलाड़ियों ने लहराया परचम



**कुमारधुबी।** गुवाहाटी कामरूप में हुई कुंफू युसु नेशनल चैंपियनशिप में कुमारधुबी के खिलाड़ियों ने एक गोल्ड, चार सिल्वर मेडल प्राप्त किया। जिसमें राजदीप कौर –गोल्ड मेडल और मनदीप कौर, मेंहक हुसैन, वैभव राय, प्रिंस कुमार सिल्वर मेडल विजेता शामिल है। कुमारधुबी श्रम कल्याण केंद्र के मैदान में कुंफु युसु खेल को सिखाने वाले कोच आदित्य राज शर्मा अपने खिलाड़ियों को लेकर पिछले 26, 27, 28 दिसंबर 2025 को गुवाहाटी के स्वाहिद भवन इंडोर हाल मिर्जा में कुंफू युसु का नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें इनके खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें पूरे भारतवर्ष के खिलाड़ी आए थे। सभी ने अपनी प्रतिभा के साथ खेले, जिसमें कुमारधुबी के खिलाड़ियों ने एक गोल्ड, और चार सिल्वर मेडल जीतकर कुमारधुबी धनबाद का नाम रोशन किया।

## बीबीएमकेयू ने स्नातक सेमेस्टर-दो की विशेष परीक्षा तिथि घोषित की

**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक सेमेस्टर–दो की परीक्षा से संबंधित एक आवश्यक सूचना जारी की गई है। विश्वविद्यालय के 11 नवंबर 2025 की परीक्षा स्नातक सेमेस्टर–दो के एमएन–दो–ए (व्यावसायिक से लघु) अंग्रेजी विषय के अंतर्गत विकल्प–दो तकनीकी परियोजना एवं प्रतिवेदन लेखन का चयन करने वाले वे परीक्षार्थी, जो पूर्व में परीक्षा से वंचित रह गए थे। अब इस विशेष परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। यह परीक्षा 7 जनवरी को द्वितीय पाली में अपराह्न दो बजे से सायं पाँच बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र पूर्व में जारी प्रवेश पत्र के अनुसार ही रहेंगे। जिसे साथ लाना अनिवार्य होगा। यह परीक्षा केवल उन्हीं छात्र–छात्राओं के लिए है। जिनके महाविद्यालयों में संबंधित पाठ्यक्रम संचालित किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित होने पर पूर्व में दी गई अंग्रेजी विषय की परीक्षा अमान्य होगी। जबकि अनुपस्थित रहने वाले छात्रों के पूर्व अंक मान्य रहेंगे। यह सूचना कुलपति के आदेशानुसार जारी की गई है।

## गरीब व असहाय बच्चों के बीच भोजन, पुराने कपड़े व कंबल का वितरण



**धनबाद।** नव वर्ष के प्रथम दिन समाज सेवा की मिशाल पेश करते हुए श्री मनन नि:शुल्क एवं ग्रुप डिस्कशन सेंटर, झरिया द्वारा गरीब, असहाय बच्चों एवं जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरण तथा ठंड से बचाव के लिए पुराने कपड़े एवं कंबल का वितरण किया गया। गुरुवार को सेंटर से जुड़े शिक्षक एवं छात्र–छात्राओं ने घाटक मंदिर के समीप यह सेवा कार्य संपन्न किया। इस अवसर पर सेंटर के संस्थापक मनंजय पाठक ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वर्ष के प्रथम दिन सभी शिक्षक और छात्र–छात्राएं मिलकर गरीब व असहाय लोगों के बीच सेवा कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि श्री मनन नि:शुल्क एवं ग्रुप डिस्कशन सेंटर लंबे समय से शिक्षा एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय है। यहां छात्रों को नि:शुल्क कोचिंग एवं ग्रुप डिस्कशन की सुविधा दी जाती है। साथ ही समय–समय पर समाज के कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक कार्य भी किए जाते हैं। आगे भी इस तरह के सेवा अभियान लगातार जारी रहेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिली, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को भी मजबूती मिली। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिषेक सिंह, बब्लु सिंह, जितेंद्र यादव, विवेक साव, धनश्याम रजक, राहुल सिंह, भोला केशरी, प्रीतम यादव, प्रशांत गुप्ता, रजनीश कुमार, पूजा कुमारी, अंकित, उत्तम, विशाल सहित अन्य छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# नए साल के जश्न में डूबा कोयलांचल: भटिंडा फॉल और पार्कों में उमड़ा जनसैलाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद/मैथन।** नए साल 2026 के स्वागत में पूरा कोयलांचल उत्सव के रंग में सराबोर नजर आया। साल के पहले दिन धनबाद के तमाम पर्यटन स्थलों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। 'कोयलांचल के कश्मीर' के रूप में विख्यात मैथन डैम से लेकर मुनीडीह स्थित भटिंडा फॉल और शहर के बिरसा मुंडा पार्क में सुबह से ही सैलानियों की भारी भीड़ देखी गई। सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस बल पूरे दिन मुस्तैद रहा।

**आस्था और विश्वास का संगम:** नए साल की शुरूआत आशीर्वाद के साथ करने के लिए प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां कल्याणेश्वरी मंदिर, शक्ति मंदिर, खड़ेश्वरी मंदिर, भुईफोड़ मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। तड़के सुबह से ही श्रद्धालु लंबी कतारों में खड़े होकर मां के दर्शन और मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना करते नजर आए।



### मैथन में 'मिनी इंडिया' का नजारा

बराकर नदी के तट पर स्थित मैथन डैम में झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल और बिहार से भी हजारों पर्यटक पहुंचे। नीले पानी के बीच बोटिंग और स्पीड बोटिंग का आनंद लेने के लिए बोट घाटों पर लंबी कतारें लगी रहीं। प्रशासन द्वारा की गई विशेष लाइटिंग और फूलों की सजावट ने पर्यटकों का मन मोह लिया। मैथन के डियर पार्क और गोल्डन जुबली पार्क में भी परिवारों ने पिकनिक का लुत्फ उठाया।



### भटिंडा फॉल व पार्कों में रही रौनक

मुनीडीह स्थित भटिंडा फॉल के झरनों के पास युवाओं की टोलियों ने जमकर मस्ती की। वहीं, धनबाद शहर के बिरसा मुंडा पार्क में बच्चों के लिए झूले और हरियाली मुख्य आकर्षण रहे। राजेंद्र सरोवर (बेकार बांध) में भी शाम के वक्त बोटिंग के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटी।



### सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

भीड़ को देखते हुए धनबाद जिला प्रशासन और डीवीसी ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। मैथन, भटिंडा फॉल और बिरसा मुंडा पार्क में पुलिस के जवान चप्पे–चप्पे पर तैनात रहे। बोटिंग के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया था। बोट संचालकों को क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने की सख्त हिदायत दी गई थी।प्रशासन ने सैलानियों से स्वच्छता बनाए रखने और किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचने के लिए सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है।

# पुटकी में खाने-पीने के विवाद ने लिया हिंसक रूप, कुल्हाड़ी से वार कर युवक को किया घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पासी धौड़ा और यादव बस्ती के समीप गुरुवार को खाने-पीने के मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के युवक आमने-सामने आ गए और जमकर ईंट-पत्थर चले। इस हिंसक झड़प में रवि पासी नामक युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल को तत्काल पाटलिपुत्र अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

**पिता बोले- घर के बाहर चाय पी रहे बेटे पर हुआ हमला:** घटना के संबंध में घायल रवि पासी के पिता बद्री पासी ने बताया कि उनका बेटा घर के बाहर शांति से चाय पी रहा था। इसी दौरान अचानक दूसरे पक्ष के युवकों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने कुल्हाड़ी का इस्तेमाल किया, जिससे रवि को गंभीर चोटें आई हैं।



### भारी पुलिस बल तैनात, स्थिति नियंत्रण में

घटना की सूचना मिलते ही पुटकी थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुँची। पुलिस ने बल प्रयोग कर उपद्रव कर रहे लोगों को खदेड़ा और स्थिति को नियंत्रित किया। किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। पुलिस फिलहाल कैंप कर रही है और आरोपियों की पहचान के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

### इलाके में आगजनी और तोड़फोड़



झड़प के दौरान आक्रोशित लोगों ने जमकर उत्पात मचाया। उपद्रवियों ने किनौचना स्थित एक घर के बाहर रखी विचाली के ढेर में आग लगा दी, जिससे देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। इस घटना में एक घर को आंशिक रूप से नुकसान पहुँचा है। पथराव के कारण इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और लोग अपनी दुकानें व घरों के दरवाजे बंद करने को मजबूर हो गए।

## कनाडा में बैरिस्टर और सॉलिस्टर बनने पर आकांक्षा सम्मानित



**गोविंदपुर।** नागरिक समिति गोविंदपुर ने गुरुवार को वरीय अधिवक्ता जया कुमार एवं एसएनएमएमसीएच धनबाद के पूर्व अधीक्षक डॉ अनिल कुमार की पुत्री आकांक्षा अनिल के कनाडा में बैरिस्टर और सॉलिस्टर बनने पर सम्मानित किया। अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल ने कहा कि आकांक्षा अपने गोविंदपुर का मान बढ़ाया है। मौके पर जयप्रकाश मिश्र, किशन अग्रवाल, ओमप्रकाश बजाज, आनंद जायसवाल, अमित बजाज डॉ अनिल कुमार, जया कुमार आदि शामिल थे।

# कार ने महिला और युवक को रौंदा, हालत नाजुक

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के सत्यम नगर के पास गुरुवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ। धनबाद-बरवाड्डा मुख्य मार्ग पर एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे बस का इंतजार कर रहे दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 25 वर्षीय युवक रफीक अंसारी और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों को नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चश्मदीदों के अनुसार, सुबह के वक्त दोनों घायल सड़क किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान धनबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार (संख्या: JH10CW-2386) अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे खड़े लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों घायल काफी दूर जाकर गिरे, जबकि कार सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई। पोल से टकराने के बाद कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।



### पुलिस ने कार किया जब्त

घटना की सूचना मिलते ही बरवाअड्डा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है और उसे क्रेन की मदद से थाने ले गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वाहन मालिक का पता लगाया जा रहा है और फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### मौके से चालक फरार, लोगों में आक्रोश

हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल एंबुलेंस बुलाई और घायलों को पास के निजी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक, दोनों की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। वहीं, दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार होने में सफल रहा, जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने काफी नाराजगी जताई है।घायल के रिश्तेदार असरफ अंसारी ने बताया कि मेरे रिश्तेदार बस पकड़ने के लिए किनारे खड़े थे, तभी लापरवाही से आ रही कार ने उन्हें कुचल दिया। यह पूरी तरह से ड्राइवर की गलती है।

# नए साल के जश्न के दौरान सड़क हादसे में दर्जनों घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** नए साल के जश्न के बीच बुधवार की देर रात अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है। इनमें गोविंदपुर थाना क्षेत्र के खालसा होटल के पास हुई दुर्घटना सबसे गंभीर बतायी जा रही है। हादसा रात लगभग एक बजे हुआ, जब हीरापुर भिस्तिपाड़ा निवासी देवराज दत्ता (45 वर्ष) अपनी बाइक से धनबाद की ओर लौट रहे थे। तभी एक अज्ञात कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वे कई मीटर तक सड़क पर घिसटते चले गए। उनके सिर में गंभीर चोट आयी है।

### दुर्घटनाओं में अन्य 12 लोग भी घायल

देवराज दत्ता के अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हुए हादसों में 12 अन्य लोग घायल हुए है। सभी को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद कुछ को छोड़ दिया गया तथा अन्य को भर्ती किया गया। घायलों में बैंक मोड़ के सुनील पांडेय, गोविंदपुर के अनूप कुमार, सरायढेला के सचिन वर्मा, कतरास के सुरेश पासवान, जोगता के राजीव रंजन, भालगोड़ा के मो आरिफ, हीरापुर के चंदन शर्मा, बरवाअड्डा के प्रीतम चौधरी, कुसुम विहार के राजकुमार सिंह, टुंडी के पवन यादव, निरसा के नरेश महतो व सविता देवी शामिल है।

## पीजी सेमेस्टर-III के लिए शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 9 जनवरी

धनबाद। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर (पीजी) विभागों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। यह सूचना एम.ए./एम.एससी./एम.कॉम. सत्र 2024-26 के उन छात्रों के लिए है। जो प्रथम वर्ष उत्तीर्ण अथवा प्रोन्नत होकर द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी नोटिस के अनुसार सभी संबंधित विद्यार्थियों को द्वितीय वर्ष (सेमेस्टर-III ) में पुनः नामांकन (री-एडमिशन) हेतु वार्षिक शुल्क एसबीआई कलेक्ट के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है। शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 9 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। शुल्क जमा करने के बाद उसकी रसीद की प्रति संबंधित विभाग में रिकॉर्ड हेतु जमा करना अनिवार्य होगा। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि केवल विधिवत पुनः नामांकित छात्र ही सेमेस्टर-III की परीक्षा फॉर्म भरने के पात्र होंगे।

# टीएसएफ जामाडोबा एथलेटिक्स यूथ डेवलपमेंट सेंटर के प्रशिक्षुओं ने लेजर रन वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 में भारत का लिया प्रतिनिधित्व

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** जामाडोबा एथलेटिक्स यूथ डेवलपमेंट सेंटर (वाईडीसी) की दो प्रशिक्षु, सुश्री साक्षी कुमारी और सुश्री मिनाक्षी कुमारी, ने यूआईपीएम लेजर रन वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश का गौरव बढ़ाया। यह प्रतियोगिता 8 दिसंबर से 13 दिसंबर 2025 तक सैंटोस बीच, मॉसल बे, वेस्टर्न केप प्रांत, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित की गई।

यह चैंपियनशिप यूनियन इंटरनेशनल डी पेंटाथलॉन मॉडर्न द्वारा बायथलीट, ट्रायथलीट और लेजर रन वर्ल्ड चैंपियनशिप के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसमें विश्वभर के 35 से अधिक देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। लेजर रन एक गतिशील और चुनौतीपूर्ण खेल विधा है, जिसमें सहनशक्ति दौड़ और सटीक लेजर पिस्टल शूटिंग का संयोजन होता है। इस खेल में उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, एकाग्रता और मानसिक दृढ़ता की आवश्यकता होती है।



दोनों खिलाड़ियों ने तीन वर्ष पूर्व जामाडोबा एथलेटिक्स यूथ डेवलपमेंट सेंटर से प्रशिक्षण लेना शुरू किया था और तब से अपने प्रशिक्षण में उल्लेखनीय प्रतिबद्धता, अनुशासन और निरंतरता का परिचय दिया है। साधारण सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाली इन खिलाड़ियों की खेल यात्रा में उनके परिवारों का सशक्त सहयोग रहा है, जिनका प्रोत्साहन और विश्वास हर चरण पर उनकी आकांक्षाओं को बनाए रखने में निर्णायक भूमिका निभाता रहा है।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए उनका चयन टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) के ग्रासरूट्स स्पोर्ट्स प्रोग्राम की प्रभावशीलता का एक सशक्त प्रमाण है। यह कार्यक्रम दूरस्थ और वंचित समुदायों से ताल्लुक रखनेवाले खेल प्रतिभाओं की पहचान और उनके विकास पर केंद्रित है, जिसके तहत संरचित प्रशिक्षण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और प्रतिस्पर्धात्मक अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं। ऐसे प्रयासों के माध्यम से टीएसएफ खेल को युवाओं के विकास और समावेशी सामाजिक प्रगति के एक परिवर्तनकारी माध्यम के रूप में लगातार सशक्त बना रहा है।

इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जामाडोबा के यूनिट लीड राजेश कुमार ने कहा, विश्व स्तर पर हमारे प्रशिक्षुओं की भागीदारी टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा अपने परिचालन क्षेत्रों के आसपास किए जा रहे गहन सामुदायिक जुड़ाव का परिणाम है। टीएसएफ स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, खेल और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में समुदायों के साथ निकटता से कार्य करता है, ताकि उनके जीवन में सार्थक और स्थायी बदलाव लाए जा सकें।

## एक नजर में

### सिंदरी में नववर्ष पर पिकनिक स्पॉट रहा फीका, साईं मंदिर और गायत्री मंदिर में दिखी भीड़



**सिंदरी।** सिंदरी में नववर्ष पर पिकनिक स्पॉट पर लोगों का आवागमन कम दिखाई दिया। डोमगढ़ में दामोदर नदी के किनारे पंप हाउस के पास और सेवन लेक में 7–8 परिवारों को पिकनिक मनाते देखा गया। वहीं नववर्ष के अवसर पर साईं बाबा मंदिर सिंदरी में भक्ति, श्रद्धा और विश्वास का सैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन कर प्रभु का स्मरण किया। मंदिर संरक्षक रविंद्र सिंह एवं कार्यक्रम संयोजक अशोक सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की आंखों में श्रद्धा, होठों पर साईं नाम और मन में नए साल के लिए आशा व विश्वास साफ झलक रहा था। पूरे मंदिर में साईं नाम की गूँज, घंटियों की मधुर ध्वनि और भजनों की रसधार बहती रही। इस अवसर पर रेणु सिंह, रानी सिंह, राखी, आभा, हेमा, उषा, किरण शर्मा, नीलम ने भजनों में सहभागिता निभाई। भजन–कीर्तन के बाद साईं बाबा की आरती से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। कार्यक्रम का अंत भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण के साथ हुआ। गायत्री ज्ञान मंदिर सिंदरी में तीन कुण्डीय हवन यज्ञ किया गया। गायत्री मंदिर में आए सैकड़ों श्रद्धालु हवन यज्ञ पूजा में शामिल हुए। गायत्री हवन महायज्ञ पांच पालियों में संपन्न हुआ। पंडित जी ने मंत्रोच्चारण कर कलश स्थापना पूजा अर्चना कर पूजा सम्पन्न किया। इसके साथ ही उन्होंने संस्कार भी संपन्न कराए।

### बिरनी: नए साल का जश्न, बड़ाकर से चिरुडीह तक पिकनिक व मौज-मस्ती

**बिरनी।** नव वर्ष के आगमन को लेकर बिरनी प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ पिकनिक का आयोजन कर नए साल का भव्य स्वागत किया। गुरुवार की सुबह से ही ग्रामीण इलाकों में रौनक देखने को मिली और लोग अपने परिवार, मित्रों व रिश्तेदारों के साथ पिकनिक स्थलों की ओर निकल पड़े। बड़ाकर नदी, इरागा नदी (खुर्जियो), जमडिहा, मां डबरसैनी पहाड़ी, चिरुडीह पहाड़ी, नौरंगो, कपिलो, दालगी गरमकुंड गजोडीह सहित अन्य कई प्राकृतिक व रमणीय स्थलों पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इन स्थानों पर लोगों ने मिल–जुलकर पिकनिक मनाई, स्वादिष्ट व्यंजन बनाए और गीत–संगीत के साथ खूब मौज–मस्ती की। युवाओं की टोलियां जहां संगीत और नृत्य में मशगूल दिखीं, वहीं बच्चों ने खेलकूद कर दिनभर आनंद उठाया। नव वर्ष के मौके पर कई स्थानों पर सुबह से शाम तक उत्सव जैसा माहौल बना रहा। लोगों ने एक–दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और आने वाले साल में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के सामूहिक आयोजन से आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द भी देखने को मिला। नव वर्ष के इस उल्लासपूर्ण आयोजन ने न केवल लोगों के चेहरे पर खुशियां बिखेरीं, बल्कि क्षेत्र के प्राकृतिक स्थलों को भी जीवंत बना दिया। कुल मिलाकर बिरनी प्रखंड में नए साल का आगाज हंसी–खुशी, उमंग और उत्साह के साथ यादगार बन गया।

### नए साल के आगमन को लेकर बांसजोड़ा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**लोयाबाद।** नए वर्ष के आगमन को लेकर बुधवार की रात बांसजोड़ा में राम रहीम के सौजन्य से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज कलाकारों द्वारा बांसजोड़ा की मशहुर जोड़ी राम रहीम की दोस्ती पर आधारित संगीतमय प्रस्तुति से हुआ। जैसे ही दोस्ताना फिल्म का लोकप्रिय गीत 'बने चाहे दुश्मन जमाना हमारा, सलामत रहे दोस्ताना हमारा' गूंजा, कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से भर उठा और बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। इसके बाद कलाकारों ने असलम मंसूरी और राजकुमार महतो को मंच पर आमंत्रित कर उनकी दोस्ती को सौहार्द और एकता की मिसाल के रूप में प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने बताया कि बांसजोड़ा के राम रहीम की यह जोड़ी मजदूरों, गरीबों और शोषितों के बीच अपनी सादगी और समर्पण के कारण अत्यंत लोकप्रिय रही है।कभी स्वयं 1200 रुपये की मजदूरी करने वाले राम रहीम ने कम समय में लोगों के विश्वास और दुआओं के बल पर समाज में अपनी अलग पहचान बनाई। अलग–अलग समुदायों से होने के बावजूद यह जोड़ी निरंतर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देती रही है।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए गायक कृपांशु ने 'यारा तेरी यारी को मैंने तो खुदा माना' और 'दोस्ती का नाम ज़िंदगी, ज़िंदगी का नाम दोस्ती' जैसे सदाबहार गीतों से माहौल को खुशनुमा बना दिया, जिस पर श्रोता झूमते नजर आए। लोगों ने एक–दूसरे को नववर्ष की बधाई दी, गले मिलकर खुशियां साझा की और नए साल का स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला महासचिव राम रहीम,राजकुमार महतो और असलम मंसूरी ने संयुक्त रूप से कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा,सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

### राष्ट्रीय संपत्ति कोयला की सुरक्षा हेतु भारतीय मजदूर संघ का संघर्ष जारी

**कतरास।** नए वर्ष के पहले दिन जहां आमजन पिकनिक स्थलों पर उल्लास मना रहे थे, वहीं भारतीय मजदूर संघ से जुड़े धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के कार्यकताओं ने गोविंदपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय गेट पर धरनास्थल को ही उत्सव स्थल बना दिया। 74 सूत्रीय मांगों को लेकर जारी आंदोलन के चौथे दिन कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि वे उद्योग हित, मजदूर हित और राष्ट्र हित की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेंगे। संघ ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन केवल मजदूर समस्याओं तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र की संपत्ति कोयले की चोरी रोकने का भी प्रयास है। संघ का मानना है कि जब उद्योग सुरक्षित रहेगा तभी मजदूरों का भविष्य भी सुरक्षित होगा। धरने पर बैठे कार्यकताओं ने आवास मरम्मत, श्रमिक कॉलोनियों की साफ–सफाई, सतह पर वर्षों से कार्यरत भूमिगत कर्मियों को सरफेस पदनाम देने, श्रमिकों के लिए कैंटीन की व्यवस्था, बिजली तारों के नीचे क्रेडल लगाने, जोगिडीह कार्यालय निर्माण और बंद पड़े चिकित्सालय को चालू करने जैसी मांगों को दोहराया। साथ ही निजी वाहनों में दो ड्राइवरों के स्थान पर एक ही ड्राइवर से काम करवाने और उसके वेतन का दुरुपयोग रोकने की मांग भी प्रमुख रही।

# जंगली हाथियों का तांडव, खेत और घर हुए तबाह

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के परासपानी कला गांव स्थित धाम टोला में बीती रात जंगली हाथियों ने भारी उत्पात मचाया। गांव के जगदीश सिंह, चतुरी सिंह और संकुमार सिंह के घरों को हाथियों ने निशाना बनाया। हाथियों ने घरों में रखे धान के बोरों को तोड़ दिया और खेतों में लगी फसल को भी नष्ट कर दिया, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत एक रात में ही बर्बाद हो गई। ग्रामीणों के अनुसार यह पहली घटना नहीं है। पिछले कुछ महीनों में कई बार जंगली हाथियों ने गांव में घुसकर घरों को तोड़ा और फसलों को नुकसान पहुंचाया है। इस बार भी हाथियों के हमले के बाद गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीण बेहद चिंतित हैं। गांववाले यह भी बताते हैं कि वन विभाग से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। लगातार बढ़ रही हाथियों की उपस्थिति और हमलों से उनका जीवन खतरे में



है। इस घटना के बाद, गांव के लोग एकजुट होकर वन विभाग से तुरंत कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे गांव छोड़ने और सरकार व वन विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। गांववासियों का कहना है कि हाथियों के हमले के कारण उनके घरों और खेतों में काफी नुकसान हुआ है। खासकर फसल का नुकसान, जो पूरे साल की मेहनत का परिणाम था, उन्हें एक ही रात में रौंद दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथियों का आना-जाना लगातार बढ़ रहा है और वे अब सिर्फ रात के समय ही नहीं, दिन में भी गांव के पास आने लगे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ गुस्सा व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग को इस समस्या का हल जल्द से जल्द निकालना चाहिए। यदि यही स्थिति बनी रही, तो ग्रामीणों ने गांव छोड़ने और आंदोलन करने की धमकी दी है।

## नववर्ष पर कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गुरुवार को जिले के कांडी प्रखंड स्थित बी.पी.एम पब्लिक स्कूल ढबरिया में ब्रह्म विद्या विहंगम योग संस्थान जिला इकाई गढ़वा के संत समाज के तत्वावधान में नववर्ष पर एक कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में संस्थागत प्रदेश के अन्न मंत्री उपेंद्रनाथ मिश्रा ने अखंड दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद संस्थागत प्रदेश के परामर्शक सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भक्तों ने एक से बढ़कर एक भेदिक भजनों का गायन किया। इसके साथ ही संजीव पाठक ने कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के दौरान भक्तों ने शांति, प्रेम और भाईचारे की कामना की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संस्थागत जिला के पत्रिका प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि यह आयोजन हर साल नववर्ष के अवसर पर कांडी संत समाज द्वारा किया जाता है। जिला संयोजक सुरेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जन-जन तक अध्यात्मिक संदेश पहुंचाना, नववर्ष के अवसर पर जीव हत्या को रोकने का प्रयास करना और अध्यात्मिक रीति से वर्ष की शुरूआत करना है। उन्होंने बताया कि इस महायज्ञ का आयोजन समाज में शांति और प्रेम फैलाने के लिए किया जाता है। मंच पर उपस्थित साधकों ने ब्रह्म विद्या, ऋषि संदेश, सनातन संस्कृति और आत्मा-परमात्मा के संबंध पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। डॉ. रामरेश यादव, किशोरी प्रसाद सोनी, सरयू प्रसाद अग्रवाल, जवाहर दुबे, नवनीत दुबे, कैलाश बिहारी सिंह, सरोज सिंह आदि ने सभा को संबोधित करते हुए संतों के ज्ञान और अनुभव साझा किए। मुख्य अतिथि सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने अध्यात्मिक जीवन और आपसी प्रेम की महत्ता को समझाया और कहा कि ईश्वर प्राप्ति का मुख्य मार्ग आपसी प्रेम और समर्पण है। अंत में, सामूहिक गुरु वंदना, आरती, शांति पाठ और एक वृहद भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर अशोक कुमार, परशुराम विश्वकर्मा, अनुराधा देवी, आशा देवी, अनिता देवी, धर्मशीला, मंजु, श्वेता, रामबरत विश्वकर्मा, अवधेश मेहता, प्रवीण कुमार, सत्येन्द्र मेहता, सत्येन्द्र विश्वकर्मा, शिव कुमार पाल, दशरथ यादव, सत्येन्द्र कुमार सिंह, मृत्युंजय कुमार सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## नववर्ष पर झरने और नदियों के किनारे मनाया पिकनिक का जश्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**कांडी।** सूर्योदय के साथ प्रखण्ड में नववर्ष का स्वागत बड़े ही उत्साह और सतर्कता के साथ किया गया। प्रखण्ड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ पर हजारों सैलानी पिकनिक मनाने पहुंचे और यहां के अलावे सोन और कोयल नदी के किनारे लोगों की भारी भीड़ देखी गई। नववर्ष के पहले दिन धूप निकलते ही सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल पर पिकनिक मनाने के लिए लोग पहुंचने लगे। लोग अपनी पसंदीदा जगह पर बैठकर पिकनिक की शुरूआत करते दिखे। यहां तक कि सतबहिनी झरना तीर्थ के चारों ओर खुले मैदानों में भी लोग अपनी पिकनिक का आनंद ले रहे थे। बड़ी संख्या में परिवार अपने बच्चों, बुजुर्गों और दोस्तों के साथ इस पवित्र स्थल पर आए थे। नववर्ष के मौके पर लोगों ने दोनों तरह के भोजन शाकाहारी और मांसाहारी का आनंद लिया। कुछ परिवारों को बीहड़ इलाकों और ऊंचे टीलों पर पिकनिक मनाते हुए देखा गया, जहां लोग वर्जित व्यंजन बना रहे थे। हालांकि, यह स्थल प्रशासन के नियंत्रण में था और सुरक्षा व्यवस्था भी मुस्तैद थी। सैकड़ों की तादाद में लोग पवित्र झरने में स्नान करने के लिए पहुंचे। इसके बाद, उन्होंने मंदिरों में पूजा अर्चना की और नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ अपने परिवार की खुशहाली की कामना की। इस धार्मिक स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली, जो यहां के शांत वातावरण में नववर्ष का आशीर्वाद लेने आए थे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट था। पुलिस की गश्ती टीम ने सतबहिनी झरना तीर्थ के आसपास क्षेत्र का जायजा लिया, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा या अनहोनी से बचा जा सके। प्रशासन की मुस्तैदी के कारण नववर्ष का यह जश्न शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

## नीलकंठ महादेव मंदिर में अंग्रेजी नववर्ष पर विशेष पूजा अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के जोबरईया ग्राम स्थित बंडा पहाड़ पर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में नीलकंठ महादेव की विशेष पूजा अर्चना का किया गया। यह पूजा अंग्रेजी नववर्ष के अवसर पर हुई। इस दौरान मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूजा का मुख्य उद्देश्य आगामी विराट श्री रुद्र महायज्ञ के सफल आयोजन की कामना करना था, जो आठ मार्च से 16 मार्च तक आयोजित होने जा रहा है। इस महायज्ञ के प्रधान संयोजक युवा समाजसेवी राकेश पाल हैं। पूजा अर्चना का संचालन



यज्ञाधीश श्री श्री आचार्य आशीष वैद्य जी महाराज के सानिध्य में हुआ। उनके साथ दीपक मिश्रा और अतुल ब्रह्मचारी ने समवेत मंत्रोच्चार किया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। इस विशेष पूजा में भगवान शिव जी की विशेष पूजा अर्चना की गई, जो नववर्ष के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए एक नई उम्मीद और समृद्धि की शुरूआत का प्रतीक बनी। नववर्ष के अवसर पर हजारों श्रद्धालु नीलकंठ महादेव मंदिर पहुंचे और स्वस्थ, सुखद और समृद्ध जीवन की कामना करते हुए इस पूजा में भाग लिया। मौके पर जागृति युवा क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पाल, उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल, सचिव विनय कुमार पाल, कोषाध्यक्ष विवेकानंद पाल, उपकोषाध्यक्ष चैतू भुईयां, क्लब के सीनियर व जूनियर सदस्य आदि उपस्थित थे।

## जन्मदिन पर सदर अस्पताल में मरीजों को फल और ब्रेड का वितरण

**गढ़वा।** गुरुवार को कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था की ओर से सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल, ब्रेड और अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के सचिव विकास कुमार माली के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया। मौके पर विकास कुमार माली ने बताया कि इस बार उन्होंने अपना जन्मदिन सादगीपूर्ण तरीके से मनाने और जरूरतमंदों की सेवा को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया। इसके तहत सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल और ब्रेड वितरित किए गए। इसके अलावा, शहर और आसपास के क्षेत्रों में भी जरूरतमंद लोगों तक खाद्य सामग्री पहुंचाई गई। विकास माली ने कहा कि पीड़ित और असहाय लोगों की सेवा करना समाज के प्रति हमारी सच्ची जिम्मेदारी है। अस्पताल में भर्ती मरीज पहले से ही कठिन परिस्थितियों से गुजर रहे होते हैं, ऐसे में छोटी-सी मदद भी उनके लिए बड़ी राहत बन सकती है।

## पर्यटकों का हॉटस्पॉट बना सबसे ऊंचा जलप्रपात लोध फॉल

### लातेहार का लोध फॉल नये साल के पहले दिन पर्यटकों से गुलजार



**लातेहार।** झारखंड का सबसे ऊंचा जलप्रपात लोध फॉल पर्यटकों के लिए हॉटस्पॉट बन गया है। नववर्ष के पहले दिन हजारों की संख्या में पर्यटक यहां पहुंचे और यहां की मनोरम वादियां और झारखंड के सबसे ऊंचे जलप्रपात का लुत्फ उठाया। पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। लातेहार जिले के महुआडांड़ प्रखंड स्थित लोध फॉल झारखंड का सबसे ऊंचा जलप्रपात है। लगभग 143 मी की ऊंचाई से सीधे धरती पर गिरने वाला बूढ़ा नदी का पानी झारखंड ही नहीं, बल्कि आसपास के दूसरे प्रदेशों के पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र हैं। लातेहार जिला मुख्यालय से लगभग 110 किलोमीटर और रांची से लगभग 200 किलोमीटर की दूरी पर स्थित लोध फॉल घूमने के लिए नववर्ष के अवसर पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। यहां की प्राकृतिक सुंदरता को देखकर मंत्रमुग्ध हो गये। पर्यटकों ने बताया कि यहां की खूबसूरती को देखकर मन प्रसन्न हो जाता है। यहां अलग-अलग तीन तरफ से नदी का पानी पहाड़ी से सीधे जमीन पर गिरता है। चारों ओर पहाड़ियों से घिरे रहने के कारण इस स्थान की सुंदरता और अधिक बढ़ जाती है। लोध जलप्रपात को पर्यटकों के लिए और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से वन विभाग के द्वारा यहां एक लकड़ी का पुल भी बनाया गया था। पिछले वर्ष हुई भारी बारिश के कारण लकड़ी का पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। इस कारण पर्यटकों को पुल के ऊपर जाने से रोक दिया जाता है।

**दूसरे राज्यों से भी पहुंचते हैं पर्यटक :** झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार और पश्चिम बंगाल समेत कई अन्य राज्यों के पर्यटकों के लिए यह जलप्रपात घूमने का सबसे बेहतर स्थान माना जाता है। नवंबर माह के आरंभ होने के बाद से ही यहां पर्यटकों की भीड़ उमड़ने लगती है और मार्च महीने तक पर्यटकों के आने का सिलसिला जारी रहता है।

## प्लांट हादसे में युवक की मौत, बेलहथ गांव में अंतिम संस्कार



खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** 2026 के पहले सूर्योदय के साथ ही कांडी प्रखंड में नववर्ष का स्वागत बड़े ही उत्साह और सतर्कता के साथ किया गया। नववर्ष के पहले दिन गुरुवार को कांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कार्य और मनोरंजन का एक बेहतरीन तालमेल पेश किया, जो स्थानीय निवासियों के बीच चर्चा का विषय बन गया। नववर्ष के मौके पर बीडीओ राकेश सहाय ने कांडी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का सघन भ्रमण किया। उन्होंने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और विधि-व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान वे बिहार-झारखंड की सीमा पर बहने वाली पवित्र सोन नदी के तट पर भी पहुंचे। केवल निरीक्षण तक सीमित नहीं रहते हुए बीडीओ ने अपने प्रखंड कर्मियों के साथ नाव पर सवार होकर सोन नदी की लहरों का आनंद लिया। नववर्ष के इस विशेष मौके पर बीडीओ ने प्रशासनिक कार्यों को एक साथ टीम भावना में किए जाने का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रखंड कर्मियों के साथ एक ही नाव पर बैठकर नौका विहार करना प्रशासनिक टीम के बीच आपसी समन्वय और एकजुटता का प्रतीक बन गया। बीडीओ राकेश सहाय ने इस भ्रमण के माध्यम से यह संदेश दिया कि कार्य और मनोरंजन का सही संतुलन प्रशासनिक टीम की मजबूती और क्षेत्रीय शांति के लिए महत्वपूर्ण है।

## छह बस्तियों में जरूरतमंदों को गर्म कपड़े और टॉफी वितरित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** नववर्ष के अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार की पहल पर संचालित आइये खुशियाँ बाँटें अभियान को एक नया आयाम दिया गया। सामाजिक और प्रशासनिक सहयोग से इस अभियान को छह विभिन्न वंचित बस्तियों में एक साथ चलाया गया, जिससे अभियान की प्रभावशीलता और भी बढ़ गई। इस विशेष अभियान में वस्त्रदाताओं की सक्रिय उपस्थिति भी रही, जिससे वितरण कार्य को और भी बल मिला। इस अभियान की शुरूआत प्रातः सहिजना की भुइयां टोली से की गई, जहां दलित बस्ती के बच्चों, बुजुर्गों और जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े, टॉफी एवं खाद्य सामग्री वितरित की गई। इसके बाद टीम ने जूटी गांव का रुख किया, जहां प्रवासी श्रमिकों के 100 से अधिक परिवारों को गर्म कपड़े वितरित किए गए। अगला पड़ाव था कुशमाही गांव का आदिवासी परहिया टोला जहां जनजातीय परिवारों के बच्चों, महिलाओं और



बुजुर्गों को स्वेटर, जैकेट, मोजे, शॉल और कंबल प्रदान किए गए। आगे बढ़ते हुए टीम अधकपारी टोला पहुंची, जहां कोरवा आदिम जनजाति के परिवारों को भी गर्म वस्त्र और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई।

इसके बाद गोबरदाहा की मुस्लिम बस्ती में भी वस्त्र वितरण किया गया। अभियान का समापन लोटो गांव के मुसहर टोला में हुआ, जहां महादलित परिवारों को बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी जरूरतमंदों को गर्म कपड़े प्रदान किए गए, ताकि नववर्ष की खुशियाँ उन्हें भी मिल सकें। मौके पर एसडीएम संजय कुमार ने सभी सहयोगकताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि नववर्ष के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर उन्हें मुस्कुराहट देने से अच्छा और कोई सेलिब्रेशन नहीं हो सकता था। उन्होंने बताया कि पिछले 33 दिनों से अनवरत चल रहे इस अभियान को निरंतर जारी रखा जाएगा। मौके पर साबिर अंसारी, यशराज, कमलेश अग्रवाल, रवि केषरी, जितेंद्र सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सुखलदरी पर्यटक स्थल पर सैलानियों की भारी भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** नये साल के आगमन के साथ ही धुरकी थाना क्षेत्र स्थित सुखलदरी पर्यटक स्थल पर गुरुवार को सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ी। विशेषकर कनहर नदी के गिरते फॉल के आसपास हजारों पर्यटक जश्न मनाते नजर आए।

प्रकृति की खूबसूरत गोद में बसे इन दर्शनीय स्थलों पर परिवार और दोस्तों के साथ सैलानी खुशियों में डूबे हुए थे। बढ़ती भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए धुरकी सीओ सह बीडीओ विमल कुमार सिंह और धुरकी थाना प्रभारी जनार्दन राउत के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट था। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे ताकि नए साल का जश्न शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। धुरकी क्षेत्र के मुख्य पिकनिक स्थलों की ओर जाने वाले मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वाहनों की आवाजाही को सुव्यवस्थित रखने के लिए विशेष निर्देश दिए गए थे ताकि जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

इसके साथ ही, असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए पुलिस के जवान लगातार गश्त करते रहे। मौके पर थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने कहा कि नए साल के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। हम चाहते हैं कि लोग इस अवसर पर सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से पिकनिक मनाएं।

### मुन्नू की असमय मृत्यु ने उजाड़ा खुशहाल परिवार का भविष्य



खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के बेलहथ गांव में उस वक्त शोक का माहौल छा गया जब गणेश राम के पुत्र 20 वर्षीय युवक विद्यानंद कुमार उर्फ मुन्नू का शव उसके पैतृक आवास पर पहुंचा। मुन्नू की असमय मृत्यु ने एक खुशहाल परिवार के भविष्य को अंधेरे में डुबो दिया है। अहमदाबाद में मजदूरी करने गए मुन्नू की मौत ने उसके परिवार के साथ-साथ पूरे गांव को गहरे दुख में डाल दिया।

विद्यानंद कुमार अहमदाबाद में प्रशांत लॉजिस्टिक कंपनी में सिग्नल मैन के पद पर कार्यरत था। मंगलवार को ड्यूटी के दौरान प्लांट से गिरने के कारण उसकी मौत हो गई। गुरुवार को जब उसका शव बेलहथ गांव पहुंचा, तो परिजनों और ग्रामीणों के बीच मातम का माहौल था। विद्यानंद के शव के गांव पहुंचते ही सैकड़ों ग्रामीण और स्थानीय नेता शोक जताने पहुंचे। पतीला पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष अमित दुबे के प्रतिनिधि कुंदन कुमार साव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू कुमार और कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। इसके बाद सुंडीपुर स्थित त्रिवेणी घाट पर विद्यानंद का अंतिम संस्कार किया गया।

ज्ञात हो कि विद्यानंद का परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। उसके पिता गणेश राम पिछले छह वर्षों से टीबी और शुगर जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं और उनका इलाज भी परिवार के लिए एक बड़ा खर्चा था। मुन्नू, जो घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था, अपनी पढ़ाई के साथ-साथ परिवार की जिम्मेदारी भी उठा रहा था। अपने पिता के इलाज के खर्च को उठाने के लिए उसने गुजरात में काम करना शुरू किया था। उसकी मां चंचला देवी घर पर छोटे-मोटे काम करती हैं और छोटा भाई रितेश कुमार खरौंधा स्कूल में पढ़ाई कर रहा है।

### सीमेंट दुकान से 5 लाख रुपये ले उड़े




खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** बुधवार रात मझिआंव के चंद्रवंशी पेट्रोल पंप के समीप स्थित सत्येंद्र पांडेय की सीमेंट दुकान में चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चोरों ने दुकान के कैश काउंटर का ताला तोड़कर पांच लाख रुपये की चोरी कर ली। इसके अलावा, लक्ष्मी गणेश भगवान के चित्र अंकित दो पुराने चांदी के सिक्के और सीसीटीवी का हार्ड डिस्क भी गायब कर दिया। सत्येंद्र पांडेय ने बताया कि जब वे सुबह अपनी दुकान खोले तो देखा कि कैश काउंटर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो नगद पांच लाख रुपये और अन्य सामान गायब था। उन्होंने तुरंत 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचित किया और पुलिस लगभग डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंची। छानबीन करने के बाद पुलिस ने घटनास्थल से कुछ जानकारी जुटाई और फिर वहां से चली गई। पांडेय ने बताया कि उन्होंने लिखित शिकायत भी दर्ज करा दी है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस जल्द ही चोरों को पकड़ने का दावा कर रही है और संभावित स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। ज्ञात हो कि यह चोरी बाजार क्षेत्र में छह दिनों के अंदर होने वाली तीसरी घटना है, जो स्थानीय व्यापारियों के लिए चिंता का विषय बन चुकी है।

### जन्मदिन पर सदर अस्पताल में मरीजों को फल और ब्रेड का वितरण

**गढ़वा।** गुरुवार को कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था की ओर से सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल, ब्रेड और अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के सचिव विकास कुमार माली के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया। मौके पर विकास कुमार माली ने बताया कि इस बार उन्होंने अपना जन्मदिन सादगीपूर्ण तरीके से मनाने और जरूरतमंदों की सेवा को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया।

# पाक-चीन के साथ बांग्लादेश

पाकिस्तान से अलग हुए बांग्लादेश, पड़ोसी देश नेपाल, भूटान, श्रीलंका, म्यांमार सब पर भारत का रसूख बना हुआ था, जो अब लगभग खत्म हो चुका है। इन सब देशों के साथ संबंध अभी सामान्य हैं, लेकिन जो गर्माहट पहले हुआ करती थी, वो अब खतरे में है। खास तौर पर बांग्लादेश के साथ तो हमेशा से एक अपनापा रहा है। वहां का मुक्ति संग्राम भारत के कारण सफल हुआ। दोनों देशों का राष्ट्रगान रवीन्द्रनाथ टैगोर ने लिखा है, इस बात पर भी नागरिकों को खुशी होती थी। दोनों देश पाकिस्तान की सैन्य तानाशाही के नुकसान देख चुके हैं। इसके अलावा अविभाजित भारत का हिस्सा होने के कारण सांस्कृतिक, भाषायी, धार्मिक इतिहास की साझेदारी भी रही है। लेकिन अब वही बांग्लादेश भारत को न केवल तोड़ने की धमकी दे रहा है, बल्कि खुलकर पाकिस्तान और चीन के साथ जाते हुए भारत के योगदान की अवहेलना भी कर रहा है। बुधवार को भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमिदुल्लाह को तलब कर ढाका में भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता जताई थी। इसी पर बांग्लादेश की नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के सदर्न चीफ ऑर्गेनाइजर हसनत अब्दुल्लाह ने कहा कि भारत के उच्चायुक्त को देश से बाहर निकाल देना चाहिए था। इससे पहले अब्दुल्लाह भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को अलग करने की धमकी दे चुके हैं। बता दें कि दो महीने में यानी फरवरी 2026 में बांग्लादेश में आम चुनाव होंगे और एनसीपी ने हसनत अब्दुल्लाह को कुमिल्ला-4 से उम्मीदवार बनाया है। इसी कुमिल्ला में अब्दुल्लाह ने भारत विरोधी बातें कहीं, उन्होंने कहा कि भारत के उच्चायुक्त को देश से बाहर निकाल देना चाहिए था क्योंकि वह शेख हसीना को शरण दे रहा है। केन्द्र की सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**मिथुन :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

**कर्क :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह :** पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**कन्या :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक :** पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी रूक्षता रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5

**धनु :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

**कुम्भ :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ? के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

**मीन :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कृषि निर्यात में रिकार्ड बनाता देश और किसान

**पिछले** कुछ वर्षों के खाद्यान्न उत्पादन के भारतीय ट्रैक रिकॉर्ड को देखें तो भारत अपनी बढ़ती जनसंख्या को आराम से खिला सकता है और साथ ही साथ चावल और गेहूं का निर्यात भी कर सकता है। लेकिन इसके लिए भारत को कृषि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाना होगा ।पिछले सात दशकों में भारतीय कृषि ने कई मील के पत्थर पार किए हैं। हरित क्रांति ,पावर जेनरेशन, बुनियादी सुविधाओं और कृषि क्षेत्र में नवीन ज्ञान तकनीक अपनाकर भारत ने इस क्षेत्र में प्रगति की है ।

किन्तु आज भी किसानों की औसत मासिक आय इस समय 10218 है जो 2002 में 2115 की तुलना में अधिक है,पर संतोष जनक नहीं कहा जा सकता। बिहार ,झारखंड, मध्य प्रदेश, उड़ीसा तेलंगाना ,उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में किसानों की औसत मासिक आय 10000 से भी कम है। देश के 50.2% किसान कर्ज में डूबे हुए हैं।

नये वर्ष में किसानों को एक उम्मीद है। भारत की पहचान एक कृषि प्रधान देश के रूप में रही है लेकिन देश के बहुत से किसान बेहाल है इसी के चलते पिछले कुछ समय में देश में कई बार किसान आंदोलनों ने जोर पकड़ा है। देश में कृषि भूमि का मालिकाना हक को लेकर विवाद सबसे बड़ा है ।असमान भूमि वितरण के खिलाफ किसान आवाज उठाते रहे हैं। जमीनों का एक बड़ा हिस्सा बड़े किसानों के पास है।

किसानों की एक बड़ी समस्या यह भी है कि उन्हें फसल पर सही मूल्य नहीं मिलता ,वहीं किसानों को अपना माल बेचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। कोई किसान सहकारी केंद्र पर किसी उत्पाद को बेचना चाहे तो उसे गांव के अधिकारी से कागज चाहिए होगा ।ऐसे में कई बार कम पढ़े लिखे किसानों को औने- पौने दामों पर अपना माल बेचने के लिए मजबूर हो जाते हैं ।अच्छी फसल के लिए अच्छे बीजों का होना बेहद जरूरी है। लेकिन सही वितरण तंत्र ना होने के चलते छोटे किसानों की पहुंच में यह महंगे और अच्छे बीज नहीं आ पाते हैं। इसके चलते उन्हें कोई लाभ नहीं मिलता और फसल की गुणवत्ता प्रभावित होती है । भारत का अधिकांश किसान मानसून की अनिश्चितता से प्रभावित है । पंजाब हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र में सिंचाई के अच्छे इंतजाम हैं। लेकिन देश का एक बड़ा



हिस्सा ऐसा भी है जहां कृषि मानसून पर निर्भर है ।इसके इतर भूमिगत जल के गिरते स्तर ने भी लोगों की समस्याओं में इजाफा किया है ।तमाम मानवीय कारणों से तथा कुछ प्राकृतिक कारण किसानों की परेशानी को



\- सत्यनारायण गुप्ता

> अनेक कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी को कानूनी मान्यता देकर विश्व को राह दिखाना चाहिए ।क्योंकि अमेरिका, जर्मनी और फ्रांस जैसे आधुनिक देशों के साथ पूरे विश्व के किसानों की हालत वर्तमान में अच्छी नहीं है ।उन्हें अपने फसलों का वाजिब मूल्य नहीं मिल रहा है ।एम एस पी की अनिवार्यता को लेकर यह दावा करना कि इससे सरकार पर 12 से 17 लाख करोड़ का बोझ आएगा।

बढ़ा देते हैं ।वर्षा जल से होने वाला मिट्टी का क्षरण होता है इसके चलते मिट्टी अपनी उर्वरता खो देती है। मशीनों और आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रयोग बड़े किसान करने में सक्षम हैं । लेकिन छोटे और सीमांत किसान पारंपरिक तरीकों का इस्तेमाल करते हैं । हालांकि आधुनिक कृषि यंत्रों,खाद, किटनाशक आदि का अधिक प्रयोग भी दीर्घ काल के लिए घातक है।

भारत के ग्रामीण इलाकों में भंडारण की सुविधाओं की कमी है । ऐसे में किसानों पर जल्द से जल्द फसल का सौदा करने का दबाव होता है और और कई बार किसान औने -पौने दामों में फसल का सौदा कर लेते हैं। भारतीय कृषि की तरक्की में एक बड़ी बाधा अच्छी परिवहन व्यवस्था की कमी भी है ।किसी भी व्यवसाय को पनपने के लिए पूंजी की आवश्यकता होती है ।तकनीकी विस्तार ने इस आवश्यकता को और बढ़ा दिया है? लेकिन इस क्षेत्र में पूंजी की कमी बनी हुई है। छोटे किसान महाजनों व्यापारियों से ऊंची दरों पर कर लेते हैं । पिछले कुछ सालों में किसानों ने बैंकों से भी कर लेना शुरू किया है लेकिन हालात नहीं बदले हैं। किसानों की कर्ज माफी पर हाय-तौबा मचाने वाले अर्थशास्त्री उद्योग पतियों की कर्ज माफी और लाखों करोड़ रुपए के एनपीए पर क्यों मौन हो जाते हैं?

कितना दुर्भाग्य है कि भारत में प्रतिवर्ष 10000 से अधिक किसान आत्महत्या करते हैं। 1997 से 2006 के बीच 166304 किसानों ने आत्महत्या की है ।वर्ष 2019 में महाराष्ट्र में 2680,कर्नाटक में 1331, आंध्रप्रदेश में 1019 , तेलंगाना में 628 और पंजाब में 239 किसानों ने आत्महत्या की थी। 2020 में किसानों की आत्महत्या के मामले 4 प्रतिशत बढ़े हैं।

अनेक कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी को कानूनी मान्यता देकर विश्व को राह दिखाना चाहिए ।क्योंकि अमेरिका, जर्मनी और फ्रांस जैसे आधुनिक देशों के साथ पूरे विश्व के किसानों की हालत वर्तमान में अच्छी नहीं है । उन्हें अपने फसलों का वाजिब मूल्य नहीं मिल रहा है । एम एस पी की अनिवार्यता को लेकर यह दावा करना कि इससे सरकार पर 12 से 17 लाख करोड़ का बोझ आएगा। तथ्यात्मक रूप से गलत है यह सोचने वाली बात है कि जब केंद्र सरकार वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर कर्मचारियों का वेतन बढ़ाती है और उस पर 2 से ढाई लाख करोड़ का बोझ हो जाता है तब इस तरह के तर्क अप्रासंगिक हैं। फिर इस बात को नजरंदाज क्यों किया जा रहा है कि एम एस पी पर खरीदे गए सारे अनाज का सरकार मुफ्त वितरण तो नहीं करती, उसकी कुछ मात्रा बेचती भी है। फिर जनवितरण प्रणाली और मनरेगा आदि में लोगों को अनुदानित मूल्य पर अनाज उपलब्ध कराकर सरकार स्वयं इसका श्रेय लेती है तो किसानों को उनकी ऊपज का लाभ दायक मूल्य देने में इसे क्या परेशानी है ।इसी तरह मंडियों की व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता है। किसानों को मंडी के पास जाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए , बल्कि मंडी को किसानों के नजदीक लाने की जरूरत है पूरे देश में महज 7000 मंडियां हैं जबकि 40000 मंडियों की जरूरत है । इसी तरह सहकारी व्यवस्था को भी आगे लाया जाना चाहिए। पंजाब व हरियाणा में किसानों की आय अधिक है क्योंकि यहां अधिकांश खरीद एमएसपी पर होती है ,जबकि पंजाब में बिकने के लिए बिहार जैसे राज्यों से अनाज जाता है । नइस बार हम किसानों की खुशहाली में अपने स्तर से भी योगदान देने का संकल्प लें।

कृषि व्यवसाय तथा किसानों का सम्मान करें तथा प्याज और टमाटर के भाव बढ़ने पर नाक-भौंह न सिकौडें। सरकार,आम जनता तथा किसानों को मिलकर मुंशी प्रेमचंद के इस कथन को गलत सिद्ध करने के लिए प्रयास करना होगा--₹भारतीय किसान गरीबी में जन्म लेता है, गरीबी में जीता है और गरीबी मेंही इस दुनिया को छोड़ देता है।

## खास बात

### नदियों को जोड़ें

**वाजपेयीजी** के समय शुरू की गयी नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

**- विजय लकड़ा, कांके रांची**

### जीवन जी जीन

**एक** ताजा शोध में वैज्ञानिकों ने दीर्घ आयु से जुड़ी कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों की पहचान की है। इन्हें सिनर्जिस्टिक सेलुलर पाथवे भी कहा जाता है। ये संकेत मार्ग ह्यसी एलिगेंसनामक पारदर्शी नेमेटोड कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि कर सकते हैं।

बुढ़ापा-रोधी शोध में इस कीड़े का उपयोग एक मॉडल के रूप में होता है। इसके कई जीन मनुष्य से मिलते-जुलते हैं। इसका जीवनकाल औसतन तीन हफ्ते का होता है। कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि मनुष्य के चार सौ या पांच सौ वर्ष तक जिंदा रहने के बराबर है। वैज्ञानिकों की शोध मुख्य रूप से सी एलिगेंस कीड़े में आयु-वृद्धि को नियंत्रित करने वाले दो प्रमुख संकेत-मार्गों पर आधारित हैं। ये संकेत मार्ग विकास-क्रम के दौरान मनुष्यों को हस्तांतरित हुए हैं। वैज्ञानिक काफी समय से कोशिकाओं के इन संकेत मार्गों पर गहन शोध कर रहे हैं।

इस खोज से ज्यादा प्रभावी बुढ़ापा-रोधी दवाएं विकसित करने में मदद मिलेगी। अमेरिका की ह्यएमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबोरेटरी, कैलिफोर्निया में नोवाटो स्थित बक इंस्टीट्यूट फॉर शोध ऑन एजिंग और चीन की नानजिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मिलकर के साथ मिलकर कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों का पता लगाया है।

**- रविशंकर सिंह, रांची**

# नाम में ही नहीं विचारों में भी करना होगा बदलाव

## व्यंग्य

**सुशील कुमार 'नवीन'**

**मॉर्निंग वॉक** में मेरे साथ अजीब किस्से घटते ही रहते हैं। कोशिश करता हूं कि बचा रहूं पर हालात ही ऐसे बन जाते हैं कि बोले और कहे बिना रहा ही नहीं जाता। सुबह-सुबह हमारे एक दुखियारे पड़ोसी श्रीचन्द जी मिल गए। दुखियारे इसलिए कि ये 'तारक महता का उल्टा चश्मा' के पत्रकार पोपट लाल की तरह है। लाख जतन कर लिए पर विवाह का संजोग नहीं बन रहा। मुझसे बोले-आप हमारे बड़े भाई हैं। एक सलाह लेनी है। मैंने कहा-जरूर, मुझसे आपका कोई काम बने तो यह मेरा सौभाग्य होगा। एक बाबा के विज्ञापन की कटिंग दिखाकर बोले-कल इस बाबा जी के पास गया था। मैंने उनसे सारी कहानी विस्तारपूर्वक सुनाने को कहा तो उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे मैं विज्ञापन में दिए गए पते पर पहुंचा। बाबा जी एक रंगीन लाइटों से जगमगाते कक्ष में सुंदर आसन पर भस्म रमाये बैठे थे। चारों ओर धूप और दीप की सुगंध बरबस उन्हीं की ओर खींच रही थी।

कमरे में मेरे प्रवेश करते ही बाबा ने अपने दिव्य चक्षु खोले। मेरी तरफ देखा और हंसकर बोले-श्रीचन्द, सब गड़बड़ी तुम्हारे नाम में है। नाम बदलना पड़ेगा। मैंने भी उत्सुकतावश इस बारे में और जानना चाहा तो बोले-बड़े भोले बनते हो। नाम श्री(लक्ष्मी) चन्द(चन्द्र, सरताज,स्वामी) रखकर 'श्री' का वरण करना चाहते हो। नहीं हो सकता। अनन्ता,अवयुक्ता,अनिरुद्धा,अदित्या, दयानिधि,दानवेन्द्र,देवेश, देवकीनन्दन तुम्हें कभी भी ऐसा नहीं करने देंगे। नाराज है वो तुमसे। मूर्ख बालक। अपने घर की 'श्री' तुम्हें कौन देगा।

बाबा लगातार बोलते जा रहे थे और मैं सुनता जा रहा था। उनके रुकने पर उपाय पूछा तो वो बोले-कृपा चाहते हो तो अपने नाम के आगे से 'श्री' हटा दो। मैंने कहा-नाम से 'श्री' हटाने से तो मजाक बन जायेगा। 'श्री' के बिना तो चन्द की कोई वैल्यू ही नहीं रहेगी। बाबा गुस्सा होकर बोले- तुम तो निरे अज्ञानी हो।'श्री' हटाने से भी तुम्हारे नाम में कोई कमी नहीं आएगी। रूपवान हो तो चन्द के साथ 'रूप' जोड़ रूपचन्द हो जाओ। परमात्मा की मेहर चाहिए तो 'मेहर' जोड़ मेहरचन्द हो जाओ। धार्मिकता रग रग में भरी हो तो 'धर्म' जोड़ धर्मचन्द हो जाओ। दयावान हो तो 'दया के चन्द' दयाचन्द हो जाओ। पूर्णता प्राप्त करनी हो तो पूर्णचन्द बन जाओ। अमरता प्राप्त करनी हो तो अमरचन्द हो जाओ। रोमान्टिक हो तो प्रेमचन्द बन जाओ। सोमप्रिय हो तो सोमचन्द हो जाओ। ज्ञानवान हो तो ज्ञानचन्द बन जाओ। बाबाजी का प्रवचन रुकने का ही नाम नहीं ले रहा था। नाम बदलने से तुम्हारा भाग्य बदलेगा या नहीं यह मैं नहीं कह सकता। पर नाम क्या, नाम में एक भी वर्ड की बढ़ोतरी और घटोत्तरी सब कुछ बदल सकती है। राम रमा तो मोहन मोहिनी, श्याम श्यामा का रूप धर लेता है तो कृष्ण कृष्णा बन जाता है। ज्ञान अज्ञान बन जाता है तो धर्म अधर्म में बदल जाता है। सत्य असत्य तो नाम अनाम बन जाता है। श्री चन्द बोले-आप भी लग गए बाबा जी जैसे ज्ञान बांटने। सीधे-सीधे समझाओ तो कोई बात बने।

मैंने कहा- मेरे भाई। सब आजमा लिया। ये भी आजमा लो। मन तो सन्तुष्ट होगा ही। कुछ मिलेगा तो ठीक अन्यथा जैसे हो वैसे तो रहोगे ही। वो बोले-मतलब। मैंने कहा- नाम के साथ विचारों में भी बदलाव जरूरी है। दुष्ट प्रवृति और नाम सुशील, ख्याल पुराने नाम नवीन, काम राक्षसों के और नाम प्रभुदयाल रखने से थोड़े भलाई पाओगे। मुखौटा छलावे के लिए ही होता है। मुखौटा पहनने का शौक है तो ये भी आजमाकर देख लो। पोपट के साथ चाहे लाल लगाओ चाहे चन्द। रहेगा तो वो पोपट ही। बॉम्ब को बम कहने से वो विनाश कम थोड़े ही न करेगा।

श्रीचन्द ने दोनों हाथ जोड़े और कहा-भाई, गलती हो गई, जो आपसे सलाह मांग ली। आपने तो बात को सुलझाने की जगह इसे और उलझा कर छोड़ दिया। मुझे खुद ही इस बारे में कोई निर्णय लेना पड़ेगा। यह कहकर वो वहां से निकल गए। मुझे उनसे इस प्रत्युत्तर की उम्मीद कतई नहीं थी।

आप ही बताओ मैंने क्या गलत कहा। जब 'बिल्लू बारबर' फिल्म पर विवाद हुआ तो बारबर हटा 'बिल्लू' कर दिया। पद्मावती 'पद्मावत' बन गई। रैम्बो राजकुमार 'आर राजकुमार' बन गया। मेंटल है क्या ने ''जजमेंटल है क्या' का रूप धर लिया। लवरात्रि को 'लवयात्री' तो रामलीला को 'गोलियों की रासलीला-रामलीला' बना दिया। इससे कुछ फर्क पड़ा। कहानी वही, पात्र वही रहे। फेरबदल सिर्फ नाम का और कुछ नहीं। ताजा उदाहरण 'लक्ष्मी बॉम्ब' का है। विवाद हुआ तो बॉम्ब हटा 'लक्ष्मी' नाम कर दिया गया है वो भी स्पेलिंग बदलकर। अब इससे क्या फर्क पड़ेगा। जब नाम बदलने से कहानी में, थीम में फर्क ही नहीं पड़ रहा तो नाम बदलना क्या जरूरी है। बदलना है तो विचार बदलें। नाम तो लोग अपने आप धर लेंगे।

# रेलवे का एक वित्त वर्ष में दूसरी बार यात्री किराया बढ़ाकर राजस्व में सुधार का प्रयास

## सामयिक

**भारतीय** रेलवे का रेलवे द्वारा यात्री किराए में बढ़ोतरी की गई जिससे वित्त वर्ष 2026 में अतिरिक्त आय प्राप्त होगी और परिचालन सुधार के प्रयास किए गए, लेकिन संरचनात्मक चुनौती बनी रहेगी

इस वित्त वर्ष में रेल यात्री किराये में दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है जो 26 दिसंबर से लागू हुई है। यह बढ़ोतरी भारतीय रेल की परिचालन दक्षता में सुधार की मंशा को दशार्ती है। इस कदम के परिणामस्वरूप रेलवे से जुड़े प्रमुख शेयरों में लगभग 10 फीसदी तक की वृद्धि हुई, क्योंकि बेहतर राजस्व की संभावना को लेकर उम्मीदें बढ़ीं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि वर्तमान बढ़ोतरी कोई सार्थक अंतर पैदा करेगी या रेलवे वित्त में गहराई से जमी संरचनात्मक दिक्कतों को दूर कर ?पाएगी।

रेलवे ने इस वृद्धि को सामान्य बताया है और इसे यात्रियों पर न्यूनतम बोझ डालने के लिए संतुलित किया गया है। इसी उद्देश्य से, उपनगरीय और मासिक सीजन टिकट तथा 215 किलोमीटर तक की दूरी के लिए सामान्य श्रेणी का किराया पहले जैसा ही रखा गया है। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में वातानुकूलित तथा गैर-वातानुकूलित श्रेणियों का किराया 2 पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ेगा। साधारण ट्रेनों में गैर-वातानुकूलित यात्रा के लिए 215 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर किराया 1 पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ेगा।

रेलवे को उम्मीद है कि ताजा बढ़ोतरी से वित्त वर्ष 2026 में 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी, जो इससे पहले की बढ़ोतरी से प्राप्त 1,500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त होगी। हालांकि यह अतिरिक्त राजस्व आवश्यक है, लेकिन इससे रेलवे की आय की मूल संरचना में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है, क्योंकि रेलवे की 60 फीसदी से अधिक आय माल भाड़े से आती है। साथ ही, परिचालन अनुपात (परिचालन व्यय बनाम यातायात आय का अनुपात), जो 98 फीसदी के आसपास है, उसमें में भी कोई महत्त्वपूर्ण सुधार नहीं होगा।

किराया बढ़ोतरी से पहले, यात्री किराए पर होने वाली हानियां जिन्हें मुख्यतः रेलवे की सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करने के रूप में देखा जाता था, टिकट लागत के 40 फीसदी से अधिक थीं। इस घाटे की भरपाई माल भाड़े से होती है, जो रेलवे के थोक परिवहन पर लगभग एकाधिकार से प्राप्त होता है। विडंबना यह है कि यह क्रॉस-सब्सिडी निजी क्षेत्र के सड़क परिवहन नेटवर्क की निरंतर घटती बाजार हिस्सेदारी पर निर्भर है।

आज रेलवे का माल परिवहन बाजार



में 27 फीसदी हिस्सा है और इसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2031 तक अपने हिस्से को बढ़ाकर 45 फीसदी करना है। समस्या यह है कि यह लक्ष्य दो कमजोरियों पर आधारित है। पहला, कोयला ढुलाई राजस्व का आधे से अधिक हिस्सा है जो 2015-16 में 45 फीसदी थी। कोयले पर यह बढ़ती निर्भरता अब मध्यम अवधि के जोखिम के रूप में देखी जा रही है क्योंकि जलवायु परिवर्तन से संबंधित अकार्बनीकरण लक्ष्यों को गति मिल रही है।

दूसरा, तैयार धातु, रसायन, कृषि उत्पाद आदि जैसे अन्य उच्च-मूल्य वाले सामान की बजाय जिंसों पर ध्यान केंद्रित करने से माल राजस्व सीमित हो गया। पंजाब से बिहार और नवी मुंबई से नोएडा तक दो लगभग पूर्ण समर्पित माल गलियारे, जिनका उद्देश्य उच्च मांग वाले मार्गों पर भीड़भाड़ की समस्याओं को हल करना है, अभी तक रेलवे के माल परिवहन हिस्से में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं ला पाए हैं।

राजस्व के लिए दबावग्रस्त माल क्षेत्र पर निर्भरता ने रेलवे को उसकी कठोर लागत संरचना के कारण एक अस्थिर स्थिति में ला दिया है। राजस्व व्यय का 40 फीसदी से अधिक हिस्सा कर्मचारियों के वेतन और पेंशन पर जाता है। यह आंकड़ा आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों के बाद और बढ़ सकता है। बढ़ती ऋण देनदारी और ईंधन लागत के साथ मिलकर, रेलवे का राजस्व व्यय आंतरिक राजस्व प्राप्तियों का लगभग 99 फीसदी हो जाता है, जिससे पूंजीगत व्यय के लिए लगभग कुछ भी नहीं बचता।

इससे रेलवे विस्तार, आधुनिकीकरण और सुरक्षा ढांचे पर खर्च के लिए बजटीय सहायता और बढ़ते उधार पर अत्यधिक निर्भर रहता है, जो लंबे समय में अस्थिर है। खुद को विश्वस्तरीय उपयोगिता में बदलने के लिए, रेलवे को अपने वर्तमान मॉडल पर पुनर्विचार करना होगा, जिसमें सामाजिक दायित्वों और वाणिज्यिक जवाबदेही के बीच संतुलन बनाया जाता है।

# रिया सिंह ने हजारीबाग के डीडीसी का पदभार संभाला

## ओम प्रकाश गुप्ता ने नगर आयुक्त का पदभार ग्रहण किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** नए वर्ष के पहले दिन गुरूवार को जिले में दो महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर नए अधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया। झारखंड सरकार द्वारा हाल ही में किए गए बड़े तबादले के तहत ये नियुक्तियां हुई हैं, जिससे जिले के विकास और नगर प्रशासन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। हजारीबाग के नए उप विकास आयुक्त (डीडीसी) रिया सिंह (भाप्रसे) ने पदभार ग्रहण किया। रिया सिंह ने गुरूवार को हजारीबाग जिले के उप विकास आयुक्त के पद पर प्रभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण के तुरंत बाद उन्होंने उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से शिष्टाचार भेंट की और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। श्रीमती सिंह एक अनुभवी आईएएस अधिकारी हैं, जिन्होंने पहले विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उनकी इस नई जिम्मेदारी से जिले में ग्रामीण विकास, योजना कार्यान्वयन और जनकल्याणकारी योजनाओं को और अधिक गति मिलने की अपेक्षा की जा रही है।

नगर निगम के नए नगर आयुक्त ओम प्रकाश गुप्ता (भाप्रसे) ने भी पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के उपरांत उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें नगर निगम की कार्य प्रणाली, चल रहे कार्यों और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। नगर आयुक्त की नियुक्ति से शहर की सफाई, बुनियादी ढांचे के विकास, यातायात प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं में सुधार की उम्मीद जगी है।




### हजारीबाग सदर को मिला नया अनुमंडल पदाधिकारी

हजारीबाग । झारखंड कैडर के युवा आईएएस अधिकारी आदित्य पांडेय ने गुरूवार को हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) के रूप में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। यह पदभार ग्रहण जिले के लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि लगभग डेढ़ वर्षों के लंबे अंतराल के बाद हजारीबाग सदर को एक पूर्णकालिक और नियमित एसडीओ मिला है। इससे पहले यह अनुमंडल पदाधिकारी का प्रभार जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) वैद्यनाथ कामती के पास अतिरिक्त प्रभार के रूप में था। लंबे समय तक अतिरिक्त प्रभार चलने के कारण प्रशासनिक कार्यों में कुछ चुनौतियां आईं थीं, जिसे अब नए एसडीओ के पदभार ग्रहण के साथ नई गति और दिशा मिलने की उम्मीद है। आदित्य पांडेय झारखंड सरकार द्वारा बीते वर्ष की 31 तारीख को जारी किए गए बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत हजारीबाग सदर एसडीओ बनाए गए थे। इस तबादले में कुल 15 आईएएस



अधिकारियों के स्थानांतरण हुए थे, जिसमें कई प्रमुख जिलों में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई। श्री पांडेय एक युवा, ऊर्जावान और मेहनती अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। उनका पदभार ग्रहण हजारीबाग जिले के विकास, कानून-व्यवस्था, राजस्व प्रबंधन, आपदा प्रबंधन और जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर नए सिरे से काम करने की शुरूआत मानी जा रही है। जिले के विभिन्न संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने नए एसडीओ को बधाई दी है और उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में अनुमंडल स्तर पर जनसेवा में और अधिक सुधार देखने को मिलेगा।

## एक नजर में

### टाटीझरिया में धूमधाम से मना नया साल



**टाटीझरिया ।** प्रखंड क्षेत्र के सीझूआ झरना, सिवाने नदी, बौधा डैम, अरघवा नदी समेत अन्य विभिन्न स्थलों में खैरा झरपो भराजो ,डूमर धर्मपुर डहरभंगा पंचायत बेडम आठों पंचायत के विभिन्न पिकनिक स्थलों में शैलानियों ने हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने परिजनों संग एक दूसरे को अंग्रेजी के नव वर्ष 2026 की आगमन पर कोई नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं तो कोई हैपी न्यू ईयर कहकर एक दूसरे बधाई संदेश दिया। और पिकनिक स्पोट्र्स में लोगों ने विभिन्न व्यंजन मिठाई का स्वाद आनंद लिया। वही क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में पिकनिक मना रहे लोगों से टाटीझरिया थाना प्रभारी इंद्रजीत कुमार ने क्षेत्रवासियों को नव वर्ष के अवसर हार्दिक शुभकामनाएं दिया। और क्षेत्र वासियों से आग्रह किया कि अंग्रेजी के नव वर्ष 2026 को आपसी भाई चारे के साथ मनाए। साथ ही पिकनिक स्थलों में टाटीझरिया पुलिस प्रशासन के गस्ती दल साथ शांति व्यवस्था बनाने को लेकर देखे गए।

### नववर्ष पर मंदिरों और पार्कों में उमड़ी भीड़



**रामगढ़।** नये साल पर रामगढ़ जिला के मंदिर और पार्क गुलजार रहे। नये वर्ष पर रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके मंदिर, टूटी झरना मंदिर, माया टुंगरी मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना के साथ नये वर्ष की शुरूआत की।


साथ ही मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क, रामगढ़ के ब्रिगेडियर पूरी पार्क और पतरातू डैम भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और नये वर्ष का जश्न मनाया। इस दौरान बच्चे और युवा उत्साहित दिखे। पतरातू डैम में नये वर्ष पर बड़ी संख्या में लोगों ने बोटिंग किया।



### कुजू में पिकनिट स्पॉटों पर उमड़ी भीड़



**कुजू।** कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में गुरूवार को नये वर्ष का स्वागत जोरदार तरीके से हुआ। इस दौरान लोगों ने बुधवार की मध्य रात्रि से ही नये साल का स्वागत किया। लोगों ने पटाखे छोड़ते हुए नव वर्ष का स्वागत धूमधाम से तरीके से किया। इधर सुबह में क्षेत्र के पिकनिक स्पॉटों पर पर लोगों की भीड़ रही। वहीं चौक-चौराहों में मीठ-मुर्गे सहित सब्जी दुकानों में समान खरीदने के लिए लिए लोग नजर आये। साथ ही पिकनिक स्पॉटों पर लोगों ने जमकर डीजे पर थिरके।



## हजारीबाग : अंजनी कुमार झा ने डीआईजी का किया पदभार ग्रहण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड पुलिस में बड़े पैमाने पर हुए तबादले और प्रोन्नति के तहत अंजनी कुमार झा (भारतीय पुलिस सेवा) ने गुरूवार को हजारीबाग के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) पद पर औपचारिक रूप से प्रभार ग्रहण कर लिया। यह नियुक्ति झारखंड सरकार द्वारा बीते 31 दिसंबर को जारी किए गए प्रमुख आईपीएस फेरबदल का हिस्सा है, जिसमें कई वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

पदभार ग्रहण समारोह के दौरान उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने नए डीआईजी को पुष्पगुच्छ भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात की और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी नए डीआईजी का स्वागत किया। बता दें कि अंजनी कुमार झा (2012 बैच के आईपीएस अधिकारी) इससे पूर्व झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग के उप-निदेशक के पद पर तैनात थे। उनकी इस नई जिम्मेदारी में हजारीबाग रेंज (जिसमें हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा आदि क्षेत्र शामिल हैं) की समग्र कानून-व्यवस्था, नक्सल विरोधी अभियान, अपराध नियंत्रण एवं पुलिस बल की क्षमता वृद्धि पर विशेष फोकस रहने की उम्मीद है। झारखंड सरकार के इस बड़े प्रशासनिक बदलाव से राज्य में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नए डीआईजी की नियुक्ति से जिलेवासियों में सुरक्षा की भावना मजबूत होने की अपेक्षा की जा रही है।

## आयुक्त पवन कुमार व अवर सचिव राकेश कुमार को दी गयी विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त पवन कुमार और अवर सचिव राकेश कुमार के सेवानिवृत्ति के अवसर पर प्रमंडलीय कार्यालय के सभा कक्ष में एक भावभीनी एवं गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने दोनों वरिष्ठ अधिकारियों के लंबे प्रशासनिक सफर, कुशल नेतृत्व, ईमानदारी, अनुशासन और जनहित में किए गए योगदान को याद किया। वक्ताओं ने उन्हें संवेदनशील एवं आदर्श प्रशासन का जीवंत उदाहरण बताया।



आयुक्त ने अपने 33 वर्षों के सेवाकाल को नदी की धारा से तुलना करते हुए कहा कि यदि मैं अपने सेवाकाल को नदी की धारा के रूप में देखूं, तो आज का दिन ऐसा लगता है मानो वह धारा मुझे एक किनारे पर लाकर खड़ा कर गई हो। इस किनारे पर खड़े होकर पीछे मुड़कर देखता हूं तो अनुभव होता है कि यह यात्रा केवल कार्यों की नहीं बल्कि अनुभवों, सीख और सहयोग की रही है। कार्य की शुरूआत में अनुभव नहीं होता, अनुभव तो कार्य करते-करते ही प्राप्त होता है और वहीं से पूर्णता का मार्ग भी प्रशस्त होता है। आज मैं सभी सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं जिनके सहयोग से यह यात्रा सार्थक बन सकी।

अवर सचिव राकेश कुमार ने अपने संबोधन में प्रशासनिक सेवा को समाज सेवा का सुनहरा अवसर बताते हुए कहा कि कई बार नियमों के सही अनुपालन न होने से कार्य का मूल उद्देश्य अधूरा रह जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्य के मूल उद्देश्य को समझते हुए सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्वयन किया जाए, तभी जनहित में वास्तविक लाभ पहुंच पाएगा। उन्होंने सहकर्मियों के सहयोग को अविस्मरणीय बताते हुए सभी को धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी प्रशासन जनसेवा के मूल मंत्र पर अडिग रहेगा।

## पुराने साथियों के साथ दिखे अरविंद कुमार

**भुरकुंडा(रामगढ़)।** औरंगाबाद जिले के बारूण प्रखंड अंतर्गत खैरा पंचायत के उप-मुखिया, वार्ड संघ के प्रखंड अध्यक्ष एवं बिहार प्रदेश संयोजक अरविंद कुमार ने नए साल के अवसर पर झारखंड के रामगढ़ जिला अंतर्गत भुरकुंडा क्षेत्र में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अपने पुराने राजनीतिक साथियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर वर्षों पुरानी यादों को ताजा किया। सैकड़ों सहयोगियों के बीच भावनात्मक माहौल देखने को मिला, जहां सभी ने एक-दूसरे की



खुशहाली और प्रगति की कामना की। मौके पर अरविंद कुमार ने बिहार में होने वाले पंचायत आम चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन मॉडल और पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश के कड़े निर्देशन व निगरानी में यह चुनाव पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और नियमों के अनुपालन के साथ संपन्न होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार पंचायत चुनाव काफी दिलचस्प होंगे, क्योंकि वही उम्मीदवार सफल होंगे जिनके पास वास्तविक और मजबूत जनाधार होगा। अरविंद कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालकर मतदाताओं को गुमराह करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। चुनाव के दौरान गलत सूचना फैलाने या भ्रामक प्रचार करने पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ और निष्पक्ष बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि बिहार में पहली बार पंचायत चुनाव मल्टी-पोस्ट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से कराए जाएंगे। ग्राम पंचायत के छह पद मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य, पंच, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य–के लिए अलग-अलग बैलेट यूनिट वाली ईवीएम का उपयोग होगा। मौके पर मनोज कुमार सिंह, अजय साहू, बिहारी मांझी, रमेश, संतोष, सत्यनारायण ठाकुर,सोनू ठाकुर, कुमार आलोक, दीपक कुमार, दुर्गविजय भारद्वाज, अजय, अमीत साहू, अनुप सिंह, रितेश मिश्रा,बबन, बबलू साव, बंटी, बडकु, ब्यास मुखिया,दीपक पांडेय, गुडन अमीत, जितेन्द्र सिंह, किशुन नायक,कौशल सिंह, मनोज मंगल चौधरी, बैधनाथ यादव, मुकेश राउत, निरंजन सिंह, सुमित पाठक, पवन,पवन सोनी, राजन राउत, राणा भट्टाचार्य, शंकर मांझी,शत्रुध्न सोनी, रंग बहादुर सिंह, शिवलाल मांझी, सुनिल यादव,जसपाल सिंह, कामाख्या, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल के लोगों ने नववर्ष का जमकर उठाया लुत्फ

- लजीज व्यंजनों का लिया आनंद, नये साल की दी बधाई
- पतरातू डैम में उमड़ा जन-सैलाब, नाव और बोट से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नववर्ष 2026 को लेकर कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को पिकनिक की धूम रही। इस दौरान लोगों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों के साथ मनोहारी नृत्य और संगीत के बीच अपने आप को सराबोर करते दिखें। मालूम हो कि पतरातू डैम की पहचान एक प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट के रूप में की जाती है। यहां जलाशय बाहें फैलाए सैलानियों का इंतजार करते रहती है। प्रत्येक नये वर्ष के अवसर पर इस जलाशय पर पिकनिक मनाने के लिए सैंकड़ों लोग आया करते हैं। छुट्टियों और नये वर्ष के अवसर पर हजारों की






संख्या में सैलानी पतरातू डैम पहुंचकर अपनी थकावट को दूर करने के साथ-साथ हसीन वादियों के बीच पिकनिक मानने का भी लुत्फ उठाते हैं। इधर दिसंबर माह से पतरातू डैम में रामगढ़, रांची, गिद्दी, रेलीगढ़ा, उरीमारी, सेंट्रल सौंदा, सौंदा डी, रीवर साईड, चिकोर, पाली, निम्मी, सुद्दी, देवरिया, मतकमा, जवाहर नगर, पगला आश्रम, लपंगा, चैनगडा, बरकाकाना, भुरकुंडा, भदानीनगी व बासल सहित विभिन्न क्षेत्रों के हजारों लोग नववर्ष 2026 के आगमन के अवसर पिकनिक में लजीज व्यंजनो का जमकर आनंद लिया। साथ ही एक-दूसरे के गले मिलकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। वहीं आईएजी डैम, दोमुहानी, रीवर साईड दामोदर नदी तट सहित अन्य क्षेत्रों के नदी और तालाबों में लोगों ने नववर्ष का जमकर लुत्फ उठाया। लोग सुबह ही अपने-अपने घरों से पिकनिक स्पॉटों के लिए निकले जहां जमकर मौज-मस्ती की। साथ ही लोगों ने नाव व बोट के माध्यम से पतरातू डैम भ्रमण का भी जमकर आनंद लिया। वहीं कई जगह पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसमें शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने गीत संगीत और नृत्य के माध्यम से नए साल को यादगार बना दिया। विधि-व्यवस्था बनाए रखने में चौक-चौराहों सहित पिकनिक स्पॉटों पर पुलिस-प्रशासन दल-बल के साथ मुस्तैद दिखी। प्रेस क्लब का जर्नलिस्ट के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह कहते हैं कि पिकनिक मौज-मस्ती करने का बेहतर जरिया होता है। पिकनिक के दौरान लोग एक अलग ही दुनिया में चले जाते हैं, जहां सिर्फ मौज-मस्ती व खाने-खिलाने का दौर चलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनो से मन आनंदित और प्रफुल्लित होकर आत्मसंतुष्टि से ओत-प्रोत हो जाता है। साथ ही पिकनिक दोस्तों के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का अवसर भी देता है। पिकनिक के जरिए आपसी भाईचारगी तो प्रगाढ़ होती ही है मन आनंदित एवं फ्रस्टेशन कम हाने के साथ-साथ कई बेहतरिंग यादों को संजोने का भी मौका मिलता है। श्री सिंह ने कहा कि पिकनिक तरोताजा व आनंदित होने का एहसास तो कराता ही है, यह आपसी प्रेम व भाईचारगी को और प्रगाढ़ भी करता है।

# नव वर्ष पर तिलैया डैम व उरवां के एडवेंचर पार्क में लोगों ने खूब की मस्ती

- उपायुक्त ने अपने परिवार संग उरवां के फ्लोटिंग बोट का लिया आनंद

खबर मन्त्र संवाददाता





**चंदवारा (कोडरमा)।** नव वर्ष के मौके पर प्राकृतिक मनोरम वादियों में बसे तिलैया डैम व जवाहर घाट में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी काफी संख्या में लोग नव वर्ष को यादगार बनाने के लिए पहुंचे। हजारों की संख्या में कोडरमा, हजारीबाग समेत पश्चिम बंगाल, बिहार के अलावे प्रदेश के आस-पास के जिले के लोग जुटे और यहां पहुंचे लोगों ने नौका विहार व जवाहर घाट के फिसरी जंगल में सिकारा वोट का आनंद लिया। इस वर्ष डबल डेकर बोट नहीं चलने से लोगों में नाराजगी दिखी। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए शाम 5 बजे तक ही वोट संचालन की अनुमति दी गई थी। इस वर्ष सैलानियों के लिए उपलब्ध करीब 40 स्टीमर व उरवां के एडवेंचर पार्क फ्लोटिंग बोट, मोटर बोट, साइकिल बोट, स्टीमर का भी आनंद लिए। तिलैया डैम पहुंचे लोगों की पहली पसंद स्टीमर बोट थी। वहीं उपायुक्त ऋतुराज ने अपने परिवार के साथ उरवां के फ्लोटिंग बोट का आनंद लिया। तिलैया डैम व जवाहर घाट पहुंचे लोगों ने अपने परिवार के साथ स्टीमर बोट व सिकारा बोट में लहरों के बीच नौका विहार का जमकर लुफ्त उठाया। वहीं बच्चे पार्क में बने झूले का मजा लेते दिखे। जवाहर घाट में काफी संख्या में सैलानी पिकनिक मनाने के बाद रांची पटना मुख्य मार्ग रेलवे ओवर ब्रिज, फोर लाइन सड़कों के बीच पहाड़ों पर लोग सेल्फी लेते रहे। पिकनिक मनाने पहुंचे प्रमोद राय, प्रेमचंद कुमार, सदानंद सिंह, सुनीता देवी, अनिल कुमार पांडेय, विवेक सिंह, डिंपल कुमारी समेत कई लोगों ने अपने फैमिली के साथ पिकनिक मनाते दिखे। वहीं परिजनों ने कहा कि तिलैया डैम व जवाहर घाट में पिकनिक करने का आनंद ही कुछ और है, हम लोग यहां प्रत्येक वर्ष पिकनिक मनाने आते हैं। कई लोगों ने कहा कि प्रशासन की ओर से निरंतर पेट्रोलिंग का पिकनिक मनाने वाले लोगों की सुरक्षा दी जा रही है। प्रशासन के सहयोग से हम लोग निर्भीक होकर पिकनिक मनाते हैं। मौके पर सीओ अशोक कुमार भारती, बीडीओ सुमित कुमार मिश्रा, माइका अंचल निरीक्षक सुजीत कुमार, चंदवारा थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार, तिलैया डैम ओपी प्रभारी प्रेम कुमार, महिला थाना प्रभारी हेमा कुमारी समेत कई महिला पुरुष जवान मौजूद थे।

## उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का किया शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को समाहरणालय परिसर, चतरा से उपायुक्त कीर्तिश्री के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके साथ ही जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (01 जनवरी से 31 जनवरी) के कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार तथा जिला परिवहन पदाधिकारी महेश्वरी प्रसाद यादव सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। रथ को रवाना करते हुए उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिले में 01 जनवरी से 31 जनवरी तक बाइक रैली, प्रभात फेरी, पदयात्रा, नुक्कड़ नाटक, निबंध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, सघन वाहन जांच सहित अन्य जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की अगली कड़ी में सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ के रवाना होने के उपरांत जिला परिवहन कार्यालय से जिला परिवहन पदाधिकारी महेश्वरी प्रसाद यादव द्वारा बाइक रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करते हुए ही वाहन चलाएं। इन जागरूकता अभियानों के माध्यम से जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## नये वर्ष के आगमन पर लोगों ने जमकर की मस्ती व पिकनिक का उठाया आनंद



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नव वर्ष 2026 के स्वागत में गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र में जश्न का माहौल रहा, लोगों ने उत्साह व उमंग के साथ नये साल का स्वागत किया। नये साल के आगमन पर लोगों ने जमकर मस्ती की व पिकनिक का आनंद उठाया। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पिकनिक स्पॉट गुलजार दिखे। सबसे ज्यादा भीड़ पंचखेरो डैम व इसके आसपास दिखी। लोग भारी संख्या में पंचखेरो डैम में पिकनिक मनाने के साथ ही हसीन वादियों का दीदार करने व बोटिंग का आनंद लेने पहुंचे, इसके अलावा अन्य पिकनिक स्पॉट कर्मा धाम, बराकर नदी आदि जगहों पर भी लोग पहुंचे और नये साल का जश्न मनाया। वही पिकनिक को लेकर सुबह में बाजार में सामान खरीदने को लेकर भी लोगों की भीड़ दिखी। सबसे ज्यादा बिक्री मटन, चिकन व मछली की हुई। इससे पहले बुधवार की रात जैसे ही घड़ी की सुई 12 बजे पर पहुंची, लोगों ने अपने दोस्तों, रिश्तेदारों व अन्य को नववर्ष की बधाई देना शुरू किया। यह सिलसिला गुरुवार को दिन भर चला देर रात शहर के कुछ होटलों में नववर्ष का जश्न अलग अंदाज में मनाया गया। वही गुरुवार की सुबह होते ही कई लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान से सुख-समृद्धि व नववर्ष के मंगलमय होने की कामना की। वहीं प्रखंड स्थित कमार्धाम मंदिर, चंचालिनी धाम व अन्य जगहों पर पूजा अर्चना को लेकर भीड़ दिखी, लोग बोटिंग का भी आनंद लिया। नववर्ष के पहले दिन काफी भीड़ रही। वहीं भीड़ को देखते हुए मरकच्चो थाना प्रभारी नंदकिशोर तिवारी, एएसआई बलिराम प्रसाद निरीक्षण करते दिखे।

## 45 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद, हत्या की आशंका

**सतगावां (कोडरमा)।** बिहार-झारखंड की सीमा पर स्थित दर्शन नाला के समीप दोपहर को कुएं से 45 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। वहीं शव की पहचान रोह थाना क्षेत्र के मोरवा गांव निवासी अर्जुन यादव के रूप में की गयी है। थाना को सूचना मिलने पर थाना प्रभारी विजय कुमार दलबल के साथ पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं बताया गया कि अर्जुन यादव करीब 20 वर्षों से अपने ससुराल गोविंदपुर थाना क्षेत्र के सरकंडा गांव में रह रहे थे और खेतीबारी करते थे। मृतक के परिवार में पत्नी शंकुती देवी सहित तीन पुत्र हैं, जो पुत्र बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। घटनास्थल पर मौजूद मृतक के साले शंभु यादव ने बताया कि उनके जीजा बीते रविवार से ही लापता थे। मंगलवार दोपहर को सूचना मिली कि दर्शन नाला के समीप स्थित एक कुएं के पास गमछी और चादर पड़ी हुई है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की पत्नी शंकुती देवी ने 30 दिसंबर को गोविंदपुर थाना में गुमशुदगी का आवेदन दिया था। वहीं परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही है।

## उपायुक्त ने फुलवारिया गांव में स्वास्थ्य केंद्र का किया अनावरण



**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज ने नगर पंचायत अंतर्गत फुलवारिया गांव का दौरा किया। इस अवसर पर उपायुक्त द्वारा फुलवारिया गांव में नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र का अनावरण किया। वहीं उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आदिम जनजाति परिवारों के उत्थान एवं विकास को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। फुलवारिया गांव को आदिम जनजाति विकास का एक मॉडल क्षेत्र के रूप में विकसित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा नगर पंचायत कोडरमा के सहयोग से चरणबद्ध कार्य योजना तैयार की गई है। कार्य योजना को तीन भागों में विभाजित किया गया है। प्रथम चरण में आधारभूत संरचनाओं से संबंधित योजनाओं को चिन्हित कर लिया गया है। द्वितीय चरण में स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है, जिसके पूर्ण होने के बाद आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। तृतीय चरण अंतर्गत आदिम जनजाति टोलों की छोटी-छोटी गलियों में पेवर ब्लॉक बिछाने, हाई-मास्ट लाइट एवं स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही शहरी अस्पताल परिसर के समीप बच्चों के लिए एक छोटा पार्क भी विकसित किया जाएगा। प्रथम दृष्टया आधारभूत संरचना सुदृढ़ करने एवं रोजगार सृजन के क्षेत्र में ठोस कदम उठाए जाएंगे। मौके पर नगर प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## दुर्घटना में दो युवक घायल, इलाज के दौरान एक की मौत

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मेघन पहाड़ी के समीप सड़क दुर्घटना में मोटर साईकिल सवार दो युवक घायल हो गये। वहीं घायलों की पहचान मसमोहना के ग्राम धुमाडीह और दूसरे घायल की पहचान बगड़ो के रूप में हुई। दोनो घायलों को सदर अस्पताल कोडरमा में भर्ती कराया गया है, जहां एक युवक को गंभीर अवस्था में देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान एक युवक 22 वर्षीय राम बचन साव की मौत हो गई।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल, रेफर

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामडीह के समीप गुरुवार को बाइक सवार ने सड़क पर चल रहे एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे बासोडीह निवासी 55 वर्षीय दशरथ यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति के परिजनों व ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। वहीं घटना के बाद बाइक सवार मौके पर से फरार हो गया। स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर बाइक को थाना ले गयी।

# नये साल पर कोडरमा में अहिबरन जयंती का आयोजन

- ऐसे आयोजनों से समाज की एकता को बल मिलता है : डॉ. नीरा यादव

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** बर्णवाल सेवा सदन में गुरुवार को नए साल पर अहिबरन जयंती सह परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक डॉ. नीरा यादव, पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, समाज के अध्यक्ष निरंजन लाल, रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजीत बर्णवाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने नए साल की शुभकामना देते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना की और कहा कि इससे समाज की एकता को बल मिलता है। वहीं पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, समाज के अध्यक्ष निरंजन लाल और रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन अजीत बर्णवाल ने समाज की एकता पर बल देते हुए सकारात्मक कार्य करने की अपील की। वहीं सतीश कुमार और अजीत बर्णवाल ने आयोजन में सहयोग देने के लिए समाज के लोगों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान समाज की सीमा कुमारी, सविता बर्णवाल, ममता बसंत, सुजाता बर्णवाल, राखी देवी, रूपा बर्णवाल आदि ने शॉल देकर विधायक डॉ. नीरा यादव का स्वागत किया। इस दौरान आसनसोल से आयी टीम ने रंगारंग गीत संगीत की प्रस्तुति भी दी। कलाकारों दीपक सिंह, वीणा सेनगुप्ता, पंकज, विकास कुमार, आनंद मुखर्जी की प्रस्तुतियों ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। वहीं बालिकाओं और महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ समेत अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में निधि बरनवाल, अदिति बर्णवाल, रूपा बर्णवाल, अनुष्का, शिवांगी, ईशा, ऋषभ, शुभ, अनुस को पुरस्कृत किया गया। वहीं पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, रेड क्रॉस के अध्यक्ष अजीत बर्णवाल, निरंजन लाल, सच्चिदानंद प्रसाद को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर सतीश कुमार दीपू, संजीव समीर, निरंजन प्रसाद, महादेव प्रसाद, शम्भू वर्णवाल, आरके बसंत, राजेश भोला, राजू बर्णवाल, अमन कुमार, दीपक कुमार, सुबोध बर्णवाल, सूरज बर्णवाल, महेंद्र लाल, प्रदीप कुमार, चंचला बर्णवाल, सोनाली बर्णवाल, रेखा बर्णवाल, संध्या बर्णवाल, ममता बसन्त, पूनम, अंकिता, शीतलदीप, शीनू प्रिया समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- सड़क सुरक्षा तभी संभव है जब नागरिक स्वयं यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अवसर पर जिलेवासियों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से उपायुक्त ऋतुराज ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं उपायुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन हेतु प्रेरित करना है। वहीं उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और जान-माल की क्षति को रोका जा सके। वहीं उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इन प्रयासों की सफलता तभी संभव है जब नागरिक स्वयं यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें। वहीं उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील की कि सड़क सुरक्षा को अपनी सामूहिक जिम्मेदारी समझें और यातायात नियमों का पालन कर स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें।

मौके पर डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएसओ प्रदीप कुमार शुक्ला, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## साल के पहले दिन विधायक ने की पूजा अर्चना



**कोडरमा।** विधायक डॉ. नीरा यादव ने नए साल के पहले दिन परिजनों के साथ ध्वजाधारी धाम स्थित मंदिर जाकर पूजा अर्चना की और शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। वहीं जिले वासियों को नए साल की बधाई देते हुए उन्होंने बताया कि साल के पहले दिन परिजनों के साथ भगवान भोले का दर्शन कर आशीर्वाद लिया और सबों के कल्याण की कामना की। साल 2026 में सभी आगे बढ़ें, तरक्की करें। उन्होंने सबके लिए सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामनायें कीं। पूजा अर्चना के दौरान उनके साथ पति विजय यादव, पुत्र विशाल कुमार के अलावा बिनोद यादव भी मौजूद थे।

# डोमचांच में दीप यज्ञ हवन यज्ञ के साथ नववर्ष का किया गया शुभारंभ



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार डोमचांच के तत्वावधान में गायत्री परिवार के परिजनों द्वारा दीपयज्ञ एवं हवनयज्ञ का आयोजन कर पुराने वर्ष की विदाई एवं नववर्ष के स्वागत का आध्यात्मिक वातावरण में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सभी के जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण, सद्भाव एवं जनकल्याणकारी सोच के संचार की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि वर्ष 2026 गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक जन्मदिन, अखंड दीप के प्राकट्य तथा माता जी के जन्मदिन का शताब्दी वर्ष होने के कारण विशेष महत्व रखता है। गुरुदेव द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप अब नकारात्मकता का प्रभाव कम होकर संपूर्ण विश्व में सकारात्मक, जन उपयोगी और रचनात्मक विचारधारा का प्रसार होगा। आज से वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ने का संचार प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर शान्तिकुंज हरिद्वार से पधारी बहन सुप्रिया, दुर्गेश नंदिनी एवं आयुषी शर्मा ने विधिवत रूप से सभी कार्यक्रम संपन्न कराए। आगामी पांच दिनों तक गायत्री मंदिर डोमचांच में प्रातः 7:30 से 8:30 बजे तक योग, प्राणायाम एवं एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन किया जाएगा। सफल बनाने में ओमप्रकाश विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, रामेश्वर राणा, सुरेश नाथ गोस्वामी, सुनीता वर्णवाल, विमला विश्वकर्मा, सुनीता देवी, सविता यादव, पूनम देवी, सूमा देवी, पुष्पा देवी, रेखा देवी, उर्मिला देवी, सुनीता साव, गीता देवी, बबीता वर्णवाल, छाया वर्णवाल, सुमित्रा बर्णवाल, रिंकी साव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### उपायुक्त ने ईटखोरी प्रखंड का औचक निरीक्षण कर राजकीय ईटखोरी महोत्सव स्थल का लिया जायजा



**चतरा।** उपायुक्त कीर्तिश्री ने गुरुवार को ईटखोरी प्रखंड क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पुराने प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निरीक्षण किया, जिसे झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) अंतर्गत प्रसंस्करण इकाई के रूप में उपयोग किए जाने की योजना के तहत देखा गया। इसके पश्चात उपायुक्त द्वारा समीप स्थित निमार्णाधीन कौशल विकास केंद्र भवन का भी निरीक्षण किया गया तथा कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में आगामी फरवरी माह में 19, 20 एवं 21 फरवरी तीन दिवसीय आयोजित होने वाले राजकीय ईटखोरी महोत्सव को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने महोत्सव स्थल का भ्रमण किया एवं आयोजन से संबंधित आधारभूत सुविधाओं, व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित पदाधिकारियों को महोत्सव के सफल, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालु-अनुकूल आयोजन को सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक तैयारियाँ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। नव वर्ष 2026 के अवसर पर उपायुक्त ने माँ भद्रकाली मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन कर जिलेवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की, तत्पश्चात चतरा के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर चतरा, प्रखंड विकास पदाधिकारी ईटखोरी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जेएसएलपीएस चतरा, गोपनीय प्रभारी चतरा, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस ईटखोरी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### दुकान के सामने कार खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद, राहगीरों ने लगाया युवकों पर मारपीट का आरोप

**चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के केदली चट्टी बाजार में एक दुकानदार और कुछ ग्राहकों के साथ हुई मारपीट का वीडियो गुरुवार दोपहर से तेजी से वायरल हो रहा है। जहां कुछ युवक एक दुकानदार को पीटते नजर आ रहे हैं, इस दौरान एक ग्राहक दोनों को छुड़ाने का प्रयास कर रहा है, हालांकि छुड़ाने के बाद एक युवक दुकान के अंदर प्रवेश कर ग्राहक से मारपीट करते नजर आ रहा है। इस मामले की जांच करने के बाद पता चला कि पीड़ित ने हंटरगंज थाने में आरोपियों के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार बुधवार की शाम केदली बाजार में जाम लग गई थी। उसी समय दुकानदार सागर कुमार अपने दुकान के सामने खड़ी कार के चालक से कहा कि आप अपनी कार को थोड़ा पीछे कर लीजिए जिससे जाम खत्म हो जाएगा। इसके बाद कार में बैठे आरोपियों ने दुकानदार के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट की वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया। जिससे दुकानदार दहशत में हैं और सुरक्षा को लेकर चिंता कर रहे हैं। ग्राहकों ने बताया कि दुकानदार ने गाड़ी पीछे कर लेने की बात कही इसी दौरान गाड़ी पर बैठे युवक काफी आक्रोशित हो गए और दुकानदार के साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान दुकान में सामान ले रहे ग्राहक जयप्रकाश कुमार, बीना देवी, बाँकी निवासी सुनील यादव, कोबना निवासी आशुतोष कुमार, केदली चट्टी निवासी संजीत कुमार, समेत आधा दर्जन लोग दुकानदार को बचाने की कोशिश की तो आक्रोशित युवकों ने इन लोगों के साथ भी मारपीट की। वहीं दुकानदार सागर कुमार ने हंटरगंज थाना में मारपीट करने का आरोप रिशु प्रजापति, सुमित रावत, चंदन कुमार, निखिल कुमार, इशांत कुमार, अमन कुमार, विवेक कुमार के अलावा आधा दर्जन अज्ञात युवकों के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### नव वर्ष को लेकर मां भवानी दरबार में उमड़ी भक्तों की भीड़, हजारों की संख्या में भक्तों ने की पूजा-अर्चना



**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के कसारी पंचायत स्थित भवानी मठ में नव वर्ष के उपलक्ष्य में पूजा अर्चना को लेकर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मां भवानी प्रांगण में देखी गयी। भक्तों ने लंबी कतार में लगकर पूजा अर्चना कर अपने सुख समृद्धि और उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की। इसी निमित झामुमो जिला सचिव चंद्रदेव प्रसाद साहू अपने साथियों के साथियों के साथ मां भवानी दरबार पहुंचकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि को लेकर पूजा अर्चना की। मालूम हो कि नव वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न जिले के लोग मां भवानी दरबार पहुंचकर हरेक वर्ष आशीर्वाद लेते हैं। पिछले कई दशकों से 14 जनवरी और 1 जनवरी को दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ती है। पूजा अर्चना के साथ साथ भक्तों ने घने जंगलों में विराजमान मां पंचबहिनी में भी पूजा अर्चना की और निकलते जल स्रोत में स्नान भी किया।

### हाथियों ने दो घरों को ध्वस्त कर अनाज व फसलों को बर्बाद किया, घर में सो रहा एक व्यक्ति घायल



**चतरा।** सिमरिया प्रखंड के सबानो पंचायत के रानी पोखर में बुधवार की रात हाथियों के झुंड ने तीन घरों को ध्वस्त कर अनाज व फसलों को रौंद डाला। झुंड ने गांव के चेतलाल राम के घर को ध्वस्त कर दिया है और दो कट्ठा में लगी आलू की फसल को बर्बाद कर दिया है। हाथियों द्वारा घर को तोड़ने से घर गिरने के क्रम में चेतलाल राम चोटिल हो गये। वहीं कुलेश्वर राम के घर को ध्वस्त किया और घर में रखे दो क्विंटल गेंहू, दो क्विंटल धान और चार कट्ठा में आलू राई, गेंहू की फसल को नष्ट कर दिया। इसी गांव निवासी राकेश उरांव का घर ध्वस्त कर चार क्विंटल धान खा गये। वहीं सुदन उरांव और मंटू उरांव और जगदीश राम का दो कट्ठा में लगी आलू की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि रात आठ बजे हाथियों का झुंड आ पहुंचा और उत्पात मचाना शुरू कर दिया। घर से निकलकर आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पटाखा जलाकर जंगल की ओर खदेड़ा गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजा और हाथियों को भगाने की मांग की है।

### विवाहिता ने किया विषपान, हजारीबाग में चल रहा इलाज

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खगराडीह में गुरुवार की अहले सुबह एक विवाहिता ने विषपान कर लिया। वहीं विवाहिता की पहचान 18 वर्षीय श्रुति देवी पति भगेलाल साव के रूप में की गई है। घटना को लेकर विवाहिता के पति भागेलाल ने बताया कि बुधवार को साल के आखिरी दिन होने के कारण पूरा परिवार देर रात तक जगे हुए थे। इस दौरान परिवार के सदस्यों के साथ काफी बातचीत और नए वर्ष मनाने को लेकर चर्चाएं भी हुई। वहीं गुरुवार की सुबह करीब 5 बजे जब वे शौच से लौटे तो देखा कि श्रुति ने विषपान कर लिया था। जिसके पश्चात वे उन्हें आनन फानन में लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां प्राथमिक ईलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। इधर भागेलाल ने बताया कि श्रुति ने ऐसा कदम क्यों उठाया ये समझ से परे है, क्योंकि उनके बीच सब कुछ बढ़िया चल रहा है और श्रुति का परिवार के भी किसी सदस्य से किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है।

# झारखंड-बिहार के सैलानियों से गुलजार हुआ तमासीन और हरियोखाद जलप्रपात

- नये साल के जश्न में डूबा कान्हाचट्टी : तमासीन और हरियोखाद जलप्रपात में उमड़ा जनसैलाब

अशोक कुमार /सम्राट पाठक



**चतरा।** प्रकृति की अनुपम छटा बिखेरने वाले चतरा जिले का कान्हाचट्टी प्रखंड नए साल के पहले दिन मिनी टूरिस्ट हब में तब्दील हो गया। यहाँ के प्रसिद्ध तमासीन और हरियोखाद जलप्रपात में नव वर्ष 2026 का स्वागत करने के लिए पर्यटकों का ऐसा हुजूम उमड़ा कि तिल रखने की भी जगह नहीं बची। हजारों की संख्या में पहुंचे सैलानियों ने प्रकृति की गोद में बैठकर वनभोज का आनंद लिया और झरनों की शीतल जलधाराओं के बीच जमकर मस्ती की।

झारखंड ही नहीं, बिहार और अन्य राज्यों के सैलानियों का जमावड़ाः- इस वर्ष तमासीन और हरियोखाद जलप्रपात की ख्याति केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं रही। यहाँ झारखंड के चतरा, हजारीबाग और रांची के अलावा पड़ोसी राज्य बिहार (गया, शेरघाटी, डोभी) और अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पर्यटकों का कहना था कि इन जलप्रपातों की प्राकृतिक सुंदरता किसी बड़े हिल स्टेशन से कम नहीं है। विशेषकर बिहार से आए सैलानियों के लिए यह पसंदीदा पिकनिक स्पॉट बना रहा।

सांसद और विधायक ने किया मेले का शुभारंभः विकास की जगी उम्मीदः-तमासीन जलप्रपात के समीप नव वर्ष के अवसर पर आयोजित ऐतिहासिक मेले का उद्घाटन चतरा सांसद कालीचरण सिंह और विधायक जनार्दन पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि तमासीन की सुंदरता अद्भुत है। इसे एक बड़े पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना उनकी प्राथमिकता है ताकि देश भर के लोग यहाँ आ सकें।वहीं विधायक जनार्दन पासवान ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जलप्रपात तक पहुंचने वाली सड़कों और अन्य बुनियादी सुविधाओं को जल्द ही और बेहतर बनाया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

प्रशासन और स्थानीय कमेटी की 'कवच' जैसी सुरक्षाः- हजारों की भीड़ और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए प्रशासन ने चौक-चौबंद व्यवस्था कर रखी थी।पुलिस बल की तैनाती प्रमुख मोड़ों और झरने के खतरनाक पॉइंट्स पर की गई थी ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।स्थानीय पर्यटन समिति के सदस्य 'गाइड' और 'सुरक्षाकर्मी' की भूमिका में नजर आए। पार्किंग से लेकर रास्तों की सफाई और सैलानियों की मदद के लिए कमेटी के युवा दिनभर सक्रिय रहे।

स्थानीय कलाकारों ने अपनी कला से बांधा समांः- इस वर्ष के जश्न में खास आकर्षण स्थानीय कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियां रहीं। मेले के मंच पर क्षेत्रीय कलाकारों ने नागपुरी, खोरठा और पारंपरिक लोक गीतों पर ऐसी प्रस्तुति दी कि सैलानी थिरकने पर मजबूर हो गए। ढोल, मांदर और आधुनिक संगीत के मेल ने पर्यटकों का खूब मनोरंजन किया। अपनी मिट्टी की संस्कृति को कला के जरिए पेश कर इन कलाकारों ने न केवल लोगों को लुभाया, बल्कि उत्सव के माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया।

पर्यटकों ने उठाया लुफ्त, गूंजा 'हैप्पी न्यू ईयरः- सुबह से ही लोग अपने सगे-संबंधियों के साथ गैस सिलेंडर, राशन और संगीत का सामान लेकर पहुँचने लगे थे। दोपहर होते-होते पूरा इलाका पिकनिक की खुशबू और संगीत से सराबोर हो गया। ऊंचे पहाड़ों से गिरते पानी के नीचे स्नान करने और फोटो खिंचवाने के लिए युवाओं में खासा क्रेज देखा गया।

# जमशेदपुर में 6000 करोड़ से अधिक निवेश करेगी टाटा स्टील

**विशेष संवाददाता/सत्येन्द्र कुमार**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील लिमिटेड जमशेदपुर में अपनी डाउन स्ट्रीम प्लांटों के विस्तार एवं स्टील प्लांट में न्यू एज टेक्नोलोजी के जरिए आधुनिकीकरण पर निवेश जारी रखेगी। आपको मालूम होना चाहिए कि मात्र 1800 एकड़ जमीन पर टाटा स्टील जमशेदपुर प्लांट अवस्थित है जिसकी उत्पादन क्षमता हम एक मिलियन टन से बढ़ाते हुए 11 मिलियन टन सालाना कर चुके हैं। अब इससे ज्यादा उत्पादन विस्तार यहां नहीं हो सकता। इसलिए शहर में निवेश के लिए सहयोगी कंपनियों में निवेश किया जा रहा है।

टाटा ब्लूस्कोप लिमिटेड में ब्लूस्कोप लिमिटेड,आस्ट्रेलिया की हिस्सेदारी टाटा स्टील खरीद कर अब इससे शत प्रतिशत सहयोगी कंपनी बना चुका है। इसके अलावा टिनप्लेट कंपनी के विस्तार पर 2000 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं जबकि आइएसडब्ल्यूपी में करीब 2000 करोड़ की लागत से आधुनिक कॉम्बी रॉड मिल स्थापित किया गया है जहां उच्च गुणवत्ता वाला लांग प्रोडक्ट उत्पादित होगा।

उक्त जानकारी टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने नववर्ष का केक काटने के पश्चात सेंटर फॉर एक्सीलेंस में पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने बताया कि ब्लास्ट फर्नेस में नयी इजी मेल्ट टेक्रोलोजी लायी जा रही है जिसके चलते कोक की खपत 30 प्रतिशत तक कम हो जायेगी। यह तकनीकी एचएसएम जर्मनी सहयोग से स्थापित की जा रही है। इस पर 3000 करोड़ रुपये निवेश होगा। दूसरा टाटा स्टील नीदरलैंड में अवस्थित 60000 टन का पैलेट प्लांट की तर्ज पर जमशेदपुर में भी एक प्लांट लगायेंगे। 2000-3000 करोड़ इसमें भी निवेश होगा। जमशेदपुर का प्लांट मात्र 1800 एकड़ में 11 मिलियन टन स्टील उत्पादन कर रहा है जो देश में इतनी कम जमीन पर सबसे ज्यादा उत्पादन करने वाला प्लांट है इसलिए जमशेदपुर में कंपनी उत्पादन विस्तार की जगह न्यू एज टैक्नोलोजी और डाउन स्ट्रीम सेक्टर में निवेश करने जा रही है।

## नववर्ष पर केक कटिंग समारोह में पत्रकारों से बात करते हुए बोले सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन

- नया निवेश अब न्यू एज टैक्नोलोजी और डाउन स्ट्रीम सेक्टर में होगा
- लेबर इंटेसिव से कैपिटल इंटेंनसिव हो गया स्टील सेक्टर, इसलिए रोजगार के अवसर कम

भारतीय बाजार की बात करते हुए टीवी नरेंद्रन ने कहा कि भारत में इस्पात की मांग मजबूत बनी हुई है। यह हमारे देश के ग्रोथ के लिए अच्छा है। ,हमारे देश में इस्पात की खपत 10 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रही है। यानी हर साल 10 से 15 मिलियन टन स्टील की खपत बढ़ रही है। इसे देखते हुए स्टील सेक्टर में नये नये निवेश हो रहे हैं। इस्पात कंपनियां अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ा रही हैं। टाटा स्टील कलिंगानगर की उत्पादन क्षमता 5 मिलियन टन बढ़ गया है। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू, जेएसडब्लयूपी समेत तमाम कंपनियां उत्पादन क्षमता ब ढ़ा रही हैं। जहां तक निर्यात बाजार की बात है तो यह अच्छा नहीं चल रहा है। चीन में कंस्ट्रक्शन उद्योग में सुस्ती के चलते वह ज्यादा से ज्यादा स्टील का सस्ती दर पर निर्यात कर रहा है। चीन हर साल 100-110 मिलियन टन स्टील अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सस्ती दर पर ढकेल रहा है। जरा सोचिए, भारत की सालाना स्टील उत्पादन क्षमता ही 150 मिलियन टन है। इसके चलते अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मिडिल इस्ट हो, साउथ इस्ट एशिया या यूरोप हो अथवा जो भी विदेशी बाजार हो जहां हम स्टील का निर्यात करते थे, सस्ते चीनी स्टील के चलते टाटा स्टील को अपने हाथ खींचने पड़े हैं क्योंकि वहां मार्जिन ही नहीं बन पा रहा है। स्वदेशी बाजार में खपत बढ़ रही है किन्तु स्टील का दाम उतना ही है जितना पांच वर्ष पहले था। यानी भारत में स्टील खूब बिक रहा है किन्तु बहुत कम मुनाफा हो रहा है। खपत के साथ मुनाफा भी जरुरी है क्योंकि अकेले टाटा स्टील हर साल भारत में 12000 करोड़ रुपये निवेश करती है जबकि पूरा स्टील सेक्टर देश में सालाना 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश कर रहा है। आप सभी जानते हैं कि स्टील कैपिटल इंटेंसिव आधारित सेक्टर है, और कम मार्जिन इस्पात कंपनियों की मजबूती को प्रभावित करता है। नरेंद्रन ने इस बात पर खुशी जतायी कि केंद्र सरकार ने स्टील पर सेफ गार्ड डयूटी तीन साल के लिए लगा दी है। इससे थोडी राहत मिलेगी।

नरेंद्रन से यह पूछे जाने पर कि चीन के स्टील सेक्टर की चुनौती को भारत कैसे बराबरीकर सकता है? उन्होंने कहा कि इंडियन स्टील प्लांट के भीतर प्रतिस्पर्द्धी हैं। प्लांट से बाहर ढ़लाई खर्च को नियंत्रित करना हमारे वश में नहीं है। जमशेदपुर से मुंबई माल भेजने में 70 डॉलर प्रति टन खर्च आता है जबकि चीन से स्टील मंगाने पर ढुलाई खर्च 30 डॉलर प्रति टन है। खुशी की बात है कि सरकार अब रेलवे, पोर्ट पर काफी निवेश कर रही है, उनका विकास कर रही है। चीन को देखा जाए तो वहां पहले इंफ्रास्ट्रक्चर रेल और पोर्ट के विकास का काम किया गया तब स्टील प्लांट आया। भारत में इसके उलट हुआ है। इसके चलते हम चीनी कंपनियों का बाजार में सामना नहीं कर पा रहे। दूसरी बात कि विगत 10 - 15 साल से चीनी स्टील कंपनियों का प्रोफिटेबिल्टी यानी मुनाफा 5 प्रतिशत से अधिक नहीं रहा है। इस प्रोफीट में निवेश करके भारतीय स्टील कंपनियां ग्रो नहीं कर सकती है। हमारा कहना है कि चीनी स्टील कंपनियों के लिए बाजार का खेल अलग है, हमारे लिए अलग है। हमें देखना है कि आखिर आयरन ओर से लेकर अन्य खनिज होते हुए भी हम चीन की बराबरी क्यों नहीं कर पा रहे। स्टील ही नहीं, कार सेक्टर को ही लीजिए, वो बहुत सस्ती कार बना रहे हैं। इंपोर्ट डॅयूटी नहीं लगेगा तो हमारे उद्योग कैसे बचेगा, रोजगार कैसे सुरक्षित रहेगा, यह सोचना है।

टीवी नरेंद्रन ने आगे कहा कि प्रतिस्पर्द्धा के लिए उत्पादकता बढ़ाना भी जरुरी है। टाटा स्टील की उत्पादकता प्रति कर्मचारी 1000 टन है जबकि पॉस्को का प्रति कर्मचारी उत्पादकता 2000 मिलियन टन है। जहां तक स्टील सेक्टर की बात है तो यह कैपिटल आधारित सेक्टर है जबकि टेक्सटाइल्स व इलेक्ट्रॉनिक्स इडस्ट्री लेबर इंटेंसिव है वहां काफी जॉब आता है।

सीओटू इमिशन टैक्स लगाये जाने के बारे में पूछने पर टीवी नरेंद्रन ने कहा कि इस पर हम यूरोप पर पहले से काम कर रहे हैं और इसका हमें अच्छा अनुभव है। भारत सरकार ने हाल में शुरु किया है। यूरोप में कस्टमर लो सीओटू स्टील के लिए प्रीमियम देता है। भारत में यह अभी माहौल नहीं है।



नववर्ष पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन।

### लीज कंटिन्यू होगा, सरकार से बात चल रही है : डीबी सुंदर रामम

टाटा स्टील के वीपी कारपोरेट सर्विसेज डीबी सुंदर रामम ने एक सवाल पर कहा कि 31 दिसंबर को टाटा लीज की अवधि समाप्त हो गई है। इसके रिन्यूअल के लिए सरकार, जिला प्रशासन के साथ बात चल रही है। लीज रिन्यू होता है, यह खत्म नहीं होता इसलिए पूर्व की तरह कंपनी अपना काम करती रहेगी। सरकार का नोटिफिकेशन आने तक टाटा स्टील ही लीजी है। सर्वे हो चुका है, कागज जमा कर दिए हैं। लीज एरिया पूर्ववत रहेगी इसमें कोई कटौती नहीं होगी। जहां तक 86 बस्ती की बात है तो वहां कंपनी बिजली,पानी की सुविधा देती रहेगी। भले ही यह क्षेत्र लीज से बाहर हो गया हो।

## नववर्ष : सेंटर फॉर एक्सीलेंस में सीईओ ने डॉ टी मुखर्जी और सुंदररामम् संग काटा केक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हर वर्ष की तरह इस बार भी अंग्रेजी नववर्ष के अवसर पर टाटा स्टील लिमिटेड ने शहर के प्रबुद्ध जनों एवं सहयोगी कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में केक काटा और नववर्ष की बधाई दी। टाटा स्टील के सीइओ टीवी नरेंद्रन ने टाटा स्टील के पूर्व डिप्टी एमडी डा टी मुखर्जी और वाइस प्रेसिडेंट कारपोरेट सर्विसेज डीबी सुंदर रामम संग नववर्ष का केक काटा।

इस अवसर पर नरेंद्रन ने शहरवासियों से कहा कि स्वच्छता के मामले में अभी जमशेदपुर में तीसरेंस्थान पर है, कंपनी, टाटा स्टील यूआइएसएल और शहरवासी मिल कर प्रयास करें तो स्वच्छता के मामले में हमारा शहर नंबर वन बन सकता है। सीईओ टीवी नरेंद्रन ने कहा कि टाटा स्टील और सहयोगी कंपनियों के भीतर सेफ्टी और रोड सेफ्टी पर काफी ध्यान दिया जा रहा है किन्तु हमें कम्यूनिटी एवं प्रशासन के साथ मिल कर शहर की सड़कों पर रोड सेफ्टी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए आम जन को जागरुक करने की आवश्यता है। हर साल सैकडो लोगों की जान सड़क दुघटना में जा रही है जो दुखद है।

इस अवसर पर कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुंदर रामम ने बीत साल कंपनी एवं शहर की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर टाटा मोटर्स के पलांट हेड सुनील तिवारी, टाटा कमिंस के प्लांट हेड समेत अन्य कंपनियों के एमडी के अलावा टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी, टाटा स्टील यूआइएसएल के यूनियन अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, टाटा स्टील के पूर्व वीपी रमेश नंद्रायोग, एडी बैजल, आरपी त्यागी, सिटिजंस फोरम के अध्यक्ष एके श्रीवास्तव, बीएन दीक्षित एवं कई गणमान्य थे।



टीवी नरेंद्रन ,डा टी मुखर्जी और डीबी सुंदर रामम केक काटते हुए।

## स्पीड न्यूज

### साल के पहले दिन संत एंथोनी चर्च में प्रार्थना

**धनबाद।** नए साल के उपलक्ष्य में गुरुवार की सुबह संत एंथोनी चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में ईसाई धर्मावलंबियों ने भाग लिया। शुरूआत प्रार्थना गीतों से हुई। शिलांग से आए फादर सुनील बरला ने अपने उपदेश में कहा कि आज वर्ष का पहला दिन अर्थात 1 जनवरी है जब हम एक साथ इतनी भारी मात्रा में एकत्रित होकर पिता ईश्वर को धन्यवाद देने के साथ-साथ उनसे यह फरियाद करते हैं की आज के दिन से लेकर आगे आने वाले प्रत्येक दिनों में प्रभु यीशु हमारे साथ रहें, हमारी अगवाई करें और हमारी रक्षा रखवाली करें। धन्यवाद देने का काम किसी एक दिन का नहीं है बल्कि यह प्रतिदिन और निरंतर करने का है। हमें चाहिए कि हम सुख हो या दुख हो पिता ईश्वर पर अपना भरोसा बनाए रखें तथा उनकी आज्ञाओं का बखूबी से पालन करें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपनी खुशियों को दूसरों के साथ अवश्य बंटनी चाहिए और गवाही देनी चाहिए। ऐसा करने से दूसरे लोग भी प्रेरित होंगे और पिता ईश्वर को धन्यवाद देने वाले बनेंगे। प्रार्थना सभा के अंत में सब होने एक दूसरे को हाथ मिलाकर तथा गले मिलकर नववर्ष की शुभकामना दी।

### प्रेम को मिला नियुक्ति पत्र, रजरप्पा में की पूजा

**बेरमो।** पेटरवार प्रखंड के चलकरी उत्तरी पंचायत के निवासी सेवानिवृत्त सीसीएलकर्मी शंकर नायक के पुत्र प्रेम कुमार नायक ने जेएसएसएससी सीजीएल के लिए इस वर्ष निकले फाइनल रिजल्ट में सफल अभ्यर्थियों की सूची में 29 वें नंबर में शामिल है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा बुधवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। उनका नियुक्ति श्रम अधीक्षक कृषि श्रमिक धनबाद में हुई। प्रेम ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत के साथ-साथ माता-पिता व पूरे परिवार तथा गुरुजनों को दिया है। पिता शंकर नायक और मां चिंता देवी ने बेटे की सफलता से फूले नहीं समा रही। नव वर्ष पर गुरुवार को पूरे परिवार के साथ रजरप्पा मां छिन्नमस्तिके मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना कर परिवार की कुशल मंगल की कामना की। मौके पर भाजपा फुसरो नगर मंडल के निवर्तमान महामंत्री टुनटुन तिवारी,जमसं बीएंडके क्षेत्रीय अध्यक्ष राहुल कुमार मौजूद थे।

### दंगवार ओपी पुलिस ने की एंटी क्राइम चेकिंग

**पलामू।** जिला के हुसैनाबाद मे नववर्ष के पहले दिन क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हुसैनाबाद के दंगवार ओपी पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। दंगवार ओपी झारखंड-बिहार सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित है और संवेदनशील होने के कारण पुलिस ने पूरी सतर्कता बरती है। ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस बल ने दंगवारझ्झजपला मुख्य सड़क पर वाहन जांच और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली। बिना हेलमेट, वाहनों के डिक्की, ट्रिपल राइडिंग, तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाने वालों पर विशेष नजर रखी गई। साथ ही क्षेत्र में गश्त और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी तेज कर दी गई है। सोनू गुप्ता ने बताया नववर्ष के मद्देनजर शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान चलाया गया है। अगर किसी असामाजिक तत्व द्वारा माहौल खराब करने का प्रयास किया गया, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने अपील किया है की नागरिक नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### पाटन प्रखंड में नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया

**पाटन, पलामू।** पाटन प्रखंड में नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया। नये वर्ष को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। सुबह होते ही मंदिरों देवालयों में लोगों की भीड़ पुजा अर्चना करने को लेकर उमड़ पड़ी थी। नये वर्ष को लेकर युवाओं बच्चों में काफी उत्साह था। नदियों समेत जलाशयों में पिकनिक की धुम मची रही। नये वर्ष पर लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं देते रहे । सड़कें विरान रही। चिकन मटन की दुकानों में काफी भीड़ देखी गयी। नये वर्ष को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

## मदद को लेकर बढ़ा हाथ, पुलिसकर्मियों ने गरीब सिकंदर की आश्रिता को दिया सहयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शीलापर गावं निवासी मजदूर सिकंदर चौधरी 45 के इलाज के दौरान मौत के पांचवें दिन थाना प्रभारी नारायण सोरेन की पहल पर पुलिस ने सहयोग की दिशा में कदम बढ़ाते हुए आनाज और नकद सहयोग राशि पत्नी गीता देवी को भेंट किया। मौके पर एसआई अमनुलल्लाह खान,उपेन्द्र कुमार और जवान मौजूद थे। विदित हो कि दो सप्ताह पूर्व सिकंदर चौधरी अपने परिवार की परवरिस को लेकर मजदूरी करने पंजाब गया था। अचानक तबियत खराब होने की वजह से वह एक सप्ताह में ही लौट गया था। पत्नी गीता ने इलाज की खातिर अपनी सब कुछ बेच कर अपने पति के सलामती को लेकर मेदिनीनगर इलाज करा रही थी,मगर अंततः सिकंदर ने दम तोड़ दिया। अब गीता की माली स्थिति यह है कि मासूम बच्चे की परवरिस कर पाने में भी सक्षम नहीं है।



## टुसु पर्व को लेकर देसुआ आकुस हुरलुंग में चौउड़ल निर्माण शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गम्हरिया।** 1 जनवरी 2026 को देसुआ आकुस हुरलुंग गांव में टुसु पर्व की तैयारी के तहत चौउड़ल निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। महिला संयोजक समिति की सदस्य मनिला महतो के आवास पर कारीगर प्रकाश महतो द्वारा 13 चौउड़ल का निर्माण विभिन्न डिजाइनों और रंगों में किया जा रहा है।

झारखंड प्रदेश संयोजक प्रकाश महतो केटिआर ने कहा कि टुसु स्थापना से पहले कुंआरी लड़कियों, बच्चों, युवाओं और महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी 2026 को पुस संक्रांति के अवसर पर टुसु बिदाई सह शोभायात्रा भव्य रूप से निकाली जाएगी। चौउड़ल निर्माण में ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।



## चंदन कुमार नये पुलिस इंस्पेक्टर के पद पर दिये योगदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** चंदन कुमार ने नये पुलिस इंस्पेक्टर के पद पर वृहस्पतिवार को पाटन थाना में योगदान दिया। अनील कुमार सिंह पुलिस इंस्पेक्टर का रिटायरमेंट 31 दिसम्बर को हो गया था जिसके बाद नये पुलिस इंस्पेक्टर चन्दन कुमार पदस्थापित किये गये हैं। इस मौके पर एसआई जितेन्द्र कुमार यादव , एसआई अनील कुमार सिंह, एएसआई अंबिका प्रसाद, एएसआई कृष्णा प्रजापति सहित पाटन थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर चन्दन कुमार हरिहरगंज थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। अपने योगदान के मौके पर चन्दन कुमार ने कहा कि क्षेत्र में अमन चैन और शांति बना रहे इस पर तत्परता के साथ पुलिस कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि सभी को न्याय मिले यही मेरा मकसद है। लोग पुलिस प्रशासन से ताल मेल बनाये रखें। अपने आस पास गलत कार्य करने वाले व्यक्ति की सुचना पुलिस को दें ताकि कार्रवाई की जा सके। उन्होंने पाटन प्रखंड के लोगों को नये वर्ष की शुभकामनाएं दी।



## प्रखंड सह अंचल कार्यालय से ऋण माफी योजना कृषि रथ को किया गया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कृषि ऋण माफी योजना को किसानों तक पहुंचाने के लिए पाटन प्रखंड में जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। इस क्रम में प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न पंचायतों के लिए रवाना किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रकाश रंजन सिंह, राजस्व कर्मचारी मनोज आंबेडकर, किसान मित्र सुधांशु रंजन, कई विभागीय अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।



## बंगीया दुर्गा बाड़ी में उल्लास के साथ मना कल्पतरू दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री रामकृष्ण मां शारदा सेवा समिति के तत्वावधान में बंगीया दुर्गा बाड़ी के प्रांगण में गुरूवार को कल्पतरू दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष राजदेव उपाध्याय व पुरोहित देवी प्रसाद बनर्जी द्वारा भगवान श्री रामकृष्ण जगत जननी मां शरदा, श्रीमद् स्वामी विवेकानंद, मां काली, भगवान शिव व समस्त देव देवी पूजा अर्जन व हवन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष ने भगवान श्री रामकृष्ण के कल्पतरू दिवस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम कृष्ण अपने पूरे जीवन यात्रा में भागवत भक्त व भगवान का अदभूत समन्वय का दर्शन कराया। वहीं जग जननी मां शारदा के साथ उनके आंतरिक संबंध सर्व देव देवी के रूप में स्थापित कर पूरी दुनिया को नारी के अंदर देवत्व का भाव बोध कराया। उन्होंने सभी धर्म के सत यका सामरिक दर्शन कराया। वहीं श्री मद् स्वामी विवेकानंद के माध्यम पूरे सनातन के अंदर के तत्व को दर्शाया। सनातन का दर्शन पूरे विश्व को कराया। उन्होंने भक्ति का मार्ग प्रशस्त करते हुए अपने जीवन के शेष पड़ाव पर 23 दिसंबर 1885 से भगवान श्री रामकृष्ण विकट वेदना में अदभूत घटनाओं को दर्शन कराते हुए प्रतिदिन नई नई घटनायें होती रही आर एक जनवरी 1986 को भगवान श्री रामकृष्ण कल्पतरू बन कर अपने सारे देवत्व को लूटना प्रारंभ कर दिये। सारे भक्त उनसे जो मांगा जिसने भक्ति मांगे, जिसने ऐश्वर्या मांगा, जिसने अपने जिस रूप में जो कुछ मांगा सभी के चैतन्य दिया। भक्ति रसिक जो अपने बिस्तर पर लेते ठाकुर से प्रार्थना की है। प्रभु आप सब कुछ लूट रहे हैं पर मैं आपके पास नहीं आ सकता। रामकृष्ण वचनामृत का पाठ, 108 नामावली द्वारा पुष्पांजलि, भजन कीर्तन, आरती व भंडारा किया गया। मौके पर मानस कुमार अड्डी, व्यास मुनि त्रिपाठी, केएस भट्टाचार्य, शांति भट्टाचार्य, पुरूषेत्तम, नुपूर विश्वास, सुनीता उपाध्याय, रीना अड्डी, आकृति, आकांक्षा आदि उपस्थित थे।



## एक नजर में

### टाटा पावर जोजोबेड़ा प्लांट में केक काटकर किया गया नववर्ष 2026 का स्वागत



**जमशेदपुर।** नव वर्ष 2026 के आगमन पर टाटा पावर जोजोबेड़ा प्लांट में विशेष केक कटिंग समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ऑपरेशन प्रमुख कुंदन कुमार, टाटा पावर यूनियन अध्यक्ष राकेशवर पांडेय, महामंत्री पिंटू श्रीवास्तव एवं एचआर प्रमुख मनीष तिवारी ने संयुक्त रूप से केक काटकर कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। कुंदन कुमार ने बीते वर्ष की उपलब्धियों और आगामी चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए एकजुटता का आह्वान किया। राकेशवर पांडेय ने प्रबंधन-यूनियन के सौहार्दपूर्ण संबंधों की सराहना की, वहीं पिंटू श्रीवास्तव ने सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। समारोह में वरिष्ठ पदाधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कचहरी बाबा मंदिर में स्थापना उत्सव धूमधाम से मना



**जमशेदपुर।** श्री श्री चंद्र मौलेश्वर कचहरी बाबा मंदिर, पुराना कोर्ट जमशेदपुर में बाबा का दो दिवसीय स्थापना उत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। अंतिम दिन महाभंडारा में मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता नीरज सिंह, मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंदिर कमेटी ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। गुरुवार को 24 घंटे चले अखंड हरि कीर्तन की पूणार्हुति, हवन एवं महाभंडारा का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। विधायक सरयू राय ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम से नववर्ष का स्वागत



**गम्हरिया।** बड़ा गम्हरिया स्थित शिव बांध परिसर में नववर्ष के स्वागत को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बुधवार संध्या से ही रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शुरू हो गयीं। स्थानीय कलाकार संजय स्वर्णकार, कुमार संजय एवं संजय पांडा ने लोकप्रिय फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान युवा, बच्चे एवं महिलाएं गीत-संगीत पर झूमते नजर आए। रात्रि 12 बजे सभी ने केक काटकर एक-दूसरे को खिलाया और गले मिलकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्वादिष्ट व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई थी। आयोजन को सफल बनाने में दिव्यांशु, रिशी कुमार, ओम बाबू, दिव्या, प्रियांशु रंजन, भारती कुमारी, किशलय रंजन सहित कॉलोनीवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

### पीडीएस दुकानदारों की मांगों को लेकर मंत्री दीपक बिरुआ को सौंपा ज्ञापन



**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिला पीडीएस एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संबोधित 11 सूत्री ज्ञापन मंत्री दीपक बिरुआ को सौंपा। जिलाध्यक्ष फुलकांत झा के नेतृत्व में दुकानदारों ने अपनी समस्याएं रखीं। ज्ञापन में टुसू पर्व से पूर्व एनएफएस का बकाया कमीशन भुगतान, सभी पीडीएस दुकानदारों को 15 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा, आकस्मिक निधन पर श्राद्धकर्म हेतु तीन लाख रुपये सहायता, मकान भाड़ा, ई-पाश मशीन रील और बिजली बिल के एवज में प्रतिमाह तीन हजार रुपये देने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। मंत्री दीपक बिरुआ ने मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने और समाधान का आश्वासन दिया।

## स्पीड न्यूज

### पांच दिनों से लापता महिला का शव डेरवना जंगल से बरामद, सनसनी



**नावा बाजार।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र से पिछले पांच दिनों से लापता महिला प्रियंका देवी उर्फ पूजा का शव नावा बाजार थाना क्षेत्र के डेरवना जंगल से बरामद हुआ है। थाना प्रभारी संजय यादव ने बताया कि तीसीबार दरूवा के द्वारिका मेहता की पुत्री प्रियंका (25) 5 दिनों से लापता थी। मायके वालों ने थाना में लापता की शिकायत की थी। संदेह के आधार पर गड्ढा खोदवाया तो वहां एक महिला का शव मिला। थाना प्रभारी ने तत्काल इसकी जानकारी लापता महिला के परिजनों को दी। तो शव उसी का मिला। जिसके बाद बीडीओ रेणु बाला, इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान, थाना प्रभारी संजय यादव की देखरेख में शव निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए शव को मेदिनीराया मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेजा गया।

### थाना प्रभारी ने की शांति की अपील



**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर टीओपी-2 थाना प्रभारी राकेश कुमार ने क्षेत्रवासियों से सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से नया साल मनाने का आग्रह किया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि हुड़दंग करने वालों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। कहा कि दोपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगायें। वाहन के कागजात रखें।

### वनभोज के साथ नूतन वर्ष का स्वागत



**मोहम्मदगंज।** नूतन वर्ष के स्वागत में प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक सह पर्यटन स्थल भीम चूल्हा, काशी शोत डैम, रेलवे टनल सुरंग, कोयल नदी तट, पहाड़ी शिखर स्थित आईबी भवन, सीता चुआं स्थल सैलानियों के चहलकदमी, वनभोज और मोटर बोट सेवा के आनंद को लेकर गुलजार रहा। मौके पर दंडाधिकरी राहुल कुमार, प्रभंजन कुमार, राजकुमार दास, अविनाश कुमार, थाना प्रभारी नारायण सोरेन, पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी, मुखिया कमला देवी, पंसस ममता देवी, सुशील मेहता भी थे।

### महायज्ञ को लेकर झंडा गाड़ा गया



**पाटन पलामू।** कांके कला में मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा सह सत चंडी महायज्ञ का झंडा गुरुवार को वशिष्ठ नारायण आचार्य ने यजमान उमा दुबे, सपत्नीक एवं महेंद्र पांडे से गड़वाया। मौके पर राजेंद्र, ललू, अशोक तिवारी, सुनील पांडे, चंद्र किशोर पांडे, गिरिजा नंदन सिंह, राधेश्याम पांडे, चिंतामणि पांडे, शंभू देवी, शिवरात्रि देवी, स्वच्छता पांडे, विजय सिंह, भवन यादव, अवधेश, ध्यान मिस्त्री, राम जी शर्मा, प्यारी शाह, वृंदा पासवान, बबलू राम, संजय साह, पूर्व मुखिया माता कलावती कुमार, अकाल देव सिंह, सत्यनारायण सिंह, निरंजन पांडे, रणजीत तिवारी, गिरजानंद पांडे, आचार्य अजय तिवारी आदि उपस्थित थे।

### राजकुमार ने एसओ बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया : संटू चौरसिया



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के मंझिगांवां पंचायत के नगवां निवासी राज कुमार चौरसिया पिता महेंद्र प्रसाद सरकारी स्कूल से शिक्षा प्राप्त कर अभाव में प्रभाव बनकर उभरे। राजकुमार उच्च शिक्षा के लिए रांची पटना में रहकर कड़ी मेहनत की, जिसके बाद सफलता मिली और नियुक्ति हुई। जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। 1 जनवरी 2026 को ज्वाइन करके आने के क्रम में ताली मोड़ पर उनका भव्य स्वागत फूल माला से किया गया। राजकुमार के पिता किसान हैं और अपनी कड़ी मेहनत से अपने पुत्र को पढ़ाया। अच्छी शिक्षा दी और उस मुकाम पर पहुंचाया। मौके पर प्रसाद चौरसिया, अशेष प्रसाद, व्यास राम चौरसिया, लालबहादुर चौरसिया, सुजित चौरसिया, अमरेंद्र प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद, अनिल चौरसिया थे।

### मनातू चौकियां नदी के पास सड़क दुर्घटना



**मनातू (पलामू)।** बुधवार को मनातू प्रखंड के चौकियां नदी के समीप बाइक सवार व्यक्तियों के साथ हुए सड़क हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश दिखा। लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देख आखिरकार संबंधित पथ की मरम्मत करायी गयी। बताया जाता है कि सड़क पर गड्ढे और टूट-फूट के कारण आये दिन वाहन फिसलने की घटनाएं हो रही थीं, जिससे आम राहगीरों को भारी परेशानी भी हो रही थी। जानकारी मिलते ही बिपिन कुमार, विकास साहू (चुन्नू), सुरेंद्र प्रसाद, श्रीकांत कुमार, अमरनाथ सिन्हा, चंदन प्रसाद, संजय प्रसाद एवं किशन मिस्त्री ने पहल कर सड़क मरम्मत करवायी।

### डॉ कौशल ने मृतकों के नाम दिया पौधा



**छतरपुर पलामू।** विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन ऑफ इंडिया डॉ कौशल किशोर जायसवाल व धर्मपत्नी सह डाली मुखिया पूनम जायसवाल और पुत्र सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित जायसवाल ने क्षेत्र के अलग-अलग चार श्राद्ध कर्म में शामिल होकर थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा दान किया। कहा कि पर्यावरण धर्म के पहला मूल मंत्र में जीवन के कोई भी कार्य में पौधा लगाने या दान करने का विधान है। उसी विधान के तहत चारों मृतकों के सेजिया दान के साथ पौधा दान करने से मृतक की आत्मा को शांति मिलेगी है। केवल सेजिया दान से यह संभव नहीं है। डॉ कौशल ने कहा कि दो वर्ष पहले ईटकदाग के स्व ब्रह्मदेव भुईयां के दो पुत्री समेत भूईया समाज के तीन लड़कियों की शादी के चेगवना धाम से कराया गया था।

## भुइयां परिवार ने विधायक के पिता शिवलोचन मेहता को सम्मानित कर दी नववर्ष की शुभकामना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** वर्ष 2026 के प्रथम दिन, भुइयां परिवार की ओर से पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी। नीलांबर-पीतांबरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस परिसर में भुइयां परिवार के कार्यकर्ता ने विधायक की अनुपस्थिति में उनके पूज्य पिता शिवलोचन मेहता को माला एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान विधायक के प्रति आदर और सम्मान की भावना को ध्यान में रखते हुए भुइयां परिवार ने दिया। मौके पर नीलांबर पीतांबरपुर अध्यक्ष अमारिक भुइयां, उपाध्यक्ष मिट्ठू भुइयां, जिला प्रवक्ता रंजय भुइयां, रमेश भुइयां, पांकी प्रखंड अध्यक्ष सोमर भुइयां, सचिव संजय भुइयां, उपाध्यक्ष उपेंद्र भुइयां, कोषाध्यक्ष उदय भुइयां, धीरज भुइयां, तरहसी प्रखंड अध्यक्ष रामबदेश भुइयां, कोषाध्यक्ष महेंद्र भुइयां, उपाध्यक्ष प्रवेश भुइयां, दिनेश भुइयां, सुनील भुइयां, जिला मीडिया प्रभारी शिवपाल भुइयां, मनातू प्रखंड अध्यक्ष पच्चु भुइयां, लालबीर भुइयां, पंसस सह सांसद प्रतिनिधि पूनम देवी, रामदयाल भुइयां, शिवपाल भुइयां समेत अखिल भारतीय भुईयां जागृति विकास मंच के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।



विधायक के पिता को सम्मानित करते लोग।

## नाच गाना मस्ती से नव वर्ष का स्वागत

- हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के पिकनिक स्थल रहे गुलजार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** वर्ष 2025 समाप्त व 2026 का स्वागत सुबह से ही लोगो ने शोशल मीडिया पर बधाई देने की शिलशिला जारी रहा। इसके बाद हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न पिकनिक स्पॉटों पर युवाओं की काफी भीड़ देखी गयी। साउंड पर जगह जगह युवा थिरकते नजर आये। सर्वाधिक भीड़ देवरी सोननदी तट, शहर के नजदीक महाकालेश्वर धाम मुरली पहाड़ी, दंगवार सूर्य मंदिर के समीप सोन नदी तट, मोहम्मदगंज के भीम चुल्हा, सीताचुआ स्थल, कोयल नदी के तटबंध, काशिसोत डैम समेत कई अन्य पिकनिक स्पॉट पर दिखी।





देवरी स्थित सोन नदी के बीचों बीच डीला पर जपला शहर के सैकड़ों युवाओं ने अपनी अपनी टोली बनाकर नये वर्ष का स्वागत किया युवक डीजे साउंड पर जमकर नाचते भी देखे गये। युवाओं ने बताया कि नये वर्ष के आगाज में सुबह से ही सोन नदी के बीचों बीच डीला पर नाव के सहारे पिकनिक मनाने के लिए पहुंच गये थे। देर शाम तक मुर्गा मसलम के साथ जमकर खुशी का इजहार किया गया। लंगरकोट पहाड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण व पहाड़ी क्षेत्र के अलावा महुडंड सहित हुसैनाबाद के पहाड़ी भाग में भी ग्रामीण क्षेत्र के लोग पिकनिक का आनंद लेते देखे गये। वहीं महिला व बुजुर्ग अहले सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना कर नये वर्ष की शुरूआत की। इस मौके पर मध्य रात से ही 2026 का आगाज के साथ एक दूसरे को लोग बधाइयां देते भी देखे गये। अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर सभी पिकनिक स्पॉट पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल के जवान मुस्तैद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी पेट्रोलिंग करते दिखे।वही नववर्ष पर मोहम्मद गंज व हैदरनगर के विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर भी युवाओं की काफी भीड़ देखी गयी।पिकनिक का आनंद लेते देखे गये।

### उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर सड़क जागरूकता रथ को किया रवाना

## वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन बेहद जरूरी है : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को उपायुक्त समीरा एस, डीडीसी जावेद हुसैन व डीटीओ जितेंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित दो जागरूकता रथ को रवाना किया। उपायुक्त ने कहा कि नये साल की शुरुआत के साथ ही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 का आयोजन एक से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। इसके सड़क सुरक्षा सप्ताह का थीम सीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तन आधारित है। उपायुक्त ने पलामू वासियों को नव वर्ष को लेकर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि न्यू ईयर के उपलक्ष्य पर सड़क पर अपनी जिम्मेदारी को और अधिक समझने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से ड्रिंक के पश्चात ड्राइव नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने लोगों से वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन अनिवार्य करने की अपील की। यातायात नियमों के पालन से सड़क पर सुरक्षा बनी रहती है, विशेषकर युवा वर्ग से अपील कर कहा कि जब भी दो पहिया वाहन का प्रयोग करें तो हेलमेट अवश्य पहनें और पूरी सावधानी बरतें। जीवन मूल्यवान है। सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम एवं अपनी सुरक्षा के लिए यातायात के सभी नियमों का पालन बेहद आवश्यक है।

जागरूकता रथ के माध्यम से आमजनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूक किया जायेगा। इस रथ से जिले के प्रमुख चौक -चौराहों/ हाट बाजारों पर यातायात नियमों के पालन हेलमेट और सीट बेल्ट के फायदे से संबंधित ऑडियो/ विडिओ क्लिप लोगों को सुनाये जायेंगे।





हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना करते लोग।

## स्व बजरंगी मिलनसार और समाज के प्रति समर्पित व्यक्ति थे : डॉ शशिभूषण

- स्वर्गीय बजरंगी प्रजापति की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** पांकी प्रखंड के ग्राम पिपरा कला में स्वर्गीय बजरंगी प्रजापति की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा की गयी। श्रद्धांजलि सभा में उनकी जनसेवा एवं समाजहित में किये गये कार्यों को स्मरण किया गया तथा उनकी प्रतिमा पर पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता समेत अन्य लोगों द्वारा माल्यार्पण किया गया। स्व प्रजापति की तीसरी पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनायी गयी। मौके पर विधायक ने कहा कि स्व बजरंगी प्रजापति एक सरल, मिलनसार एवं समाज के प्रति समर्पित व्यक्ति थे।



उन्होंने अपने जीवन में सदैव गरीबों, शोषितों एवं जरूरतमंदों के लिए कार्य किया। ऐसे व्यक्ति समाज के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं, जिनके विचार और कार्य आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा दिखाते हैं। समाज को स्वर्गीय बजरंगी प्रजापति द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर आपसी एकता और भाईचारे को मजबूत करना चाहिए। इस अवसर पर प्रजापति जनकल्याण समूह की सराहना करते हुए कहा गया कि यह समूह जिस समर्पण और कठिन परिस्थितियों में समाज की सहायता कर रहा है, वह अत्यंत सराहनीय है। मौके पर सगालिम पंचायत के मुखिया सुनील प्रजापति, कोनवाई पंचायत के मुखिया बृजदेव सिंह, सुंडी पंचायत के मुखिया लोकनाथ यादव, सामाजिक युवा नेता एवं मंच संचालक परमेंद्र प्रजापति, विजय सिंह सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

### प्रखंड प्रमुख ने उताकी पंचायत में बांटा कंबल



**पाटन पलामू।** प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने उताकी पंचायत में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर शक्ति शंकर गुप्ता सहित कई ग्रामीण थे। पाटन प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि इस वर्ष राज्य सरकार के द्वारा अच्छी क्वालिटी का कंबल गरीबों को दे रही है। उन्होंने राज्य सरकार को गरीबों की सुध लेने के लिए बधाई दी। इस वर्ष कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

### नोक झोंक के बाद सुबह घर में घुसकर मारपीट



**हुसैनाबाद।** बीती रात हुसैनाबाद में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान लड़कों के बीच हुई नोकझोंक में एक लड़का को चोट लग गयी थी, वही विवाद सुबह हिंसक रूप ले लिया। बताया जाता है कि हुसैनाबाद के राजटोली के 8 से 10 युवकों ने पछेयारी जपला के एक घर पहुंच मारपीट की। इसमें तीन युवक घायल हो गये। एक महिला को भी चोटें आयीं। सभी का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। घायलों में किशोर जिसान अली, अहमद अली जैद, नुमान हैदर का नाम शामिल है।

## वनभोज से परिवारिक मिलन को बढ़ावा मिलता है: दीनानाथ तिवारी

- पंडित जगनारायण त्रिपाठी बीएड कॉलेज में वनभोज कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के चियांकी स्थित पंडित जगनारायण त्रिपाठी बीएड कॉलेज में झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी के छोटे भाई धनंजय त्रिपाठी द्वारा वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वनभोज में कॉलेज परिवार के साथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विमला कुमारी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीनानाथ तिवारी के अलावे कई गणमान्य लोग शामिल थे। कॉलेज परिवार द्वारा आयोजित वनभोज कार्यक्रम में सभी ने लिट्टी-चोखा व मिठाई का लुत्फ उठाया। साथ ही आपस में एक दूसरे का परिचय शेयर करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया। मौके पर दीनानाथ तिवारी ने कहा कि वनभोज के सहारे परिवारिक मिलन को बढ़ावा मिलता है। साथ ही वनभोज से आपसी एकता को मजबूती मिलता है वहीं दूसरी ओर व्यक्ति के अंदर छिपी हुई वैमनस्यता भी दूर होता है। उन्होंने कहा कि वनभोज एक माध्यम है जो लोगों को आपस में जोड़े रखता है।



## पर्यटकों से गुलजार रहे पिकनिक स्पॉट मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

- जिले के विभिन्न पिकनिक स्पॉटों पर पुलिस भी रही मुस्तैद
- नये साल का स्वागत लोगों ने अपने अपने तरीके से किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंग्रेजी के नये वर्ष 2026 में एक जनवरी को पलामू जिले के विभिन्न पिकनिक स्पॉटों पर पर्यटकों से गुलजार रहा। वहीं मंदिरों में भक्तों की काफी भीड़ देखी गयी। नये साल का स्वागत लोगों ने अपने तरीके से किया। 31 दिसंबर की मध्य रात्रि से ही लोग पटाखे छोड़ तथा एक दूसरे को बधाई देकर नये साल का स्वागत किया। शहर समेत जिले के विभिन्न प्रखंड, पंचायत व गांवों में युवा वर्ग मध्य रात्रि को ही डीजे के साथ रातभर गानों के धुन पर झूमते रहे। बीच सड़क पर रंगोली बना हैप्पी न्यू ईयर लिखकर स्वागत किया। पर्यटकों को लुभाने के लिए विभिन्न होटल व पिकनिक स्पॉट पर दुकानदारों ने सुंदर व आकर्षक तरीके से सजाया था। जिला में मलय डैम, बटाने डैम, कोयल नदी, अमानत नदी, हडियाही डैम, सुखनदिया डैम, भीमचुल्हा, मोहम्मदगंज बराज, रानीताल में पर्यटकों की भारी भीड़ देखी गयी।



### अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, बाल-बाल बचा चालक



**रामगढ़।** थाना क्षेत्र के सरजा में छठ घाट के पास बुधवार शाम माइंस में पानी पटाने वाला एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें चालक बाल-बाल बच गया। ट्रैक्टर श्याम बिहारी सिंह का है। गाड़ी उनका पुत्र चला रहा था। थाना प्रभारी ओमप्रकाश साह ने गुरुवार सुबह 11 बजे घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। घटना गांव में छठ घाट के पास बनारसी सिंह के घर के बगल में हुई।

### उदय ऑटो जोन यामाहा शोरूम का भव्य उद्घाटन



**पांकी (शिवशंकर पासवान)।** मेदिनीनगर रोड स्थित टीवी एस शोरूम के सामने उदय ऑटो जोन यामाहा शोरूम का उद्घाटन प्रमुख पंचम प्रसाद, भाजपा नेता सह पूर्व मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, मुखिया प्रेम प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि यशवंत वर्मा, सांसद प्रतिनिधि सत्यप्रकाश पांडेय उर्फ चुनमुन पांडेय सांसद मीडिया प्रभारी शिवशंकर पासवान ने किया। संचालक उदय प्रसाद ने अतिथियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि शोरूम खुलने से अब पांकी व आसपास के क्षेत्रवासियों को यामाहा बाइक खरीदने बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

## संजीव पांडेय स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट पर डंडिला का कब्जा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में नव वर्ष के अवसर पर एक दिवसीय संजीव पांडेय स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन मैच डंडीला 11 व मालाकार 11 के बीच खेला गया। जिसमें डंडिल 11 के टीम विजयी रही। इसके बाद दूसरा मैच मार्शल 11 व टेलीकॉम 11 के बीच खेला गया। जिसमे टेलीकॉम 11 की टीम विजयी रही। इससे पहले टूर्नामेंट की शुरुआत नप के कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह ने किया। टूर्नामेंट का आयोजन गुप्ता मोबाइल विजन एवं साक्षी टेडर्स ने किया था। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता नागेंद्र प्रसाद पांडेय व संचालन राजन पांडेय ने किया। वही फाइनल मुकाबला टेलीकॉम 11 व डंडीला 11 के बीच खेला गया।



### विधायक की पहल पर बिजली पोल उपलब्ध, बिजली बहाल

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के बिचलाडीह में कुछ दिन पहले पेड़ गिर जाने से बिजली के 3 पोल टूट गये थे। युवा प्रखंड अध्यक्ष सिद्धार्थ कुमार के जानकारी देने के बाद विधायक ने उस गांव में पोल उपलब्ध करा कर बिजली सुचार रूप से चालू कराया। इस पहल से गांव के लोगों में हर्ष का माहौल है।

### जोमैटो वर्कर्स पलामू की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

**मेदिनीनगर।** पूरा देश नये साल के स्वागत में घर-घर खुशी मनाने में लगा है। वहीं दूसरी तरफ जोमैटो वर्कर्स पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में अपने कानूनी अधिकार श्रम कानून के तहत मजदूरी आदि मांगों को लेकर मजदूर नेता राकेश सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को दूसरे दिन हड़ताल पर डंटे है। श्रमिक कर्मी कार्य का बहिष्कार किये हैं। राकेश ने जोमैटो श्रमिकों को मांग पूरा होने तक एकजुट रहने को कहा।

## अयोध्या के साथ ही मनाया ठाकुरबाड़ी का वार्षिकोत्सव

- आर्यन बाबू और खुशबू शर्मा के गीतों से भक्ति मय बना रहा माहौल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर।** अयोध्या में रामलला का दूसरा वर्षगांठ मनाया गया। वहीं नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड मुख्यालय लेस्लीगंज कोटखास ठाकुरबाड़ी का भी दूसरा वर्षगांठ बुधवार को मना। मौके पर लोकप्रिय गायक आर्यन बाबू और खुशबू शर्मा के गीतों पर दिनभर श्रद्धालु झूमते रहे। जिससे भक्ति में माहौल बना रहा। भक्ति कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि युवा नेता वरुण तिवारी, सोनू सिंह, जिला परिषद पश्चिम के सदस्य आशा देवी, कोट खास पंचायत के मुखिया जूली सिंह एवं राजन सिंह, थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय और सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने किया।



## अवधेश सिंह चेरो हुए राज्य स्तरीय दिशा समिति के गैर सरकारी सदस्य मनोनीत

- भाजपाइयों ने माला पहनाकर और अंग वस्त्र प्रदान कर किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो को राज्य स्तरीय दिशा समिति के गैर सरकारी सदस्य के रूप में मनोनीत करने पर भाजपाइयों ने खुशी का इजहार कर फूल माला तथा अंग वस्त्र देखकर गुरुवार को सम्मानित किया। बताया जाता है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय दिशा समिति के गैर सरकारी सदस्य के रूप में छः लोगों को मनोनीत किया गया है। यह समिति ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा कार्यान्वित सभी विकास योजनाओं का पर्यवेक्षण, निगरानी एवं अनुश्रवण करेगी साथ ही विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवंटन, विमुक्ति, उपयोगिता एवं अवशेष राशि का अनुश्रवण भी करेगी वही गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों में निधि के दुरुपयोग, मार्गदर्शिका के उल्लंघन राशि के विचलन के संबंध में प्राप्त शिकायतों की जांच एवं निष्पादन करेगी। राज्य स्तरीय दिशा समिति के सदस्य मनोनीत किये जाने पर अवधेश सिंह चेरो ने संगठन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि भारत सरकार ने जो जिम्मेवारी सौंपी है उसका निष्ठा पूर्वक एवं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करूंगा ताकि केंद्र सरकार की योजनाओं को झारखंड राज्य में धरातल पर उतर सके।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाजपा समर्थक।

**ये भी रहे उपस्थित**

मौके पर भाजपा सतबरवा मंडल के प्रतिनिधि महेश्वर सिंह, सांसद प्रतिनिधि धीरज कुमार, अनुज चंद्रवंशी, मनोज गुप्ता, अनिल सिंह, पूर्व मुखिया शंभू उरांव, मुखिया प्रतिनिधि श्याम बिहारी प्रसाद, पूर्व पंसस मनोज सिंह, किशुन साव, उमा सिंह, कृष्णा मेहता, शेखर सिंह, नागेंद्र सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## कंबल वितरण में हरतुआ मुखिया के दरवाजे पर उमड़ा जन सैलाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के हरतुआ पंचायत में नववर्ष पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम किया गया। मुखिया अरविंद शुक्ला के दरवाजे पर आयोजित इस कार्यक्रम में कड़ाके की ठंड से राहत के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी।

मौके पर मुखिया श्री शुक्ला ने बुजुर्गों, महिलाओं और असहाय लोगों को प्राथमिकता देते हुए कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों की मदद करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है और आगे भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्य जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर गरीब, असहाय और जरूरतमंद परिवारों को हर संभव सहायता पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।

आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने मुखिया के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत के कई ग्रामीण मौजूद थे। नववर्ष के अवसर पर किये गये इस प्रयास की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।



जरूरतमंदों को राहत का कंबल देते मुखिया व अन्य।

# गोड्डा डीसी के ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता रथ को किया गया रवाना




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** गोपनीय शाखा कार्यालय से डीसी अंजली यादव के द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत सड़क सुरक्षा को लेकर डीटीओ कंचन कुमारी भुदोलिया की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ को रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताएगा। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल से सड़क सुरक्षा में सुधार संभव है। सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रथ को सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इस अवसर पर डीसी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा नशे की हालत में वाहन न चलाएं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और बहुमूल्य जीवन की रक्षा की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लोगों को यातायात नियमों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गुड समैरिटन बनने वालों को अब 25,000 तक की आर्थिक सहायता और सम्मान पत्र दिया जाएगा। मुख्य चौराहों और सड़कों पर नियमित जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। डीसी ने कहा कि यह अभियान लोगों में जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना विकसित करने का प्रयास है। मौके पर जिला परिवहन कार्यालय के कर्मीगण मौजूद थे।

# डीसी ने ईएसएल (वेदांता) प्रबंधन के साथ की बैठक, विधायक उमाकांत रहे उपस्थित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मेसर्स इलेक्ट्रोस्टील लिमिटेड-वेदांता प्रबंधन के साथ संपन्न बैठक के दौरान प्राप्त आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक सुनवाई कर उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश डीसी अजय नाथ झा ने संबंधित पदाधिकारियों को दिया। साथ ही शिकायत निवारण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व सक्रिय बनाने पर बल दिया। बैठक में विधायक-चंदनकियारी उमाकांत रजक डीडीसी शताब्दी मजूमदार एसी मो मुमताज अंसारी एसडीओ चास प्रांजल ढांडा कंपनी के सीईओ रबिश शर्मा फैक्ट्री इंस्पेक्टर सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार आदि उपस्थित रहे। बैठक में कुल 13 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान बीपीओ में बहाल किए गए मजदूरों को ठेकेदारी प्रथा से हटाकर पुनः बीपीओ में बहाल करने पर चर्चा हुई। इस पर एसडीओ चास के नेतृत्व में आगामी 17 जनवरी 2026 को बैठक करने का निर्देश दिया। वहीं रैयत मजदूरों का वेतन वेतन संशोधन नियमावली के अनुरूप निर्धारित करने तथा स्थानीय वेंडर कोड धारकों को कार्य उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। चर्चा के दौरान समान काम के लिए समान वेतन लागू करने अनुभवी मजदूरों को तीन वर्ष की समयावधि में प्रोन्नति देने पर जिला श्रम अधीक्षक को कल्याण बोर्ड गठित करने एवं स्थानीय युवाओं को रोजगार मुहैया कराने को लेकर जिला नियोजन पदाधिकारी- जिला नियोजनालय के माध्यम से स्थानीय युवकों की सूची प्राप्त कर कंपनी में नियोजन का डीसी ने निर्देश दिया।

## एक नजर में

### पेटरवार बीडीओ ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**खेतको।** बढ़ती ठंड व शीतलहर को देखते हुए पेटरवार बीडीओ संतोष कुमार महतो ने गुरुवार को चांपी पंचायत में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करवाया। उन्होंने जिला परिषद एवं स्थानीय मुखिया के उपस्थिति में असहाय बुर्जुग,अनाथ, विधवा एवं दिव्यांगों के बीच कंबल वितरण किए। इस संबंध में बीडीओ ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से प्रदत्त कंबल जरूरतमंदों को दिया जाए,ताकि उन सब को ठंड से बचाया जा सके,वैसे लोगो से अपील है कि ठंड को देखते हुए सुबह सवेरे ज्यादा जरूरी होने पर ही अपने घरों से बाहर निकले तो सिर एवं कान को गर्म कपड़े से बांधकर ही निकले ताकि ठंड के प्रकोप से प्रभावित होने से बचें । मौके पर जिला परिषद सदस्य माला कुमारी,मुखिया रीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि सीताराम मुर्मू पूर्व मुखिया श्रीराम हेब्रम, पूर्व उप मुखिया भुनेश्वर महतो वार्ड सदस्यगण आदि लोग मौजूद थे।

### समाजसेवी बबीता देवी ने सैकडों असहायों और जरूरतमंद के बीच किया कंबल वितरण



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 27 स्थित सिंह नगर में गुरूवार को समाजसेवी सह वार्ड के भावी प्रत्याशी बबीता देवी ने सैकेंडो, विकलांग, वृद्ध महिला व पुरुष सहित असहायो और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। कहा कि चिन्हित कर अन्य गरीब लोगों के बीच कंबल वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अगर आपको भगवान कुछ दिया है तो गरीब निसहाय लोगों को मदद करने का काम करें, दान देने से घटता नहीं है। गरीब का दुआ बहुत काम आता है। उनके निवास स्थान पर सैकड़ों कीसंख्या में जरूरतमंद मौजूद थे। जो अपनी अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। मौके पर डब्लू सिंह, वृज विहारी पाण्डेय, जवाहर लाल यादव, प्रशांत सिंह, नरेश गुप्ता, रंजीत सिंह, मुन्ना चौघरी, गुडिया देवी, रूबी देवी, बेवी देवी, पुनम देवी, सुशीला देवी, प्रियंका कुमारी, अशोक सिंह, मनोज सिंह, दयाशंकर सिंह, जनेश्वर सिंह, बिक्की सिंह, रंजन सिंह, फतीजन सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### स्वांग दुर्गा मंदिर परिसर मे 19 से 27 जनवरी तक आयोजित होगा श्री श्री शतचंडी महायज्ञ





**गोमिया।** बीते कई वर्षों की तरह इस साल भी स्वांग कोलियरी के न्यू माइनस कॉलोनी में स्थित दुर्गा मंदिर के परिसर में काफी भव्य तरीके से श्री श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन 19 जनवरी से 27 जनवरी तक हो रहा है। जिसमें कथा वाचक परम पूज्य साध्वी दीदी लक्ष्मी रामायणी जी, स्थान वृन्दावन धाम की संगीतमय प्रवचन और यज्ञाचार्य सुनील कुमार शास्त्री वाराणसी के रहेंगे यज्ञ कमेटी के सचिव विजय सिंह और कोषाध्यक्ष मनोज सिंह और परमानंद झा ने बताया कि नगरवासियों के उत्साहवर्धक सहयोग से यज्ञ की तैयारी काफी जोर शोर से चल रही है इस पूरे पूजा को सफल बनाने के लिए सीसीएल प्रबंधन और कई सामाजिक कार्यकर्ता से भी पूजा समिति को काफी सहयोग मिल रहा है।

### हवन के साथ हरिनाम संकीर्तन संपन्न



**दुमका।** शहर के धर्मस्थान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में नववर्ष पर आयेजित हरिनाम संकीर्तन का समापन गुरुवार को हो गया। वर्ष 2025 के अंतिम दिन 31 दिसंबर की दोपहर से हरिनाम संकीर्तन शुरू हुआ जो दूसरे दिन वर्ष 2026 के पहले दिन 1 जनवरी के दोपहर में समाप्त हुआ। नव वर्ष पर आयोजित कीर्तन में काफी संख्या में भक्त जुटे थे। धर्मस्थान मंदिर के पुरोहितों के देख-देख में आयेजित विशेष पूजन के साथ कीर्तन के बाद हवन के साथ समापन हुआ। इस दौरान कीर्तन मंडली द्वारा हरे राम हरे कृष्ण की धुन वर कीर्तन करते रहे। वहीं दुमका के अन्य मंदिरों गिरानपाड़ा के श्रीश्री 108 गिलानेश्वर नाथ महादेव मंदिर, डंगालपाड़ा मंदिर, गोपाल मंदिर, टाटा शोरूम स्थित साईं मंदिर सहित अन्य जगहों में भी अखंड 24 प्रहर संकीर्तन का समापन किया गया। समापन के अवसर पर हवन का आयेजन किया गया। हिवन के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का विरतण किया गया। मौके पर धर्मस्थान मंदिर में कमेटी के सदसय अमर गुप्ता, दीपक स्वर्णकार, पंडित नेपाल चन्द्र झा सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

### हथिया पत्थर के पिकनिक स्थल पर टेकमेक इंजीनियरिंग वर्कस का वनभोज आयोजित



**बेरमो।** टेकमेक इंजीनियरिंग वर्क्स की ओर से फुसरो स्थित हथियापथर पर वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केक काटकर नए वर्ष 2026 का स्वागत किया गया, उपस्थित लोगो ने एक दूसरे को बधाई दी। यहां सामूहिक वनभोज का लुत्फ भी लोगो ने उठाया। यहां राजेश राठी ने बताया की वर्ष के पहले दिन आपस में मिलजुल कर सभी के लिए हथिया बाबा से मंगलकामना की गई। यहां मुख्य रूप से अशोक राठी, प्रेम गोयल, दामोदर दास पेड़ीवाल, मिक्की त्रेहान, छीतरमल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राजेश राठी, सुरेंद्र गोयल, शिवांशु राठी, बेरमो प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कृष्ण चांडक, अमर चांडक, विजय अग्रवाल, प्रकाश राईका, नवीन गोयल, सुशील पेड़ीवाल, रविंद्र कुमार, शंभू यादव, हरिकिशन अग्रवाल, वरुण राठी, बुधन रजक, सरकार दा, बलदेव रजक, पिंटू रजक, लालमोहन महतो, बंटी रजक, राजू रजक, गल्लू रजक, बिनोद कुमार, पुरन रजक, जितेंद्र साव सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### दुमका : सड़क हादसे में जिला परिषद सदस्य के पति की मौत

**दुमका।** जिले के हंसडीहा की हाईवे में रफ्तार का कहर साल के अंतिम दिन तक जारी रहा। हंसडीहा दुमका मुख्य मार्ग पर हंसडीहा थाना क्षेत्र के नोनीहाट चम्पातरी के समीप दो बाईक की आपस में हुई जोरदार टक्टर में रामगढ़ क्षेत्र से जिला परिषद सुलोचना देवी के पति नवगोपाल माल की मौत हो गई। नवगोपाल रामगढ़ थाना क्षेत्र के धोबनी गांव के रहने वाले थे। और पारा शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। इस हादसे रामगढ़ थाना क्षेत्र के सुसनिया गांव निवासी रंजीत कुंवर गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि मृतक बाईक से नोनीहाट के रास्ते वापस घर लौट रहे थे इसी दौरान हादसा हुआ। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें दुमका मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया जहां ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी थी।

### बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष ने किया कंबल का वितरण



**बेरमो।** बढ़ती ठंड और जानलेवा शीतलहर को देखते हुए इन दिनों पुरे अनुमंडल में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा गरीबो, मजलूमो, जरुरतमंदों तथा मजबूरो के बीच सरकार द्वारा प्रदत कंबल का वितरण लगातार जारी देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष सुनिता देवी द्वारा गोमिया के विभिन्न सुदूर क्षेत्रों में कंबल का वितरण किया। इस मौके पर उनके साथ समाजसेवी चितरंजन साव, गोमिया बीडीओ महादेव महतो मुखिया ममता देवी, मुकेश कुमार आदि दर्जनों लोग शामिल थे। कंबल वितरण कार्यक्रम की शुरूआत जिप अध्यक्ष देवी ने कोदवाटांड पंचायत के मुंडा टोला से की जो आगे तुलबुल पंचायत के बिरहोर टांड तक चली। इस कार्यक्रम के द्वारा सैकड़ों जरुरतमंदों को कंबल दिया गया। कंबल पाकर गरीबों मे खुशी देखी गई। इस कार्यक्रम में कई लोग तो ऐसे पहुचे थे जिसे देख साफ पता लग रहा था कि वास्तव में सरकार की यह राहत कार्यक्रम काफी सराहनीय है। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि गरीबो की सेवा से बढ़कर कोई दुसरी सेवा नही। उन्होंने कहा कि गरीबों को राहत पहुचा कर उन्हें काफी आत्मीय शांति मिली है।

### चास नगर निगम ने की महिला-पुरुष नि:शुल्क आश्रयगृह की व्यवस्था



**बोकारो।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए दीनदयाल अंत्योदय योजनाझराष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत चास नगर निगम द्वारा आश्रयविहीन लोगों के लिए प्रभावी मानवीय पहल की गई है। नगर निगम की ओर से महिला आश्रय गृह आईटीआई मोड़ चास तथा पुरुष आश्रय गृह कम्युनिटी हॉल जोधाडीह मोड़–हनुमान मंदिर के समीप चास में नि:शुल्क आश्रय की व्यवस्था की जा रही है। पुरुष आश्रयगृह में 15 बेड एवं महिला आश्रयगृह में 20 बेड की व्यवस्था की गई है। आश्रयविहीनों के लिए बेड तकिया कंबल मच्छरदानी एवं रूम हीटर की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही मानक प्रकाश व्यवस्था तथा मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। रेस्क्यू के माध्यम से लाए गए असहाय निर्बल एवं शहरी गरीब आश्रयविहीनों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराने के लिए दाल–भात केंद्र से जोड़ा गया है जिससे उन्हें नियमित रूप से भोजन मिल सके।

# दुमका में नववर्ष की रही धूम, मसानजोर में बिहार और पश्चिम बंगाल से भी जुटे पर्यटक

**डीजे पर थिरके युवा**
**लजीज व्यंजन का लिया आनंद**





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** नए साल के 2026 के स्वागत में दुमका के साथ मसानजोर व आसपाल के पिकनिक स्पॉटों पर दिन भर जश्न का माहौल रहा। नए साल की खुशी का आलीम यह रहा की लोग कड़ाके की ठंड की परवार किए बिना सामान के साथ पिकनिक मनाने निकल पड़े। गुरुवार की सुबह से ही नए साल के उत्साह से सराबोर लोगों ने दुमका शहर के आसपास के पिकनिक स्पॉटों कुरूवा, बास्कीचक, सेल्फी ब्रिज, तातलोई, चूटोनाथ, पुसोरो नदी घाट, हिजला नदी, बिजयपुर नदी घाट सहित अन्य स्थानों पर जाकर पिकनिक काक लुत्फ उठाया। साथ ही मसानजोर, दिग्लपहाड़ी, कैराबनी डैम, सिलंगी, नारगंज सहित अन्य स्थानों पर भी पिकनिक मनाने वाले पहुंचे। यहां का मसानजोर एक ऐसा पिकनिक स्थल हैं, जहां नववर्ष पर पिकनिक मनाने के लिए पश्चिम बंगाल से आने वाले सैलानियों का भी जमघट लगता हैं। वहीं दुमका शहर के दुमका पार्क, सिदो-कान्हू शौय स्मारक पार्क, कुरूवा पार्क दुमका शहर से सटा हैं। यहां पर दिन भर बच्चों की भीड़ लगी रही। बच्चों ने झुले में झुलकर खुब मौज-मस्ती की। बच्च्चों के साथ काफी संख्या में अभिभावक भी पार्क में पहुंचे थे। बास्कीचक, सैल्फी ब्रिज, हरिपुर, बिजयपुर और नेतुरपहाड़ी आदि पिकनिक स्पॉटों में लोगों की भीड़ लगी रही। युवाओं की टोली ने डीजे लेकर पिकनिक स्पॉट पर पहुंचे और खुब मौज-मस्ती की। नववर्ष को लेकर पर्यटन स्थल मसानजोर में जनसैलाब उमड़ी थी। यहां पर पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड के विभिन्न गांव शहर से सैलानियों की अपार भीड़ उमड़ी थी। वाहन पार्किग की समस्या उत्पन्न हो गई थी। पहाड़ की तलहट्टी, डैम के किनारे, मयूराक्षी नदी गर्भ के बड़े चट्टानों में हजारों की संख्या में सैलानियों ने पिकनिक का लुत्फ उठाया। लजीज व्यंजन के साथ साउंड सिस्टम में पर्यटक जमकर थिरके। सभी उम्र के महिला, पुरूष, बच्चे पिकनिक में शामिल थे। मसानजोर डैम में पिकनिक के साथ-साथ सैलानियों ने बोटिंग का भी भरपुर आनंद उठाया। इस बार मसोनजोर डैम में कई बोट व नाव भी चल रहे थे। डैम में झारखंड एंव पश्चिम बंगाल सरकार के द्वारा बनाया गया रेस्ट हाउस पर भी सैलानियों ने सैर किया। परन्तु ईको कॉटेज के मुख्य गेट पर सुरक्षा गार्ड रहने के कारण सैलानियों को अंदर नही जाने दिया जा रहा था जिसके कारण लोगों में मायूसी थी। अंदर वही लोग जा सकते थे जो लोग कमरा बुक कराया था। बाकी को नही जाने दिया जा रहा था। पर्यटक स्थल मसानजोर में उमड़ी भीड़ को नियंत्रण को लेकर गुरुवार को मसानजोर पुलिस की खास चौकसी बढ़ाई गई थी। दुमका-सिउड़ी मुख्य पथ पर ट्रकों की नो इंट्री लगाई गई थी। पर्यटकों के वाहन के अलावे सवारी बस की मसानजोर में प्रवेश की अनुमति थी। ट्रक कंटेनर समेत अनय भारी वाहनों के प्रवेश वर्जित रखा गया था। चौक-चौराहे पर पुलिस की पैनी नजर थी।

# सड़क हादसे में एसआइ हेमंत भगत की मौत, 1 जवान घायल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सड़क दुर्घटना में शिकारीपाड़ा में तैनात एसआई हेमंत भगत के पार्थिव शरीर को गुरूवार को सलामी देकर अंतिम विदाई दी गई। मृतक एसआई लोहरदग्गा जिला के भंडरा थाना क्षेत्र के पोड़ाह गांव निवासी है। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात दो गिट्टी लदे ट्रकों के आपस में टकर हो गई। हादसे के शिकार घायल चालक और खलासी समेत चार लोगों को इलाज के लिए शिकारीपाड़ा, सीएचसी में भर्ती कराया गया। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के बाद एसआई हेमंत भगत सड़क पर सुचारू रूप से यातायाता बहाल करने के लिए दोबारा घटनास्थल पहुंचे। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कोर्पियो की चपेट में आने से उनकी मौत मौके पर ही हो गई। जबकी देवकी प्रजापति नामक एक पुलिस जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में एसआई और जवान को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने एसआई हेमंत भगत को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर एसआई के परिवार दुमका पहुंचे। जहां पुलिस लाईन मैदान में एसआई हेमंत भगत के पार्थिव शरीर को एसपी पितांबर सिंह खेरवार समेत पुलिस परिवार ने शोक सलामी देते हुए पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए नम आंखों से विदाई दिया।

# बेरमो कोयलांचल क्षेत्र में नववर्ष धूमधाम से मना





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल क्षेत्र में नये साल 2026 के उल्लास में लोग गुरूवार को दिन भर डूबे रहें। लोगों ने नये साल की पहली सुबह में शहर के विभिन्न मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की और मत्था टेककर अपने अपने परिवार की सूख-समद्धि की कामना की नये साल पर लोगों ने क्षेत्र के फुसरो स्थित हथिया पत्थर धाम, करगली गेट फिल्टर प्लांट के समीप, बालू बैंकर, दामोदर नदी तट, चलकरी के समीप, ढोरी खास आदि जगहों से सटे दामोदर नदी के तट पर अपने परिवार व दोस्तों के साथ पिकनिक का आनंद लिया। फुसरो बाजार स्थित अशोका गेस्ट हाउस में 4 स्टार ग्रुप के मित्रों के साथ नए वर्ष 2026 का जश्न केक काटकर मनाई। इस अवसर मुख्य रूप से भाजपा नेता अशोक मिश्रा बृजेश मिश्रा, प्रभाकर मिश्रा, राकेश मिश्रा आदि दर्जनो लोग शामिल थे। वहीं ज्यादातर लोगों ने अपने-अपने घरों में ही कर्ड प्रकार के व्यंजन बनाकर नये साल का आनद उठाया। शहर में कई संस्थानों ने अपने सहयोगियों व दोस्तों के साथ नया साल मनाया. फसरो स्थित ढोरी बस्ती के बाबा गणपतिधाम में लोगों ने पूजा-अर्चना कर लगे मेला का आनंद उठाया। यहां बच्चों महेलाओं, युवक-युवतियों की अच्छी भीड़ देखी गयी। फुसरो शहर के विभिन्न पिकनिक स्थल पर लोग जूटे थे। डीजे की धन पर यवाओं की टोली जगह-जगह नाच-गाकर नया साल का जश्न मना रही थी। बच्चे भी खब मस्ती कर रहे थे। लोग पूरी तरह नये साल आगमन के जश्न में ड्रबे थे। प्रकृति की खूबसूरत वादियों को देख सैलानी गदगद थे। इसके पूर्व नए वषे का आगाज होते ही लोगों में जोश और उमंग भर आया। मंगलवार की देर रात्रि तक लोगों ने जागकर नए साल का स्वागत किया, मध्य रात्रि 12 बजे नए साल का प्रारंभ होने के साथ ही लोगों ने केक काटे पटाखे छोड़े तथा एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी बेरमो क्षेत्र के विभिन्न स्थानों फ्सरो बाजार, पुराना वीडियो ऑफिस, करगली बाजार, करगली गेट, स्भाष नगर, जवाहर नगर, मकोली, सेंटर कॉलोनी, पिछरी इत्यादि स्थानों पर युवाओ ने डीजे की धुन पर नाच गाने करते हुए नए साल का स्वागत किया।

# बीएसएल से 10 अधिशासी एवं 33 अनाधिशासी सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गयी विदाई






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से दिसंबर 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले कुल 10 अधिशासी एवं 33 अनाधिशासी कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ईडी-एचआर राजश्री बनर्जी उपस्थित रहीं। सीजीएम-एचआर अंजनी कुमार शरण ने मुख्य अतिथि तथा आगंतुकों का स्वागत किया। एजीएम डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को अंतिम निपटान एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारियां प्रदान कीं तथा प्रत्येक कर्मी का परिचय प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सुश्री बनर्जी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को उनकी निष्ठा समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बधाई दी तथा उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र एवं उपहार भी भेंट किए। अंत में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन एवं ईडी-एचआर राजश्री बनर्जी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों तथा उनके परिवारजनों से मुलाकात की तथा उनके सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन एजीएम डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने किया। बीएसएल के निदेशक प्रभारी कार्यालय में कार्यरत सीजीएम लक्ष्मी दास के लिए आयोजित एक अन्य विदाई समारोह में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन एवं ईडी सहित विभिन्न विभागों के सीजीएम एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। सभी ने बोकारो स्टील प्लांट में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की तथा उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# बोकारो शब्द सरिता महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर डीसी ने की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** जिला प्रशासन द्वारा शिबू सोरेन स्मृति भवन सभागार में 7-8 जनवरी 2026 को प्रस्तावित बोकारो शब्द सरिता महोत्सव-हर किताब एक नई दिशा दिखाती है के सफल आयोजन सुनिश्चित करने तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर गोपनीय कार्यालय कक्ष में डीसी अजय नाथ झा ने बैठक किया। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने महोत्सव की पूर्व तैयारी कार्यक्रम स्वरूप संसाधन व्यवस्था सुरक्षा तथा समन्वय जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उचित समन्वय, साफ-सुथरी व्यवस्था समय-बद्ध तैयारी तथा समाज के हर वर्ग की सहभागी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में महोत्सव की जन-भागीदारी बढ़ाने सफाई यातायात प्रबंधन स्वास्थ्य सहायता सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रचार-प्रसार जैसे कार्यों की विस्तृत समीक्षा भी की गई। डीसी ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य सांस्कृतिक साहित्यिक तथा सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी जुड़ाव को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार एनडीसी प्रभाष दत्ता डीपीआरओ रवि कुमार डीएसओ हेमलता बुन डीडीएमओ शक्ति कुमार आदि उपस्थित थे।

# नये साल पर मस्ती से पहले भक्ति

## पिकनिक का दिन पर भक्ति का संकल्प

### छिन्नमस्तिका मंदिर में मां के दर्शन-पूजन का तांता लगा रहा, दिउड़ी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, धनबाद के मंदिरों में विशेष पूजा

खबर मन्त्र टीम

**नववर्ष** 2026 के पहले ही दिन झारखंड में धार्मिक आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। आमतौर पर एक जनवरी को लोग पहाड़ों, नदियों और खूबसूरत वादियों में पिकनिक मनाने जाते हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु ऐसे भी हैं, जिन्होंने कहा 'पिकनिक बाद में भी हो जायेगा, नये साल की शुरूआत मां के दर्शन से ही करेंगे'। श्रद्धालुओं के अनुसार, मां के चरणों में माथा टेककर उन्होंने नये वर्ष में सुख, शांति और सकारात्मक जीवन की कामना की है। राजधानी रांची से करीब 60 किलोमीटर दूर तमाड़ में प्राचीन कालीन मां दिउड़ी मंदिर में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन को स्पर्श दर्शन बंद करना पड़ा। श्रद्धालुओं ने मुख्य द्वार पर ही पूजा-अर्चना कर नये साल की शुरूआत देवी मां के आशीर्वाद के साथ की।

#### राष्ट्रीय राजमार्ग तक पहुंची कतार

देउड़ी मंदिर में पूजा को ले कर रात 12 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगने लगी थी। पुजारी मनोज पंडाके अनुसार आमतौर पर मंदिर के कपाट सुबह 4 बजे खुलते हैं लेकिन नववर्ष के अवसर पर रात 2 बजे ही कपाट खोल दिये गये थे। भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर से बाहर निकलकर लाइन राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस रोड तक पहुंच गयी। घंटों इंतजार के बाद भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि मां दुर्गा की साढ़े तीन फुट ऊंची और 16 भुजाओं वाली प्रतिमा, जो इसे दूसरे मंदिरों से अलग बनाती है। मान्यता है कि यह मंदिर करीब 700 साल पुराना है और इसका निर्माण 12वीं से 13वीं शताब्दी के बीच माना जाता है। यह मंदिर न सिर्फ रांची बल्कि पूरे झारखंड और देश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। मंदिर में समय-समय पर देश के बड़े नेता एवं मंत्री और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी पूजा-अर्चना करने अक्सर आते रहते हैं।

**मां कल्याणेश्वरी में भारी भीड़ :** कोयलांचल और शिल्पांचल के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों में अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। धनबाद के शक्ति मंदिर, कतरास का लिलोरी स्थान, गोबिंदपुर के भुईफोड़ मंदिर, मैथन के बालाजी मंदिर में दर्शन के लिए लंबी-लंबी कतारें देखी गईं. श्रद्धालु अपने परिवार के साथ मंदिरों में पहुंचे और मां की आराधना की। पूजा के दौरान भक्तों ने आराध्य देवताओं को फूल, फल, और अन्य पूजा सामग्री अर्पित कर उनकी कृपा की कामना की।

## पूजा के बाद लोगों ने उठाया पिकनिक का लुत्फ

**नववर्ष** 2026 के पहले दिन देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल मां छिन्नमस्तिका मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी> माता का दर्शन और पूजन को लेकर भारी संख्या में भक्त पहुंचे। भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। पूजा के साथ-साथ लोग परिवार और दोस्तों के साथ दामोदर और भैरवी नदी के संगम के किनारे पिकनिक भी मानते देखे जा रहे हैं। सुबह 4:00 बजे मंदिर का पट खुलने के बाद सर्वप्रथम मां की पूजा-अर्चना के बाद आरती की गयी, उसके बाद से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। पहले दिन न सिर्फ झारखंड से, बल्कि बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दरबार में पहुंचे हैं।

**पूजा के बाद पिकनिक :** प्रकृति की गोद में दामोदर और भैरवी नदी के किनारे बसे मां के आंगन के आसपास विभिन्न पिकनिक स्पॉट हैं, जो यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए खासा आकर्षण का केंद्र हैं। इन स्पॉटों पर दर्जनों लोग पिकनिक मनाते नजर आये। भक्तों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसका ख्याल रखा जा रहा है। पुलिस बल सुरक्षा के दृष्टिकोण से जगह-जगह तैनात थे। मंदिर के वरिष्ठ पुजारी सुबोध पंडा ने बताया कि सुबह से ही भक्त माता की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे।







### भजन, आरती और खीर का भोग

मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, आरती और खीर के भोग का आयोजन किया गया. रात 12 बजे से शाम तक श्रद्धालुओं की निरंतर भीड़ देखने को मिली. घंटों कतार में लगे रहने के बावजूद लोगों के चेहरे पर भक्ति और संतोष साफ झलकता रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा. मंदिर और आसपास के इलाकों में पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई, ताकि दर्शन सुचारू और सुरक्षित तरीके से पूरे हो सके।नये साल के पहले दिन मां के चरणों में आशीर्वाद लेना ही हमारे लिए सबसे बड़ी पिकनिक है। नया साल 2026 तमाड़ की धरती पर मौज-मस्ती नहीं बल्कि भक्ति, अनुशासन और आस्था के नाम रहा। मां दिउड़ी देवी के दर पर उमड़ी यह भीड़ बताती है कि आज भी सनातन परंपरा में आस्था की जड़ें उतनी ही मजबूत हैं और नए साल की सबसे पवित्र शुरूआत, मां के चरणों से ही होती है।

## बाबाधाम और बासुकीनाथ में उमड़े श्रद्धलु, जलाभिषेक कर मांगा आशीर्वाद

खबर मन्त्र टीम

**नये साल** के अवसर पर बाबा धाम में श्रद्धालु दर्शन के लिए अहले सुबह से ही बैद्यनाथ मंदिर में पहुंचते रहे। सभी ने बेहतर भविष्य के लिए भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। वहीं मंदिर प्रबंधन की ओर से श्रद्धालुओं की सुख एवं सुविधा का ख्याल रखा गया।

#### वीआईपी दर्शन पर रोक

श्रद्धालु शिवलिंग का जलाभिषेक कर अच्छे भविष्य की कामना कर रहे हैं। भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने वीआईपी दर्शन की 1 जनवरी तक रोक लगा दी थी। दर्शन कूपन पर रोक लगा है। मंदिर में बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। कई ऐसे पॉइंट्स बनाये गये हैं, जहां से श्रद्धालुओं के आने-जाने पर नजर रखी जा रही है।


#### एक लाख श्रद्धालु पहुंचे बाबाधाम

दूसरे राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने कहा कि देवघर का बैद्यनाथ धाम द्वादश ज्योतिर्लिंग के साथ-साथ माता शक्ति का भी पीठ है. श्रद्धालु प्रवीण कुमार ने बताया कि नए साल पर हर कोई बाबा बैद्यनाथ का आशीर्वाद लेकर अपने जीवन की शुरूआत करता है. इसलिए आज वह अपने परिवार के साथ बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे हैं।

मंदिर के तीर्थ पुरोहित बाबा अमित ने बताया कि सुबह से ही मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। देर शाम तक एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया।

सुबह से करीब एक किलोमीटर तक लंबी लाइन लगाकर श्रद्धालु पूजा करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। इस वर्ष पिछले साल की तुलना में अत्यधिक भीड़ रही।





### बासुकीनाथ भी पहुंचे हजारों श्रद्धालु

नये साल पर फौजदारी दरबार बाबा बासुकीनाथ मंदिर में श्रद्धालु आस्था के साथ मंदिर पहुंच रहे हैं। नववर्ष का शुभारंभ पूजा अर्चना से करने वाले श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर का पट खुलने के साथ ही पूजा अर्चना के लिए उमड़े। श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध तरीके से मंदिर में प्रवेश कराकर सुगमतापूर्वक पूजा अर्चना कराया जा रहा है। दूर से आने वाले श्रद्धालुओं ने नववर्ष के आगमन पर बाबा बासुकीनाथ धाम में पूजा अर्चना कर खुशी जाहिर की तथा अपने स्वजनों के सुख समृद्धि के लिए भोलेनाथ से मंगल कामना की। भीड़ नियंत्रण के लिए बासुकीनाथ प्रवेश के सभी चेक प्वाइंटों पर वरीय दंडाधिकारी के साथ-साथ पुलिस बल की तैनाती की गयी थी।




## पेरवाघाघ जलप्रपात बना 2026 का नया नेचर हॉटस्पॉट



**नये साल** के मौके पर झारखंड के अलग-अलग जलप्रपातों पर लोग पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं। नये साल के स्वागत के साथ झारखंड की राजधानी रांची और आसपास के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का सैलाब उमड़ पड़ा है। खूंटी जिले के जलप्रपात इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

**उभरता पर्यटन स्थल पेरवाघाघ :** खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड में स्थित पेरवाघाघ जलप्रपात सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में होने के बावजूद अपनी प्राकृतिक खूबसूरती से लोगों को आकर्षित कर रहा है. कुछ वर्ष पहले तक दुर्गम रास्तों और सुविधाओं की कमी से यहां आने वाले कम थे, लेकिन सोशल मीडिया और पर्यटन जागरूकता ने इसकी पहचान बढ़ाई है। यहां झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे। परिवारों ने झरने के किनारे पिकनिक मनायी। बच्चों ने पानी में मस्ती की और युवाओं ने फोटोग्राफी का आनंद लिया। ऊंचे पहाड़ों से गिरता दूधिया झरना और घनी हरियाली पर्यटकों को सुकून दे रही है।

**रानी फॉल पहुंचे पर्यटक :** पर्यटकों की बढ़ती संख्या से स्थानीय दुकानदारों, चाय-नाश्ते की ठेलियों और छोटे व्यवसायियों की आजीविका में इजाफा हो रहा है। क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं और पिछले तीन वर्षों में पर्यटक संख्या में निरंतर वृद्धि दर्ज की गयी है। पेरवाघाघ तक जाने वाली सड़कें जर्जर और उबड़-खाबड़ हैं, जिससे वाहनों को परेशानी होती है। पर्यटक मानते हैं कि पेरवाघाघ अन्य जलप्रपातों से कई गुना खूबसूरत है, यदि सुविधाएं और सुरक्षा बेहतर हों तो यह झारखंड का प्रमुख पर्यटन केंद्र बन सकता है।




## अब, झारखंड से बाहर के सैलानियों को भी लुभायेगा बाघमुंडा वाटर फॉल

### सैलानियों को आकर्षित करने के लिए यहां बनेगा कैफेटेरिया, सेल्फी जोन और वॉच टावर

सुधीर

**रांची।** झारखंड के गुमला जिले में स्थित आकर्षक झरना बाधमुंडा वाटर फॉल पर्यटकों के लिए हॉटस्पॉट बन गया है। नववर्ष के पहले दिन हजारों की संख्या में पर्यटक यहां पहुंचे और यहां की मनोरम वादियां और झारखंड के सबसे बेहतरीन जलप्रपात का लुत्फ उठाया। पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। गुमला में स्थित आकर्षक और खूबसूरत बाघमुंडा जलप्रपात में पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ने वाली है। जल्द ही झरने के पास कैफेटेरिया, सेल्फी जोन और वॉच टावर का निर्माण किया जायेगा, जो टूरिस्ट को अपनी ओर खींचेगा। इसके साथ ही पार्किंग की भी पुख्ता व्यवस्था की जायेगी। यह जंगल, नदी एवं पहाड़ के बीच मौजूद प्रकृति की अद्भुत छटा है। इसके मनमोहक दृश्य सैलानियों को अपनी ओर खींचते हैं। दक्षिण कोयल नदी की इतरा कर बहती जलधारा जब पत्थरों के विशाल ढेर के बीच टकराती है, तो इसकी मधुर आवाज कानों को सुकून देती है। पहाड़ों से टकराने के लिए नदी का पानी तीन दिशाओं में बहता है। इसी वजह से यह खूबसूरत पर्यटन स्थल पिकनिक स्पॉट के रूप में विख्यात है। बाघमुंडा जलप्रपात के प्रति सैलानियों के बढ़ते आकर्षण को देखते हुए गुमला पर्यटन विभाग ने इसके विकास की योजना तैयार की है।



**कैसे पड़ा बाघमुंडा नाम :** बाघमुंडा जलप्रपात कोयल नदी के पत्थरों के विशाल ढेर के बीच सात धाराओं में परिवर्तित करते तीन अलग-अलग दिशाओं में बहती है। पत्थर के इस विशाल ढेर के बीच एक पत्थर जो कि बाघ के सिर के आकार का है। जिससे टकराकर पानी नदी में गिरती है। इसी कारण इस जलप्रपात का नाम बाघमुंडा पड़ा। टूरिज्म विभाग की भी इस पर विशेष नजर है। बाघमुंडा में पर्यटकों की सुविधा के अनुसार काम होगा। चूंकि, यह गुमला जिले के सबसे महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों में से एक है। यही कारण है कि बाघमुंडा के विकास पर टूरिज्म विभाग की विशेष नजर है।

बाघमुंडा जलप्रपात का मनमोहक दृश्य

इस मनमोहक पर्यटन स्थल पर वॉच टावर बनाने की भी तैयारी हो रही है। इसके लिए जगह चुन लिया गया है। सैलानी वॉच टावर से बाघमुंडा जलप्रपात के मनोरम दृश्य व आसपास के जंगलों की खूबसूरती को देख सकेंगे। इसके साथ ही बाघमुंडा जलप्रपात में उतरने वाली सीढ़ी में रेलिंग का निर्माण किया जायेगा। अभी सीढ़ी में रेलिंग नहीं होने के कारण पर्यटकों को परेशानी व असुरक्षा महसूस होती है। इसलिए प्रशासन ने पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सीढ़ी में रेलिंग बनाने की भी योजना तैयार की है।

### बरसात में दिखता है अद्भूत नजारा

बाघमुंडा की नदी की तेज धारा व तीन दिशाओं से बहने वाले पानी का अदभुत नजारा सिर्फ बरसात में दिखता है। लेकिन, इस जगह की जो बनावट है। यह लोगों को पूरे साल अपनी ओर खींचती है। यह एक बड़ा कारण है कि गर्मी, सर्दी और बारिश, मौसम चाहे कोई भी हो। यहां सालों भर सैलानियों की भीड़ रहती है। हालांकि, यह पिकनिक स्पॉट भौतिक सुख सुविधाओं से वंचित है। इतना ही नहीं इसके प्रवेश द्वार पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर, राह में स्थित महादेव कोना एवं पास में स्थित धनसिंह टोला जलाशय को जोड़ दें, तो बनने वाले गोल्डन ट्राइंगल का आकर्षण इसे स्वत: विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाने का बोध करने लगता है।